सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 11 नवम्बर , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 304, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 319 अंकों की उछाल

शेयर बाजार में तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और सेंसेक्स 319 .07 अंक चढ़कर 83,535 .35 अंक पर बंद हुआ। } 14

## जानबूझकर व्यवधान उत्पन्न करना लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले, कहा कि सदन की कार्यवाही में जानबूझकर व्यवधान डालना लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। } 16



# लाल किले के पास विस्फोट, 10 की मौत

## दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता समेत कई राज्यों में जारी हुआ हाई अलर्ट









एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के पास खड़ी एक कार में सोमवार शाम जबरदस्त विस्फोट हुआ, जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि भीड़भाड़ वाले इलाके में व्यस्त समय में हुए विस्फोट के कारण आसपास मौजूद कई वाहनों में आग लग गई, जबकि कई की खिड़कियों के शीशे टूट गए। उन्होंने बताया कि विस्फोट में घायल लोगों को लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल ले जाया गया। चांदनी चौक व्यापारी संघ की ओर से साझा किए गए वीडियो में विस्फोट का भयावह मंजर देखा जा सकता है। इस वीडियो में एक शव एक वाहन पर पड़ा हुआ दिखाई दे रहा है। एक अन्य वीडियो में सड़क पर एक शव पड़ा हुआ नजर आ रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट स्थल के पास शवों के अंग बिखरे हुए दिखाई दे रहे थे। विस्फोट के बाद दिल्ली पुलिस ने पूरे शहर के लिए हाई अलर्ट जारी कर दिया है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के मुताबिक, दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर भेजी गई हैं और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। दमकल अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट के कारण लगी आग पर देर शाम 7.29 बजे तक काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया, आग में छह कारें, दो ई-रिक्शा और एक ऑटोरिक्शा जलकर खाक हो गए। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि कई मीटर दूर खड़े वाहनों की खिड़कियों के शीशे टूट गए। उन्होंने बताया कि धमाके की आवाज आईटीओ तक भी सुनी गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, विस्फोट लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-एक के पास खड़ी एक कार में हुआ। इसकी तीव्रता काफी अधिक थी। इसमें कई लोगों के घायल होने की आशंका है। विस्फोट के दृश्यों में जलती हुई कारों से आग की लपटें और धुआं उठता दिखाई दिया। घटना में घायल एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि विस्फोट एक कार, संभवतः स्विफ्ट कार, में हुआ। उसने कहा मेरे ऑटो के सामने एक स्विफ्ट कार थी। उस कार में कुछ ऐसा था, जिसमें अचानक विस्फोट हो गया। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने कहा, मैं गुरुद्वारे में था, तभी मैंने एक तेज आवाज सुनी। आवाज इतनी तेज थी कि हम समझ ही नहीं पाए कि यह किस चीज की है। उसने बताया, विस्फोट के कारण आसपास खड़े कई वाहनों के परखच्चे उड़ गए। चांदनी चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष ...शेष पृष्ठ 14 पर

### यूपी में हाई अलर्ट, धार्मिक स्थलों की बढ़ायी सुरक्षा

लखनऊ। दिल्ली में लाल किले के पास कार में धमाके के बाद यूपी में भी हाई अलर्ट कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को निर्देश दिए कि सभी धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी जाए। साथ ही हर प्रमुख स्थानों, रेलवे, बस स्टेशनों के पास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर हर आने-जाने वालों पर नजरें रखी ...शेष पृष्ठ 14 पर

### घटनास्थल पर पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह



नई दिल्ली। लाल किले के पास मंगलवार को हुए धमाके के बाद गृहमंत्री अमित शाह घायलों का हाल जानने एलएनजेपी हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने घायलों से भेंट की और उन्हें हर संभव मदद का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा मामले की जांच में एजेंसियां जुट गयी हैं, जो दोषी होगा उसे जल्द से जल्द पकड़ने का प्रयास किया जायेगा और उन्हें सख्त से सख्त सजा दिलवायी जायेगी।

दिल्ली में लाल किले के पास सुभाष मार्ग ट्रैफिक सिग्नल पर एक हुंडई आई-20 कार में धमाका हुआ। इस विस्फोट में कुछ राहगीर घायल हुए और कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हुए। प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि कुछ लोगों की जान चली गई है। विस्फोट की सूचना मिलने के 10 मिनट के भीतर, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 2900 किलोग्राम विस्फोटक बरामद



एजेंसी

श्रीनगर/फरीदाबाद। देश के विभिन्न हिस्सों से तीन चिकित्सकों समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर 2,900 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री जब्त की गई। पुलिस का दावा है कि इन गिरफ्तारियों और जब्ती से जम्मू-कश्मीर, हरियणा और उत्तर प्रदेश में फैले जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवातुल हिंद के आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ है।

अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार किए गए लोगों में कश्मीर के डॉ. मुजम्मिल गनी और लखनऊ के डॉ. शाहीन शामिल हैं, जिन्हें हिरासत में पूछताछ के लिए श्रीनगर लाया गया। अधिकारियों ने कहा कि उनकी कार से एक एके-47 राइफल मिली थी। अधिकारियों ने कहा कि जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश और हरियाणा पुलिस बलों के साथ-साथ केंद्रीय एजेंसियों का संयुक्त अभियान एक बड़ी सफलता है। उन्होंने यह नहीं बताया कि गिरफ्तारियां कब हुईं। वहीं लखनऊ के कमिश्नर ने बताया कि डॉ. शाहीन को लखनऊ से नहीं गिरफ्तार किया गया ...शेष पृष्ठ 14 पर

### महिला डॉक्टर गिरफ्तार, एके-47 बरामद



श्रीनगर। कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में फैले एक आतंकी मॉड्यूल में भूमिका होने के आरोप में लखनऊ की एक महिला डॉक्टर को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि डॉक्टर की कार से एक एके-47 राइफल बरामद की गई है। अधिकारियों ने बताया कि डॉ. शाहीन को सात अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया ...शेष पृष्ठ 14 पर

### फरीदाबाद में कश्मीरी चिकित्सक गिरफ्तार

फरीदाबाद (हरियाणा)। हरियाणा के फरीदाबाद में कश्मीरी चिकित्सक को गिरफ्तार किया गया है, जिसके किराए के मकान से लगभग 360 किलोग्राम विस्फोटक और बड़ी संख्या में हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। फरीदाबाद और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर चिकित्सक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि आरोपी मुजम्मिल शकील अल फला विश्वविद्यालय में शिक्षक है।



- 360 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक बरामद

दिल्ली से लगभग 45 किलोमीटर दूर स्थित अल फला विश्वविद्यालय एक निजी विश्वविद्यालय है और विश्वविद्यालय ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### धर्मेंद्र अस्पताल में भर्ती, हालत गंभीर



मुंबई। कई दिनों से अस्पताल में भर्ती जानेमाने अभिनेता धर्मेंद्र की हालत गंभीर लेकिन स्थिर है। फिल्म जगत के एक सूत्र ने सोमवार को यह जानकारी दी। अभिनेता धर्मेंद्र (89) को दक्षिण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में कई बार भर्ती कराया गया है।

# सभी विद्यालयों में अनिवार्य होगा वंदे मातरम का गायन : योगी

जिला संवाददाता

गोरखपुर (उप्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का अनादर करने का आरोप लगाते हुए राज्य के सभी विद्यालयों में इसका गायन अनिवार्य किए जाने का ऐलान किया है।

उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद अली जौहर पर वंदे मातरम का विरोध करने का आरोप लगाया और कहा कि इस पार्टी ने यदि वंदे मातरम के माध्यम से भारत की राष्ट्रीयता का सम्मान किया होता तो देश का विभाजन नहीं होता। गोरखपुर में सोमवार को एकता यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के प्रति सम्मान का भाव होना चाहिए। उत्तर प्रदेश के हर विद्यालय और हर शिक्षण संस्थान में हम इसका गायन अनिवार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि इससे उत्तर प्रदेश के हर नागरिक के मन में भारत माता के प्रति अपनी मातृभूमि के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव जागृत हो सकेगा। आदित्यनाथ ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, कुछ लोगों के लिए आज भी भारत की एकता और अखंडता से बढ़कर उनका मत और मजहब हो जाता है। उनकी व्यक्तिगत निष्ठा महत्वपूर्ण हो जाती है। वंदे मातरम के विरोध का कोई औचित्य नहीं है।







मुख्यमंत्री ने आरोप लगाते हुए कहा वंदे मातरम के खिलाफ विषवमन हो रहा है। जिस कांग्रेस के अधिवेशन में 1896-97 में स्वयं गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर ने पूरे वंदे मातरम का गायन किया था और 1896 से लेकर 1922 तक कांग्रेस के हर अधिवेशन में वंदे मातरम का गायन होता था लेकिन 1923 में जब मोहम्मद अली जौहर कांग्रेस के अध्यक्ष बने तो वंदे मातरम का गायन शुरू होते ही वह उठकर चले गए। उन्होंने वंदे मातरम गाने ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सुनिश्चित करना होगा कि भारत में कोई नया जिन्ना फिर न उभरे

गोरखपुर (उप्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को ऑल इंडिया मुस्लिम लीग के नेताओं मोहम्मद अली जिन्ना और मोहम्मद अली जौहर का हवाला देते हुए कहा कि जो लोग राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का विरोध करते हैं, वे भारत की एकता और अखंडता का अपमान कर रहे हैं। आदित्यनाथ ने गोरखपुर में एकता यात्रा और सामूहिक वंदे मातरम- गायन में भाग लेने के दौरान कहा, हम उम्मीद करते हैं कि आज भी भारत में रहने वाला हर व्यक्ति राष्ट्र के प्रति वफादार रहेगा और इसकी एकता के लिए काम करेगा। उन्होंने कहा हमारा कर्तव्य है कि हम उन सभी तत्वों की पहचान करें और उनका विरोध करें जो समाज को विभाजित करते हैं, चाहे वह जाति, क्षेत्र या भाषा के नाम पर क्यों न हो। ये विभाजन नए जिन्ना बनाने की साजिश का हिस्सा ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 27.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 13.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें

- गो आश्रय स्थलों को बनाया जा रहा स्वावलम्बी (पृष्ठ-02)
- अखिलेश ने मनाया खजांची का जन्मदिन (पृष्ठ-02)
- रुपया छह पैसे गिरकर 88.71 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- वायदा बाजार में कच्चे तेल के भाव में तेजी (पृष्ठ-14)
- ट्राई इंटरकनेक्शन नियमों की करेगा समीक्षा (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** सुरक्षाबल सतर्क, आतंकियों के मंसूबे ध्वस्त करने के लिए जम्मू में व्यापक छापे व तलाशी अभियान

# पहाड़ों से निकलकर मैदानों में ठिकाना बनाने की फिराक में आतंकी

एजेंसी

जम्मू। सर्द मौसम में पारा गिरने के साथ ही ऊपरी पहाड़ी क्षेत्र के जंगलों में छिपे आतंकी निचले क्षेत्रों में अपना ठिकाना खोजने की फिराक में हैं। खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ऊपरी ठंडे इलाकों में आतंकियों के लिए छिपना आसान नहीं रहेगा। इसलिए वह मैदानी क्षेत्रों में आने के लिए अपने मददगारों से संपर्क कर रहे हैं। सुरक्षाबल सतर्क हैं और आतंकियों के इसी मंसूबे को ध्वस्त करने के लिए पूरे जम्मू संभाग में व्यापक छापे एवं तलाशी अभियान चलाए गए हैं।

डोडा के एसएसपी संदीप मेहता ने कहा कि आतंकवादी संगठनों के स्थानीय समर्थन नेटवर्क की पहचान के लिए चल रही तलाशी में मारे गए आतंकवादियों, आत्मसर्मण कर चुके आतंकियों समेत संदिग्धों के घरों को भी खंगाला जा रहा है। स्थानीय युवाओं को निशाना बनाने वाले संभावित स्लीपर सेल और ऑनलाइन प्रचारकों पर भी नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस आतंकवादी गतिविधियों में सहायता या उन्हें बढ़ावा देने में शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई जारी रखेगी। रामबन के एसएसपी अरुण गुप्ता ने कहा कि ऐसे अभियान हमारी निवारक और खुफिया-आधारित कार्यवाहियों का हिस्सा हैं। इसका उद्देश्य क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखना है। उन्होंने बताया कि पुलिस व सुरक्षाबलों की विभिन्न टीमों ने संदिग्धों के परिसरों की गहन जांच की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कहीं कोई राष्ट्रविरोधी या अवैध गतिविधि तो नहीं चल रही है। इसी तरह की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे कानून प्रवर्तन एजेंसियों का सहयोग करें और अपने क्षेत्रों में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी साझा करें। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि सूचना देने वाले ...शेष पृष्ठ 14 पर



# रक्षा उत्पादन में हुए आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है देश : राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत ने 2024-25 में 1.51 लाख करोड़ रुपये मूल्य का रक्षा उत्पादन किया है और रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों (डीपीएसयू) का योगदान इसकी कुल राशि में 71.6 प्रतिशत रहा।

सिंह ने यह टिप्पणी एक उच्च स्तरीय बैठक में 16 डीपीएसयू के प्रदर्शन की व्यापक समीक्षा करते हुए की। उन्होंने कहा हमारे सभी 16 डीपीएसयू देश की आत्मनिर्भरता के मजबूत स्तंभ के रूप में काम कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों में उनका उत्कृष्ट प्रदर्शन हमारे स्वदेशी प्लेटफार्म की विश्वसनीयता और क्षमता का प्रमाण है। सिंह ने दक्षिण दिल्ली के नौरोजी नगर स्थित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में नये रक्षा उद्यम (डीपीएसयू) भवन का उद्घाटन भी किया।

रक्षा मंत्री ने भारत के रक्षा विनिर्माण परिवेशी तंत्र को मजबूत करने और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में डीपीएसयू के निरंतर योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 में, भारत ने 1.51 लाख करोड़ रुपये का रक्षा उत्पादन हासिल किया, जिसमें रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों (डीपीएसयू) का योगदान कुल उत्पादन का 71.6 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि रक्षा निर्यात 6,695 करोड़ ...शेष पृष्ठ 14 पर

# गो आश्रय स्थलों को बनाया जा रहा स्वावलम्बी

## पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने 18 नवनिर्मित वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों का किया लोकार्पण

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज पशुपालन निदेशालय में आयोजित एक कार्यक्रम में निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु प्रदेश के 13 जनपदों के 18 वृहद गो संरक्षण केन्द्रों का वर्चुवल लोकार्पण किया। इसके तहत आजमगढ़ एवं उन्नाव में 03-03, मिजार्पुर में 02, महराजगंज,

- प्रत्येक केन्द्र में 400 गोवंश को संरक्षित करने की क्षमता
- गौसंरक्षण केंद्रों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाये
- गौशालाओं मे चारा, भूसा, प्रकाश एवं औषधियों की पर्याप्त सुविधाएं सुनिश्चित की जाये

ललितपुर, अमेठी, बहराइच, देवरिया, पीलीभीत, अयोध्या, कौशाम्बी, चित्रकूट एवं सीतापुर में 01-01 वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों का शत-प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

इन 18 गो संरक्षण केन्द्रों की कुल निर्माण लागत रुपए 28 करोड़ 82 लाख है। प्रत्येक केंद्र में लगभग 400 गोवंश को संरक्षित किया जा सकता है। श्री सिंह ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशन में गोवंश का संरक्षण एवं संवर्धन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गोआश्रय स्थलों के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है और गोवंश के भरण-पोषण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

इस अवसर पर धर्मपाल सिंह ने सम्बंधित जनपदों के क्षेत्रीय विधायकों, ग्रामप्रधानों, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी तथा केयरटेकरों से भी गोवंश के रखरखाव और सहयोग पर बात की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गो संरक्षण कार्यों में स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए और गौसंरक्षण केंद्रों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाए। निराश्रित गोवंश हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। गोशालाओं में गाय भूखी न रहे, चारा, भूसा, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हो। श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश के समस्त मण्डलीय जनपदों में 18 मॉडल गौशालाएं बनाये जाने का निर्णय लिया गया है। पशुपालन विभाग द्वारा गो आश्रय स्थलों को स्वावलम्बी बनाने हेतु बहुआयामी प्रयोग किये जा रहे हैं। गाय के गोबर से गो दीप, धूपबत्ती, गोलॉग, गोबर के गमले, वर्मी कम्पोस्ट तथा सीबीजी उत्पादन इकाईयों की स्थापना की जा रही है। इन इकाईयों के संचालन में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा महत्वपूर्ण योगदान किया जा रहा है। गोवंश संरक्षण कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन एवं आर्थिक उन्नति के अनेक अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अब तक 576 वृहद गो संरक्षण केंद्रों की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसके सापेक्ष 421 केंद्रों का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा 403 केन्द्र क्रियाशील किए जा चुके है। प्रत्येक वृहद गोसंरक्षण केन्द्र की गोवंश धारण क्षमता 400 गोवंश तथा इकाई निर्माण लागत 160.12 लाख है। निराश्रित गोवंश संरक्षण के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा अभूतपूर्व तथा उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है।

संरक्षित गोवंशो के भरण-पोषण हेतु शत-प्रतिशत अनुदान राशि का भुगतान डीबीटी द्वारा सितम्बर, 2025 तक किया जा चुका है। गो-संरक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन एवं आर्थिक उन्नति के अनेक अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में 6554 अस्थायी गो आश्रय स्थल, 403 वृहद गो संरक्षण केन्द्र, 284 कांजी हाऊस एवं शहरी क्षेत्र में 307 कान्हा गो आश्रय स्थल सहित कुल 7548 गो आश्रय स्थलों में 1235782 निराश्रित गोवंश संरक्षित है। मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत 114865 इच्छुक लाभार्थियों को 180925 निराश्रित गोवंश सुपुर्द किये गये हैं। कार्यक्रम में पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने अधिकारियों से कहा कि गोसंरक्षण केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाए और अधिकारी नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण करें। गोसंरक्षण केन्द्रों के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए और गोवंश संरक्षण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न होने पाए। कार्यक्रम में विशेष सचिव पशुधन देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, निदेशक प्रशासन एवं विकास डा. योगेन्द्र सिंह पंवार, निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र डा. मेमपाल सिंह, अपर निदेशक डा. संगीता तिवारी, योजनाधिकारी डा. पीके सिंह, संयुक्त निदेशक मुख्यालय सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# भारत पर्व में उत्तर प्रदेश की उन्नत संस्कृति, समग्र विकास की दिखेगी झलक : जयवीर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आज लखनऊ से संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न अंचलों से चयनित कलाकारों एवं विभाग के कर्मचारियों का दल दो बसों में सवार होकर भारत पर्व में सम्मलित होकर उत्तर प्रदेश की उन्नत संस्कृति एवं समग्र विकास का भव्य प्रदर्शन करने के निमित्त केवड़िया, गुजरात के लिए रवाना हो गया। इस अवसर पर

- प्रदेश के विभिन्न अंचलों के कलाकार दल गुजरात रवाना

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने सांस्कृतिक दलों को अपनी शुभकामनाओं सहित विदा किया। केवड़िया रवाना होने से पूर्व कलाकारों ने कहा कि वे भारत पर्व में उत्तर प्रदेश की लोकपरंपरा, लोकसंगीत और नृत्य की गरिमा को पूरे देश के सामने प्रस्तुत करने को लेकर उत्साहित हैं एवं इसके लिए हम प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह एवं संस्कृति विभाग की अवर्चनीय पहल के लिए सहृदय धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

भारत पर्व में उत्तर प्रदेश का यह सांस्कृतिक दल न केवल अपनी सांस्कृतिक समृद्धि का प्रदर्शन करेगा, बल्कि ह्लएक भारत श्रेष्ठ भारतह्व की भावना को कला और लोकजीवन के माध्यम से साकार करेगा। मुख्यमंत्री और मंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश एक बार फिर अपने लोकजीवन की सौंधी सुगंध, परंपरा की गहराई और संस्कृति की ऊँचाई से भारत पर्व को आलोकित करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश आज सांस्कृतिक पुनर्जागरण के स्वर्णिम युग की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री की दृष्टि रही है कि उत्तर प्रदेश की लोककला, परंपराएँ, संगीत और नृत्य केवल प्रदेश की सीमाओं तक सीमित न रहें, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाएं। मंत्री ने कहा कि भारत पर्व में उत्तर प्रदेश की भागीदारी हमारे राज्य की सांस्कृतिक विविधता, लोकजीवन और कलात्मक गौरव को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर है। उन्नत संस्कृति ही समग्र विकास का आधार है, और इस दिशा में यह पहल ह्लएक भारत श्रेष्ठ भारतह्व के संकल्प को सशक्त बनाएगी।ह्व उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ने संस्कृति के क्षेत्र में जो प्रगति की है, वह देश के अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। उत्तर प्रदेश का यह सांस्कृतिक दल प्रदेश की विविध परंपराओंकृलोक, जनजातीय और शास्त्रीय कलाओंकृका अद्भुत संगम प्रस्तुत करेगा। दल में प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए श्रेष्ठ कलाकार शामिल हैं, जो अपने क्षेत्र की विशिष्ट कला और परंपरा को भारत पर्व के मंच पर प्रस्तुत करेंगे।

# हर हाथ को रोजगार देने के लिए सरकार संकल्पितः अनिल राजभर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 03 दिवसीय रोजगार महाकुम्भ के माध्यम से प्रदेश के कुल चयनित 16 हजार से अधिक अभ्यर्थी जिनमें 1612 युवाओं को दुबई हेतु

- ओवरसीज जॉब्स फ्लैग-ऑफ सेरेमनी का कार्यक्रम संपन्न
- रोजगार महाकुम्भ में चयनित 27 अभ्यर्थियों को विदेश जाने के लिए प्रदान किये गये आवश्यक अभिलेख

चयनित कराया गया था। इन 1612 युवाओं में से वीजा और टिकट की प्रक्रिया पूरी कर चुके 27 युवाओं के दुबई प्रस्थान किये जाने के संबंध में आज बापू भवन के सभागार में मंत्री श्रम एवं सेवायोज नअनिल राजभर की अध्यक्षता में ओवरसीज जॉब्स फ्लैग-ऑफ सेरेमनी का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मंत्री द्वारा उपस्थित चयनित अभ्यर्थियों को दुबई हेतु आवयक अभिलेख वीजा सहित टिकट प्रदान किये गये।

इस अवसर पर मंत्री द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के संकल्प का पूरा करने के लिये श्रम एवं सेवायोजन विभाग के अधीन उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन बनाया गया है। उत्तर प्रदेश देश का पहला प्रदेश है जिसके अन्तर्गत सेवायोजन विभाग को भारत सरकार द्वारा ओवरसीज प्लेसमेंट हेतु आरए का लाइसेन्स प्राप्त हुआ है जो भारत सरकार के विदेश मंत्रालय एवं अन्य देशों के राजनयिकों से समन्वय स्थापित करते हुए ओवरसीज प्लेसमेंट के कार्य को और अधिक स्वतंत्रता एवं सुचारू रूप से कर सकेगा। चयनित अभ्यर्थियों का स्वागत करते हुए मंत्री ने उनके नये जीवन का शुभारम्भ करने एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह नई यात्रा उनके एवं उनके परिवार के लिये शुभ हो एवं उनके जीवन में एक सार्थक परिवर्तन लेके आये। उन्होने कहा कि यूरोप एवं गल्फ देशों में प्रदेश के स्किल्ड मैनपॉवर की लगातार मांग बनी हुई है। मांग के अनुरूप प्रदेश में उपलब्ध मैनपॉवर के कारण प्रदेश सरकार द्वारा तत्काल कार्यवाही किया जाना सम्भव हो रहा है।

मंत्री द्वारा पूर्व में इजराइल भेजे गये युवाओं की उपलब्धियों एवं उनके द्वारा वहां किये जा रहे सराहनीय कार्यो एवं उनके अनुभवों को उपस्थित अभ्यर्थियों के बीच साझा करते हुए बताया कि इन अभ्यर्थियों के सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है एवं उन्हें एवं उनके परिवार को अपने जनपद में एक अलग पहचान हो रही है। प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हर हाथ को काम के संकल्प के साथ-साथ लगातार प्रदेश के युवाओं के लिये इस प्रकार के प्रयास कर रही है। एक वर्ष में 25000 अभ्यर्थियों को विदेशों में तथा 01 लाख युवाओं को देश में निजी क्षेत्र में रोजगार प्रदान करने के लिये लगातार इस प्रकार के कार्यक्रम करती रहेगी। उन्होने बताया कि वर्तमान में रूस में 5 लाख श्रमिकों की मांग है जिस हेतु वहां की सरकार से समन्वय स्थापित करते हुए आगामी कार्यवाही हेतु योजना बनायी जा रही है। मंत्री ने अभ्यर्थियों से कहा आपको विदेश जाने का कोई भय नहीं होना चाहिए श्रम एवं सेवायोजन विभाग एवं प्रदेश सरकार द्वारा विदेश में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर विभाग से सम्पर्क करने हेतु पोर्टल एवं नम्बर दिया जायेगा जिससे किसी प्रकार की परेशानी होने पर आप द्वारा तुरन्त सम्पर्क किया जा सके।

# कॉलेजों में मानसिक परामर्श की अनिवार्य व्यवस्था की जाये

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रालोद के प्रदेश कार्यालय में रालोद छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पांडेय ने कहा कि मुजफ्फरनगर जिले के बुढ़ाना स्थित डीएवी कॉलेज के छात्र उज्जवल राणा की दुखद मृत्यु ने पूरे छात्र समुदाय को झकझोर कर रख दिया है। यह खबर अत्यंत पीड़ादायक है और मन को गहरा आघात पहुंचाती है।

उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि यह केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र के भीतर व्याप्त संवेदनहीनता और संवादहीनता का दर्पण है।

अमन पांडेय ने कहा कि आत्महत्या किसी भी पीड़ा या समस्या का समाधान नहीं हो सकती। यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि हमारे कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के भीतर सब कुछ सामान्य नहीं है।

आज विद्यार्थियों के पास अपनी समस्याओं, शिकायतों और मानसिक दबावों को साझा करने का वह मंच नहीं बचा, जो कभी छात्रसंघों के माध्यम से मिलता था।

- रालोद छात्रसभा की मांग, मुजफ्फरनगर के छात्र उज्ज्वल राणा की मृत्यु पर जताया शोक
- छात्र केवल देश का भविष्य नहीं बल्कि वर्तमान की ऊर्जा हैं

उन्होंने कहा कि छात्रसंघ केवल राजनीति का केंद्र नहीं, बल्कि संवाद, सहयोग और नेतृत्व की वह शक्ति थे जो छात्रों की आवाज को संस्थान और प्रशासन तक पहुंचाने का माध्यम बनते थे।

आज जब छात्रों से संवाद और प्रतिनिधित्व के अवसर छीने जा रहे हैं, तब असंतोष, दबाव और मानसिक असंतुलन जैसी स्थितियाँ जन्म ले रही हैं। अमन पांडेय ने सरकार और शिक्षा विभाग से मांगें किया कि कॉलेजों में मानसिक परामर्श की अनिवार्य व्यवस्था की जाए। प्रत्येक शिक्षण संस्थान में छात्र कल्याण प्रकोष्ठ सक्रिय रूप से कार्य करे। छात्रसंघ चुनावों को पुनः नियमित किया जाए ताकि छात्रों की भागीदारी और संवाद का मार्ग पुनर्जीवित हो सके।

उन्होंने यह भी कहा कि रालोद छात्र सभा सरकार से यह मांग करती है कि इस दुखद घटना की निष्पक्ष जांच करायी जाए, कॉलेज प्रशासन की भूमिका की समीक्षा हो और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। अंत में अमन पांडेय ने कहा कि छात्र केवल देश का भविष्य नहीं बल्कि वर्तमान की ऊर्जा हैं, उनकी आवाज को दबाना नहीं, बल्कि समझना और सशक्त करना ही सच्ची जिम्मेदारी है।

# बिहार में प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए की बनने जा रही सरकार : ब्रजेश पाठक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुर्सी से दूर होने की वजह से समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव

- उप मुख्यमंत्री ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव पर साधा निशाना

बौखला गए हैं। भारतीय जनता पार्टी, मोदी और योगी का विरोध करते-करते वह भारत माता का विरोध करने पर उतर आए हैं। बिहार में आपने बहुत प्रयास किया, लेकिन जातीय गोलबंदी कराने में सफल नहीं हो पाए। बिहार के लोगों ने विकास, कानून व्यवस्था, मोदी और नीतीश के नाम पर, जंगलराज को वापस न आने देने के लिए मुहर लगाई है। बिहार में प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बनने जा रही है।

उप मुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव पर प्रहार करते हुए कहा कि आप एसआईआर से क्यों डरे हैं। यह पहली



बार नहीं हुआ है। यह 2002-2003 के आसपास भी हुआ था। उस समय भी ऐसे लोगों को मतदाता सूची से बाहर किया गया था, जो अवैध हैं। जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं होना चाहिए। जिनकी मृत्यृ हो गई है या जो माइग्रेट कर गए हैं। साथ ही आप लोगों की वजह से जो अवैध रूप से मतदाता सूची में घुसा दिए गए हैं, उन्हें भारत निर्वाचन आयोग ने बाहर किए जाने का निर्णय लिया है। उप मुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि निष्पक्ष सूची बन रही है तो आपके पेट में दर्द क्यों हो रहा है। भारत निर्वाचन आयोग ने जो निर्णय लिया है, उससे पूरे देश में खुशी की लहर है। बिहार में एक भी शिकायत नहीं आई है। उत्तर प्रदेश में एसआईआर लागू होने की वजह से आपकी पार्टी के उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो जाएगी। आप डरे हुए हैं। आप घुसपैठियों के साथ क्यों खड़े हैं। पाठक ने आरोप लगाया कि आपने बिहार में लाख प्रयास किया। सीमांचल में वोट जिहाद का भी नारा दिया। उप मुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव की कार्यशैली पर प्रहार करते हुए कहा कि आप सीमांचल के दुर्दांत अपराधियों का समर्थन लेकर बिहार में प्रचार कर रहे थे।

# अखिलेश ने मनाया खजांची का जन्मदिन, नोटबंदी को लेकर भाजपा पर साधा निशाना

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में खजांची का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। खजांची की 9वीं सालगिरह पर उसे लड्डू और केक खिलाकर बहुत सारे उपहार भेंट किये गये।

अखिलेश यादव ने कहा कि खजांची का जन्म दिन तो वास्तव में भाजपा को मनाना चाहिए पर हम मनाते हैं। भाजपाई पीछे मुड़कर नहीं देखते। समाजवादी अपने संसाधनों पर खजांची की पढ़ाई का खर्च उठा रहे है। जब तक भाजपा की सरकार है, खजांची का हम जन्मदिन इसी तरह हर वर्ष मनाते रहेंगे। इस मौके पर मीडिया से वार्ता करते हुए उन्होंने नोटबंदी पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य था कालाधन वापस आएगा। मगर देखने में आया कि काला धन सफेद हो गया। नोटबंदी से व्यापार डूब गया। लोगों के हाथ से पैसा निकल गया। कोविड काल की पाबंदी और जीएसटी ने अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया है। महंगाई बढ़ गई है। बिजली मंहगी है। मकान बनाना महंगा है। सोना महंगा हो गया। भाजपाई सोना खरीद रहे है। गरीब शादी में कोई चीज यहां तक कि छोटा से छोटा खरीदने की स्थिति में भी नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि अमेरिका हमारे सामान पर पाबंदी लगा रहा है। सुना है कि भारत सरकार हर पाबंदी को स्वीकार करती जा रही है। टेक्सटाइल, में समझौता हो गया है। उनका सामान आने से हमारे किसान और गरीब पर संकट आएगा। अर्थव्यवस्था में सुधार लाने में भाजपा की नीतियां विफल हैं। लोगों की प्रति व्यक्ति आय कहां बढ़ रही है। 80 करोड़ को मुफ्त राशन दिया जा रहा है, उनकी प्रति व्यक्ति आय क्या हुई? उन्होंने कहा कि कहीं खाद उपलब्ध नहीं है। किसान की आय दुगनी कहां हुई? फसलों के लिए कीटनाशक नहीं है। सरकार झूठ का धंधा चला रही है। भावनाओं पर सरकार चल रही है। डराकर चल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा अभी से वोट की बेईमानी करने पर तुल गई है। निर्वाचन आयोग की पूरी तैयारी नहीं है। भाजपा प्रशासन का दुरूपयोग करने में लगी है। ऐसे में लोकतंत्र बचाने की जिम्मेदारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि यूपी में सब चंगा, है जहां पकड़ा जाए गांजा। लगता है पूरी भाजपा गांजा के काम में लगी है। भाजपा सरकार में पीडीए को अपमानित किया जा रहा है। सिर्फ खांसी की दवा सिरफ का नशे में इस्तेमाल हो रहा है।

## एसआईआर मतगणना पर गंभीरता से ध्यान दें

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में सपा ने ही भाजपा की बढ़त रोकी थी, सपा की ताकत बड़ी है। अब हमारे सामने 2027 में समाजवादी सरकार बनाने का लक्ष्य है। लोकतंत्र बचाने के लिए 2027 का चुनाव निर्णायक साबित होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने कहीं कोई प्रत्याशी तय नहीं किया है। अखिलेश यादव सोमवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में पार्टी के जिला एवं महानगर अध्यक्षों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एसआईआर मतगणना पर पूरी गंभीरता से ध्यान देना है। अपने मतदाताओं के नाम कटे नहीं, जिनको जोड़ना है उनके फार्म भरा दें। भाजपाईयों ने प्रशासन से मिलकर शिक्षक-स्नातक एमएलसी चुनाव में सपा के समर्थकों के वोट नहीं बनने दिए। उसके मतदाताओं के नाम जुड़ने की तारीख बढ़नी चाहिए। सरकार अपने बनाए आधारकार्ड को ही नहीं मान रही है। अच्छा हो ये आधारकार्ड मेटल के बने। उन्होंने कहा कि भाजपा के समक्ष पीडीए एक बड़ी चुनौती बन गई है। पीडीए के साथ समाज के सभी वर्ग जुटे हैं। भाजपा लोगों की भावना के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपने व्यवहार ठीक रखे और विवादित बयानों से बचे। समाजवादी पार्टी जातीय जनगणना के पक्ष में है। जातीय जनगणना की मांग का अब दूसरे दल भी समर्थन करने लगे हैं। इस जातीय जनगणना से पिछड़ों, दलितों और वंचितों सभी को उनका हक और सम्मान मिलेगा। विकास में उनकी भागीदारी होगी।

# ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण स्मार्ट सिटी मॉडल की तर्ज पर होगी विकसितः धामी

प्रमुख संवाददाता



**गैरसैंण (उत्तराखंड)।** राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण अब स्मार्ट सिटी मॉडल पर विकसित होने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ा चुकी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा परिसर में

- मुख्यमंत्री धामी ने 142 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में इसकी औपचारिक घोषणा करते हुए बताया कि स्मार्ट विकास के लिए मास्टर प्लान की डीपीआर तैयार करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। साथ ही चौखुटिया, ज्योतिर्मठ और घनशाली को उड़ान योजना से जोड़ने की प्रक्रिया भी तेज की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कुल 142.25 करोड़ रुपये की 60 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसमें 27 परियोजनाओं का उद्घाटन और 33 नई योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। उन्होंने राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी और वरिष्ठ आंदोलनकारियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। समारोह में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण करने के बाद वे खेल, शिक्षा, कृषि व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नागरिकों से भी मिले और उन्हें सम्मानित किया। आईटीबीपी, आईआरएबी, पुलिस, होमगार्ड और एनसीसी महिला दस्ते द्वारा आकर्षक रैतिक परेड का प्रदर्शन कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड को वैश्विक आध्यात्मिक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए केदारखण्ड और मानसखण्ड के प्राचीन मंदिरों का पुनरुद्धार युद्धस्तर पर चल रहा है। मंदिर माला मिशन, एक जिला एक मेला तथा साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने जैसी पहलों से स्थानीय अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा आ रही है।

गैरसैंण क्षेत्र के संतुलित विकास पर बोलते हुए उन्होंने बताया कि सारकोट गांव को मॉडल विलेज के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीणों की सहभागिता को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि नई नीतियों ने उत्तराखंड को राष्ट्रीय सूचकों में शीर्ष स्थानों पर पहुंचाया है। राज्य की आर्थिक विकास दर में तेजी, किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि और बेरोजगारी में 4.4 प्रतिशत की कमी इसी सकारात्मक परिवर्तन के संकेत हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सतत विकास लक्ष्य सूचकांक में उत्तराखंड देश में पहले स्थान पर है। साथ ही राज्य को मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट अवॉर्ड भी मिला है। केंद्र सरकार के सहयोग से सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, हवाई और रेलवे संपर्कता में तेजी से सुधार हो रहा है। उन्होंने गैरसैंण और आसपास के क्षेत्रों को सुव्यवस्थित विकास मॉडल के तहत आगे बढ़ाने और उड़ान योजना का विस्तार कर पहाड़ी कनेक्टिविटी मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहरायी।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, अनिल नौटियाल, भूपाल राम टम्टा, भरत सिंह चौधरी, प्रमोद नैनवाल, सुरेश गड़िया, प्रदीप बत्रा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# अपना दल एस की बैठक संपन्न



**लखनऊ।** अपना दल एस की बैठक विधानसभा अध्यक्ष ऋसभ रावत की अध्यक्षता में महाबली इंटर कालेज हसनापुर मलिहाबाद में संपन्न हुई।सभा को मुख्य अतिथि बनवारी लाल मौर्य एडवोकेट हाईकोर्ट, प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं प्रभारी मलिहाबाद विधानसभा ने सम्बोधित किया। जिसमें धर्मदास, आइमन व राखी रावत सहित कई लोगों ने अपना दल एस की सदस्यता ग्रहण किया। सभा में मुख्य रूप से पद्मावती रावत प्रबन्धक महाबली इंटर कालेज, जयभान,सुभम, सत्यम शर्मा,जेबा सिद्दीकी,नागवंशी राजपूत,गौरव मौर्य ,सपना शर्मा, नाइमन, राखी रावत, कोमल, गरिमा यादव, मंजू, धर्मदास,साबीना सहित कई दर्जन लोग मौजूद रहे।

# महापौर ने 13 को कार्यकारिणी व 14 को बुलाई सदन

## दो बार तनातनी के बीच स्थगित हो गई थी बैठक, महापौर के पत्र से नगर निगम में हड़कंप

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार के बीच चली आ रही तनातनी के बीच एक बार फिर कार्यकारिणी और सदन की बैठक बुलाई गई है। हालांकि पिछली बैठकों के निर्णयों के अनुपालन होने तक बैठक नहीं बुलाने का दावा किया गया था लेकिन महापौर ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर कार्यकारिणी और सदन बुलाने का निर्देश दिया है।

- **पिछले फैसलों पर अमल न होने पर अफसरों को घेरने की तैयारी**

सुषमा खर्कवाल की तरफ से लिखे गए पत्र में कहा गया कि दो बार से रद हो चुकी सामान्य कार्यकारिणी की बैइक 13 नवंबर को बुलाई जाएगी। इसके साथ ही पिछली बार 4 सितंबर और 9 सितंबर को बुलाए गए सदन से पास हुए प्रस्तावों के मंजूरी नहीं मिलने पर फिर से 14 नवंबर को सामान्य सदन बुलाया गया है। इसमें कार्यकारिणी और सदन से पास हुए मुद्दों पर चर्चा होगी और उनकी पुष्टि की जाएगी। जबकि अब पुनरीक्षित बजट की बैठक होनी चाहिए थी। मालूम हो कि बीते 24 अक्टूबर और 30 अक्टूबर को कार्यकारिणी की बैठक हो चुकी है लेकिन इन बैठकों में शहर के विकास से जुड़े किसी एजेंडे पर चर्चा नहीं हुई थी। दो दिन की बैठक महापौर और नगर आयुक्त के बीच अधिकारों को लेकर हंगामे की भेंट चढ़ गई थी। महापौर सुषमा खर्कवाल ने उस समय कहा था कि अब नगर निगम की कार्यकारिणी और सदन की बैठक तभी बुलाई जाएगी जब नगर निगम प्रशासन की तरफ से पुराने फैसलों का अनुपालन कर मांग की जाएगी।इधर, नगर निगम प्रशासन की ओर से बैठक को लेकर कोई तैयारी नहीं गई है। सोमवार को अचानक से महापौर ने नगर आयुक्त को बैठक के संबंध में पत्र लिखा है। इस मामले में महापौर सुषमा खर्कवाल का कहना है कि शहर के विकास को लेकर कार्यकारिणी व सदन की बैठक बुलाया जाना जरूरी है। अफसरों से जवाब मांगे जाने पर ही यह संभव हो सकेगा। पिछली बैठक में प्रस्तावों पर पुष्टि न होने के कारण पूर्व निर्धारित एजेंडों पर चर्चा नहीं हो सकी। नगर आयुक्त को लिखे पत्र में महापौर ने स्पष्ट किया है कि अब प्रत्येक बैठक में सभी सदस्यों/अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। यदि कोई छूटता है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों पर होगी। कार्यकारिणी की बैठक 13 नवंबर को सुबह 11 बजे बुलाई गई है। इस दौरान अनुपस्थित सदस्यों/कर्मचारियों की सूची तैयार कर नोटिस भेजा जाएगा। नगर निगम के सामान्य सदन की बैठक 4 सितंबर 2025 को हुई हुई। फिर 9 सितंबर 2025 की बैठक में भी चर्चा हुई, लेकिन पास प्रस्तावों के बाद महापौर की अंतिम सहमति नहीं बन सकी। इसको लेकर विवाद की स्थिति है। इस दौरान महापौर ने फिर से 14 नवम्बर को फिर नगर निगम सदन की बैठक बुलाई है। अब जबकि विवाद के बीच नगर निगम से पास हुए प्रस्ताव रुके हुए हैं। वहीं, सदन बैठक के लिए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को समय पर और पूर्ण तैयारी के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है।

**बैठक में हंगामा होने के आसार:** कार्यकारिणी और सदन की बैठक को लेकर मेयर सुषमा खर्कवाल ने रविवार को कैंप कार्यालय पर सभी भाजपा पार्षदों की बैठक बुलाई थी। बैठक में कार्यकारिणी व सदन को लेकर सहमति बनने के बाद ही महापौर की ओर से नगर आयुक्त को पत्र लिखा गया है। चर्चा है कि कार्यकारिणी किसी नतीजे पर न पहुंचने पर सदन में पार्षदों की ओर से नगर निगम के अफसरों का घेराव किया जाएगा। इसमें खास तौर पर साफ-सफाई और मार्ग प्रकाश व्यवस्था का मुद्दा प्रमुख रूप से होगा। यहां चर्चा इस बात की भी है कि सिर्फ दो दिनों में पिछली बैठकों के निर्णयों का अनुपालन करना मुश्किल है वहीं नियमानुसार 72 घंटे पहले पार्षदों को एजेंड़ा पहुंचाना भी एक समस्या है। अब इस पत्र के बाद नगर निगम प्रशासन तोड़ ढूंढने में जुट गया है।

# शहर में फिर शुरू होगी खुली पार्किंग, देना होगा ज्यादा शुल्क

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में जल्द ही 78 खुली पार्किंग एक बार फिर शुरू होने जा रही हैं। नगर निगम की ओर से इसके लिए तैयारी कर ली गई है। लेकिन इस बार लोगों को गाड़ियां खड़ी करने के लिए पहले की तुलना में पार्किंग शुल्क तीन गुना तक देना होगा। नई पार्किंग नियमावली के तहत ठेके दिए जाएंगे।

सहमति बनने के बाद 15 दिन में टेंडर जारी करने की तैयारी है। नगर निगम की भूमिगत पार्किंग में अभी दो पहिया गाड़ी का चार घंटे का पार्किंग शुल्क 10 रुपये है और चार पहिया गाड़ी का शुल्क 25 रुपये है। अब शासन की जो नई नियमावली जारी की गई है उसमें चार घंटे की बजाए दो घंटे का स्लैब रखा गया है। जिसमें दो पहिया का दो घंटे का शुल्क 15 रुपये रखा गया है यानि यदि कोई गाड़ी को चार घंटे के लिए खड़ी करता है तो उसको 30 रुपये देने होंगे जोकि अभी लागू शुल्क का तीन गुना होगा। इसी तरह चार पहिया का दो घंटे का शुल्क नई नीति में 30 रुपये तय किया गया है जबकि अभी चार घंटे का 25 रुपये ही लिया जाता है। ऐसे में यदि चार घंटे तक चार पहिया वाहन पार्किंग में खड़ा हुआ तो वाहन स्वामी को 60 रुपये देना होगा। अब यही शुल्क नगर निगम लागू करेगा। इसको लेकर नगर निगम कार्यकारिणी और सदन भी मंजूरी दे चुका है।

इसके नई नियमावली के तहत जो पार्किंग प्रबंध समिति बनी है वह इसकी मंजरी दे चुकी है। नगर निगम ने बीते माह लालबाग, अमीनाबाद, आलमबाग, महानगर, और भूतनाथ सहित 13 पार्किंग स्थालों के लिए टेंडर निकाले थे। जिनको चार दिन पहले खोला जाना था मगर अब तक खोला नहीं गया है। जिसको लेकर यह चर्चा है कि नगर निगम के प्रचार विभाग में तैनात बाबू का इसमें खेल है। उसने चहेते ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के लिए कानूनी पेंच फंसाया है। यह भी चर्चा है कि उसने हजरतगंज मल्टीलेवल पार्किंग का टेंडर नहीं निकाला। ऐसे में उसका संचालन बिना टेंडर बाबू ठेकेदारों से मिलीभगत कर करवा रहा है। इसको लेकर ऑडिट भी आपत्ति लगा चुका है। ऑडिट रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि ट्रांसपोर्ट नगर में सालाना आय पांच लाख रुपये की हो रही है जबकि खर्च 15 लाख का हो रहा है।

**चार साल पहले हुए निरस्त हुई थी पार्किंग :** 25 अगस्त 2021 को तत्कालीन अपर मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव नगर विकास डॉ. रजनीश दुबे की ओर से एक आदेश के जरिए पार्किंगों के संचालन निरस्त कर दिया गया था जिसमें कहा गया था कि खुले में चल रही जिन पार्किंग स्टैंडों पर शेड, पेयजल और शौचालय की सुविधा नहीं उनका संचालन न किया जाए। जिसके बाद नगर निगम ने खुले में बिना सुविधाओं वाले चल रहे सभी पार्किंग स्टैंडों का ठेका निरस्त कर दिया था। सिर्फ उन 13 पार्किंग स्थलों का ही संचालन जारी रहा जो मल्टीलेवल और भूमिगत हैं। यह पार्किंग हजरतगंज, लालबाग, महानगर, आलमबाग, अमीनाबाद, नादान महल रोड और चौक में हैं।

# सीएम ग्रिड फेज वनः अभी तक केवल 40 प्रतिशत काम

## गोमती नदी की सफाई प्राथमिकता पर, सड़क व नालों के निर्माण कार्य तय समय में पूरे हों

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में नगर निगम से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक सोमवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक में नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त श्री ललित कुमार, अपर नगर आयुक्त श्री पंकज श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मण्डलायुक्त ने नगर निगम के तहत चल रहे रूटीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माणधीन परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए।

उन्होंने विशेष रूप से सड़क सुधार, जल निकासी, सीवरेज, हरित क्षेत्र विकास, यातायात सुधार, और अन्य बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सड़कों व नालियों के निर्माणधीन कार्यो में तेजी लाते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के लिये मुख्य अभियंता को निर्देशित किया। सीएम ग्रिड योजना फेज 1 की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों की ओर से अवगत कराया गया कि सात सड़कों का कार्य निर्माणधीन है, जिनकी प्रगति लगभग 40 प्रतिशत पायी गयी। जिसे माह जनवरी 2026 तक पूर्ण कराये जाने को लेकर निर्देश दिया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना को लेकर निर्देश दिया कि खरगापुर, कुड़िया घाट, साहित्य पार्क व वर्किंग वूमेन हास्टल के निर्माणधीन कार्यों की गुणवत्ता व मानक का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। मण्डलायुक्त ने कहा कि सिविल कार्यों की टेंडरिंग बिना विलम्ब किये हुए कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि पम्पिंग स्टेशन की क्रियाशीलता और चेम्बर की सफाई कराते रहे। जिससे चेम्बर चोक न हो और जलभराव की समस्या न उत्पन्न होने पाए। गोमती नदी की साफ-सफाई समीक्षा के दौरान बताया गया कि 22 किलोमीटर गोमती नदी का एरिया नगर निगम के अधीन है। जिसके क्रम में मंडलायुक्त ने कहा कि गोमती नदी की साफ-सफाई नगर निगम की ओर से नाव/बोट व अन्य उपकरण के माध्यम से प्राथमिकता पर कराते रहे। गोमती नदी की साफ-सफाई कार्य मे लगे वाहन, बोट व अन्य उपकरणों का जीपीएस ट्रैकिंग नियमित रूप से कराते रहे। जिससे गोमती नदी से निकाले जा रहे कूड़े/कचरे की वास्तविक स्थिति का पता चलता रहे।

**डोर-टू-डोर कूड़ा उठान का कार्य शतप्रतिशत हो :** मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्य मार्गो की साफ-सफाई, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व रोड स्वीपिंग प्राथमिकता पर कराते रहे। रोड स्वीपिंग का कार्य प्रातः 5 बजे से 9 बजे तक नियमित रूप से होना चाहिए। इसमें किसी प्रकार की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मेनपावर व मशीनरी उपकरणों की संख्या में बढोत्तरी करते हुए साफ-सफाई कार्य किया जाये। प्रथम चरण में प्रत्येक जोन से एक-एक वार्डो को सूचीबद्ध करते हुए यह सुनिश्चित करे कि किस गली/मोहल्ले में डोर-टू-डोर कूड़ा उठान हो रहा और कहां नहीं हो रहा है। इसका आकलन करते सूची उपलब्ध करायी जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि डोर टू डोर कूड़ा उठान प्रतिशत में वृद्धि हो। इसी प्रकार द्वितीय चरण में भी जोन वाइज वार्डो का चयन करके सर्वे किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम के संपूर्ण क्षेत्र में डोर-टू-डोर कूड़ा उठान का कार्य शतप्रतिशत होना चाहिए।

# एलडीए ने पूरी की सहारा शहर की पैमाइश

**लखनऊ।** एलडीए ने सहारा शहर की जमीन की पैमाइश और सर्वे का कार्य पूरा कर लिया है। सर्वे रिपोर्ट शासन को सौंप दी गई है। करीब एक महीने पहले नगर निगम ने सहारा शहर की लीज निरस्त की थी। सहारा शहर की कुल 245 एकड़ जमीन में से 130 एकड़ भूमि नगर निगम के पास थी, जिसे एलडीए ने नगर निगम को अन्य योजनाओं के बदले में दी थी। यह हस्तांतरण एक पत्र के आधार पर हुआ था, लेकिन दस्तावेजों में अब भी एलडीए का ही नाम दर्ज है। नगर निगम ने इस जमीन में से 170 एकड़ भूमि सहारा इंडिया को कालोनी बसाने के लिए लीज पर दी थी, जबकि एलडीए ने 75 एकड़ जमीन ग्रीन बेल्ट के विकास के लिए लीज पर दी थी। शर्तों के उल्लंघन के चलते एलडीए ने पिछले साल और नगर निगम ने एक महीने पहले लीज को निरस्त कर दिया था। इसके बाद शासन ने जमीन की नपाई और सर्वे के निर्देश दिए थे। नगर निगम ने भी हाल ही में अपना कब्जा दर्ज कर लिया है। हालांकि, सहारा इंडिया ने इस मामले में न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

# हेल्थ एटीएम केंद्रों के संचालन व रखरखाव का होगा मूल्यांकन

**लखनऊ।** सीजी सिटी में प्रस्तावित दिव्यांग पार्क की स्थापना को लेकर एक तकनीकी समिति गठित की जाएगी, जो परियोजना की तकनीकी समीक्षा कर अपनी अनुशंसा प्रस्तुत करेगी। तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत यह प्रस्ताव अंतिम स्वीकृति के लिए बोर्ड को भेजा जाएगा।

- **यूपी दर्शन, हैप्पीनेस पार्क व म्यूजिकल फाउंटेन से बढ़ायी जायेगी आय**

सोमवार को लखनऊ स्मार्ट सिटी लिमिटेड की 25वीं बोर्ड बैठक यह निर्णय लिया गया।

बैठक के प्रारंभ में बोर्ड सदस्यों द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष विजय विश्वास पंत का स्वागत किया गया। लखनऊ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के कार्यालय में सम्पन्न हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष व मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने यू.पी. दर्शन पार्क, हैप्पीनेस पार्क, म्यूजिकल फाउंटेन, जनेश्वर मिश्र पार्क और अन्य परियोजनाओं की आय की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि इन परियोजनाओं से नियमित आय में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और अनुश्रवण व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाए। बैठक में लखनऊ स्मार्ट सिटी लिमिटेड की विभिन्न परियोजनाओं एवं प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बोर्ड द्वारा रखे गए प्रमुख एजेंडा बिंदुओं में हेल्थ एटीएम के संचालन और अनुरक्षण से संबंधित कार्यों का परीक्षण प्रमुख विषय रहा। बोर्ड ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन हेल्थ एटीएम केंद्रों के संचालन की प्रभावशीलता, उपयोगिता एवं रखरखाव की गुणवत्ता का मूल्यांकन कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि लखनऊ स्मार्ट सिटी की परियोजनाएं न केवल नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए हैं, बल्कि इन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी काम किया जाना चाहिए ताकि ये परियोजनाएं स्वयं अपने रखरखाव और विकास में सहयोग कर सकें।

# भैसोरा में खाली कराई सरकारी भूमि, एनिमल केयर सेंटर बनेगा

**लखनऊ।** सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए नगर निगम ने सोमवार को ग्राम भैसोरा, तहसील सदर क्षेत्र में करीब 40,000 वर्गफुट भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। इस जमीन पर एनीमल केयर सेंटर का निर्माण कराया जाएगा। इसका प्रस्ताव पूर्व में पास हो चुका था लेकिन अतिक्रमण की वजह से निर्माण नहीं हो पा रहा था। यह अभियान नगर निगम की संपत्ति शाखा, राजस्व विभाग और अभियंत्रण शाखा की संयुक्त टीम की ओर से चलाया गया। प्रभारी अधिकारी संपत्ति रामेश्वर प्रसाद और तहसीलदार अरविंद पांडे के निर्देशन में नायब तहसीलदार तेजस्वी प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्रवाई हुई। मौके पर राजस्व निरीक्षक प्रदीप गिरी, लेखपाल सुभाष कौशल और शक्ति वर्मा सहित टीम के सदस्य मौजूद रहे। प्रवर्तन दल ने जेसीबी मशीन की मदद से अस्थायी ढांचे, टीनशेड और अन्य अवैध निमार्णों को ध्वस्त कर भूमि खाली कराई। प्रारंभिक विरोध के बावजूद प्रशासन की समझाइश से स्थिति शांतिपूर्ण रही। यह कार्रवाई खसरा संख्या 282 (0.172 हेक्टेयर) और 283 (0.250 हेक्टेयर) की भूमि पर की गई, जो राजस्व अभिलेखों में नवीन परती और बंजर के रूप में दर्ज थी। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, मुक्त कराई गई भूमि पर जल्द एनिमल केयर सेंटर का निर्माण किया जाएगा, जहां आवारा और बीमार पशुओं के उपचार, संरक्षण और पुनर्वास की व्यवस्था होगी। यह परियोजना नगर निगम की प्राथमिक योजनाओं में शामिल है, जिसका उद्देश्य पशु कल्याण के साथ शहरी स्वच्छता और जनसुरक्षा को बढ़ावा देना है। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि सरकारी जमीनों पर कब्जे बर्दास्त नहीं किए जाएंगे। नगर निगम लगातार ऐसे स्थलों की पहचान कर उन्हें मुक्त करा रहा है।

# लोनिवि की पांच परियोजनाओं को समिति ने दी मंजूरी

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में विभिन्न निर्माण परियोजनाओं में उच्च विशिष्टियों, पीसीयू शिथिलीकरण के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। इसमें लोक निर्माण विभाग की ओर से पेश किए गए एक परियोजना में सम्मिलित उच्च विशिष्टियों के कार्य तथा 04 परियोजनाओं के लिए पीसीयू में शिथिलीकरण के प्रस्ताव को मुख्य सचिव ने स्वीकृति प्रदान की गई। यह प्रदेश के बुनियादी ढांचे को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में सड़क नेटवर्क, औद्योगिक विकास और ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा, जिससे आर्थिक प्रगति को गति मिलेगी।

# प्रवासी पक्षियों के स्वागत के लिए वेटलैंड तैयार करेगी गोमती टास्क फोर्स

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर में ईको टूरिज्म का केन्द्र बने सीजी सिटी वेट लैंड को प्रवासी पक्षियों के स्वागत में निखारा जा रहा है। इसके लिए लखनऊ

- **सीजी सिटी में बने वेट लैंड को व्यवस्थित करने के लिए एलडीए ने किया करार**
- **वेट लैंड की जल गुणवत्ता को सुधारने के लिए जलकुंभी समेत अन्य हानिकारक जलीय पौधों को हटाया जाएगा**
- **प्राकृतिक जल प्रवाह को किया जाएगा बहाल, पर्यटकों को मिलेगा बेहतर माहौल**



विकास प्राधिकरण ने गोमती टास्क फोर्स व टर्टल सर्वाइवल एलायंस नामक संगठन के साथ करार किया है। इसमें वेट लैंड में उपजी जलकुंभी समेत अन्य हानिकारक जलीय पौधों को हटाया जाएगा। साथ ही ठोस अपशिष्ठ का प्रबंधन करते हुए पानी में ऑक्सीजन की मात्रा को नियंत्रित किया जाएगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण ने सीजी सिटी में इकाना क्रिकेट स्टेडियम के पीछे 37 एकड़ क्षेत्रफल में वेट लैंड विकसित किया है, जोकि लखनऊ में ईको टूरिज्म का केन्द्र बन गया है। इससे शहर में विभिन्न प्रजाति के स्वदेशी व विदेशी पक्षियों के प्राकृतिक वास को बढ़ावा मिला है। अब सर्दी का मौसम आते ही प्रवासी पक्षियों ने यहां डेरा डालना शुरू कर दिया है। इसे ध्यान में रखते हुए वेट लैंड का कायाकल्प कराया जा रहा है। जिसके लिए एलडीए ने गोमती टास्क फोर्स व टर्टल सर्वाइवल एलायंस के साथ करार किया है।

उपाध्यक्ष ने बताया कि टेरिटोरियल आर्मी के मेजर एएस नागी के नेतृत्व में गोमती टास्क फोर्स की टीम ने मौके पर काम शुरू कर दिया है। इसके अंतर्गत वेट लैंड की जल गुणवत्ता को सुधारने के लिए जलकुंभी समेत अन्य हानिकारक जलीय पौधों को हटाया जाएगा। ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन करते हुए प्राकृतिक जल प्रवाह को बहाल किया जाएगा। साथ ही वेट लैंड से हटाये जाने वाले जलकुंभी समेत अन्य जैविक पदार्थों को उपयोगी खाद में तब्दील किया जाएगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि जल गुणवत्ता की मॉनिटरिंग के लिए पानी के सैंपल का लैब में परीक्षण कराया जाएगा। तत्पश्चात रासायनिक/जैविक तकनीकि के इस्तेमाल से प्रदूषित जल का उपचार किया जाएगा। जल शुद्धीकरण के लिए कैना और वेटीवर आदि पौधों का प्रयोग होगा। जिससे वेट लैंड के पानी में ऑक्सीजन की मात्रा को नियंत्रित किया जा सकेगा और जलीय जीव प्राकृतिक रूप से वास कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि सीजी सिटी एसटीपी से ट्रीटेड वॉटर को वेट लैंड में सप्लाई किया जाएगा, जिससे हर मौसम में जल स्तर नियंत्रित रहेगा। वेट लैंड में बड़ी संख्या में लोग बर्ड वॉचिंग के लिए आते हैं। यहां पर्यटकों की सहूलियत के लिए बर्ड वॉचिंग हाइड, वॉच टावर व व्यूइंग डेक निर्मित किये गये हैं, जहां से प्रकृति का खूबसूरत नजारा देखने को मिलता है। क्षेत्र में भ्रमण के लिए स्टैम्प्ड पाथ-वे व रेलिंग बनायी गयी है। वर्तमान में यहां प्रवेश के लिए कोई टिकट नहीं लिया जा रहा है। ऐसे में लोग अपने परिवार के साथ वेट लैंड में निःशुल्क सैर कर सकते हैं।

# इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता में सर्वाधिक पंजीकरण से यूपी देश में अव्वल

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं कौशल विकास मिशन निदेशक पुलकित खरे के प्रभावी नेतृत्व, दूरदर्शी दृष्टिकोण एवं सतत मार्गदर्शन में इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025 के लिए सर्वाधिक पंजीकरण प्राप्त कर उत्तर प्रदेश ने देश में पहला स्थान हासिल किया है।

- **प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित प्रतिभागियों के साथ मजबूत समन्वय स्थापित किया जायेगा**

इस उल्लेखनीय सफलता के क्रम में सोमवार को कौशल विकास मिशन मुख्यालय में मिशन निदेशक पुलकित खरे की अध्यक्षता में मिशन स्तरीय गठित समिति की उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य युवाओं के पंजीकरण बाद उनके प्रशिक्षण, समीक्षा एवं मार्गदर्शन को सुनिश्चित करते हुए उन्हें प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कराने की रणनीति को और अधिक सुदृढ़ करना था। बैठक के दौरान मिशन निदेशक पुलकित खरे ने इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025 के सफल संचालन के लिए विस्तृत कार्ययोजना एवं प्रभावी रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित प्रतिभागियों के साथ मजबूत समन्वय स्थापित किया जाए तथा युवाओं की क्षमता को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने के लिए अनुभवी प्रशिक्षकों, विषय विशेषज्ञों एवं औद्योगिक संस्थानों के सहयोग का अधिकतम उपयोग किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला एवं मंडल स्तर पर स्किल ट्रायल्स की रूपरेखा, चयन प्रक्रिया, मूल्यांकन मानक, प्रतिभागियों को सतत मार्गदर्शन एवं प्रेरणा देने के उपाय जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के प्रत्येक चरण में पारदर्शिता, निष्पक्षता, प्रतिस्पर्धात्मकता एवं गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि उत्तर प्रदेश के अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकें। बैठक में समिति सदस्यों ने कौशल प्रशिक्षण, प्रतियोगिता प्रबंधन, मूल्यांकन व्यवस्था और प्रतिभागियों के मनोबल को बनाए रखने की रणनीति पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया। मिशन निदेशक ने सभी अधिकारियों से कहा कि युवाओं की निरंतर प्रगति की समीक्षा सुनिश्चित की जाए और प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने डीसी (जिला समन्यवक) और एमआईएस मैनेजर के साथ वर्चुअल बैठक की और निर्देशित किया कि डीसी (जिला समन्यवक) और एमआईएस मैनेजर नियमित रूप से ट्रेनिंग पार्टनर्स के प्रशिक्षण केंद्रों का महीने में कम से कम दो बार स्थलीय निरीक्षण करें, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि लक्ष्य समयबद्ध ढंग से पूरे हों। उन्होंने कहा कि कौशल विकास मिशन द्वारा दिए गए टारगेट का फिजिकल वैरिफिकेशन किया जाए तथा प्रशिक्षण केंद्रों पर आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों के निर्धन परिवारों के युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत युवाओं को रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाए ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने यह भी कहा कि आईटीआई संस्थानों में प्रत्येक माह की 21 तारीख को आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षित युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाए, जिससे उन्हें उपयुक्त रोजगार अवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन रोजगार मेलों को कौशल और उद्योग जगत के बीच सेतु के रूप में उपयोग किया जाए। अंत में मिशन निदेशक पुलकित खरे ने सभी अधिकारियों एवं समिति सदस्यों से आह्वान किया कि वे प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान कर उन्हें प्रशिक्षण, संसाधन और अवसर प्रदान करें, ताकि वे उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर गौरवान्वित कर सकें।

# बिजली कर्मी निजीकरण के खिलाफ खोलेगें मोर्चा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की चल रही प्रक्रिया के विरोध में एवं इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 के विरोध में बिजली कर्मचारी संगठनो की किसान संगठनों और अखिल भारतीय ट्रेड यूनियनों के साथ संयुक्त संघर्ष पर सहमति हो गई है।

इस संबंध में 14 दिसंबर को दिल्ली में मीटिंग बुलाई गई है जिसमें संयुक्त संघर्ष की रणनीति तय की जाएगी और आंदोलन के कार्यक्रमों की घोषणा की जायेगी। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन और विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि किसान संगठनों और अखिल भारतीय ट्रेड यूनियनों की इस बात पर सहमति हो गई है कि इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 संपूर्ण बिजली क्षेत्र का निजीकरण करने के लिए लाया गया है और इसका राष्ट्रव्यापी विरोध किया जाना बहुत जरूरी है। इस दृष्टि से बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों की राष्ट्रीय समन्वय समिति, नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स ने आगामी 14 दिसम्बर को दिल्ली में बैठक बुलाई है। उन्होंने बताया कि इस मीटिंग के लिए संयुक्त किसान मोर्चा के अंतर्गत आने वाले सभी प्रमुख किसान संगठनों के राष्ट्रीय पदाधिकारियों

- **14 दिसंबर को दिल्ली में हो होगी मीटिंग**

मुख्यतया डॉ दर्शन पाल एवं किसान मजदूर मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारियो मुख्यतया सरवन सिंह पंधेर से और ऑल इंडिया ट्रेड यूनियनों के राष्ट्रीय पदाधिकारियों से बात हो गई है और उन्हें पत्र भेजा गया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारी और इंजीनियर लगभग एक साल से पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में लगातार संघर्ष कर रहे हैं और सड़कों पर उतर रहे हैं। इसी बीच भारत सरकार ने पूरे देश के ऊर्जा क्षेत्र का निजीकरण करने के लिए इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 का ड्राफ्ट जारी कर दिया है। इसके अतिरिक्त ग्रुप आफ मिनिस्टर्स की मीटिंग में लिए गए निर्णय के अनुसार राज्यों पर यह दबाव डाला जा रहा है कि केंद्र सरकार तभी वित्तीय सहायता करेगी जब राज्य निजीकरण के तीन विकल्पों में से एक विकल्प को स्वीकार करें। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकारों की निजीकरण की इन कोशिशें को देखते हुए बिजली के निजीकरण के विरोध में सारे देश के बिजली कर्मचारियों के साथ किसान और मजदूर संगठन भी आ गए हैं और राष्ट्रवादी आंदोलन की रूपरेखा 14 दिसंबर को घोषित कर दी जाएगी। संघर्ष समिति ने कहा कि यदि इस बीच पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का टेंडर प्रकाशित किया गया तो पूर्व निर्णय के अनुसार तमाम बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर और इंजीनियर सामूहिक जेल भरो अभियान प्रारंभ कर देंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी सरकार और प्रबंधन की होगी।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# दिल्ली धमाके के बाद हाई अलर्ट, लखनऊ पुलिस ने चलाया सघन अभियान



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास कार में धमाके के बाद यूपी में हाईअलर्ट जारी कर दिया गया। सभी धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था का बढ़ा दिया गया है। अयोध्या, मथुरा और वाराणसी में चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स को तैनात कर दिया गया है। पुलिस ने पूरे प्रदेश में सघन अभियान चलाया है। हर आने-जाने वाले गाड़ियों की पुलिस तलाशी जी जा रही है। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी आदेश में प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त फोर्स बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। लखनऊ में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। राजधानी के हजरतगंज इलाके में पुलिस की गाड़ियों ने रूट मार्च किया है।

**दिल्ली में हुए धमाके में दस लोगों की मौत:** सोमवार की शाम को दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास एक कार में तेज धमाका हुआ तो पूरी दिल्ली दहल उठी। धमाके में तीन गाड़ियों जलकर राख हो गई। धमाके की आवाज से आसपास के मकानों के शीशे टूट गए। जिससे अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि 14 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। लोगों का कहना है कि धमाका इतनी तेज था कि उसकी गूंज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। घटना के बाद पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

**रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर बढ़ाई**



**सुरक्षा:** दिल्ली में धमाके के बाद लखनऊ में भी अलर्ट जारी कर दिया। रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड के साथ भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई। फिलहाल धमाके में दस लोगों की मौत होने की सूचना मिल रही है।

**ठाकुरगंज और आलमबाग में रात भर चली वाहनो की चेकिंग:** दिल्ली में बम धमाको को देखते हुए आलमबाग और ठाकुरगंज में रात भर चली वाहन चेकिंग अभियान से लोग एक-एक कर सड़क पर आते जाते दिखाई दे रहे थे। आलमबाग के चन्दर नगर गेट के सामने पुलिस ने विशेष जांच अभियान चलाया जिसमें कई नेताओं ने विरोध प्रदर्शन भी किया लेकिन पुलिस के आगे एक भी चली। आलमबाग पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि जांच चलती रहेगी। सभी पुलिस चौकियों को निर्देश दिया गया है कि किसी भी लावारिस वस्तु और आदमी को देखते ही जांच करे और पुछताछ करने के बाद नाम और पता के साथ फोन नम्बर भी दर्ज होना चाहिए।

**मैट्रो व बसों मे भी चला चेकिंग अभियान:** शहर के बाहर से आने वाली बसों व मैट्रो की चेकिंग अभियान भी चलाया गया। जिसमें प्रदेश के बाहर से आने वाली बसों की भी जांच किया गया। इसके साथ ही लखनऊ क्षेत्रिय परिवहन निगम के निदेशक आरके त्रिपाठी ने बताया कि चालक और परिचाल से भी कहा गया है कि किसी भी लावारिस वस्तु को देखते ही तत्काल जांच किया जाना चाहिए। दूर जाने वाली बसो की जांच जरुर करे जिससे यात्रियों को सुरक्षित यात्रा कराया जा सके।

**कचहरी और तहसील में भी हुई जांच:** दिल्ली में धमाके के बाद शहर मे जांच का दायरा बढ़ा दिया गया। रात में सरकारी कार्यालय और आवास में भी जांच किया जा रहा है जिससे कोई भी अनहोनी न हो सके। जांच में पुलिस के साथ मिलकर सरकारी कर्मचारी भी साथ दे रहे है। जिसके तहत बिजली विभाग के शक्ति भवन और जवाहर भवन की भी जांच किया गया। सरोजनीनगर और सदर सहसील में भी जांच के लिए रात को ताला खोलकर जांच किया गया। धमाके की खबर सनते ही कई लोग फोन पर इस बात की ही चर्चा करते रहे कि यह आतंकी हमला हो सकता है। लोगों में इस बात की भी चर्चा रही कि लखनऊ में भी कही ऐसा हादशा न हो जाये। इसके लिए कई बार सगंठनो ने फोन कर डीएम विशाख जी को भी सूचित किया।

## जम्मू-कश्मीर के डॉक्टरों व आतंकवादी संगठन से आतंकी मॉड्यूल का संबंध

### लखनऊ की महिला डॉक्टर शाहीन समेत 8 आरोपित अरेस्ट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक महिला डॉक्टर को अरेस्ट किया है। महिला डॉक्टर का नाम शाहीन शाहिद बताया जा रहा है। महिला डॉक्टर की कार से पुलिस को एके-47 बरामद हुई है। महिला लखनऊ के लालबाग इलाके की रहने वाली है और इसी महिला की कार फरीदाबाद से गिरफ्तार आतंकी डॉक्टर मुजम्मिल इस्तेमाल करता था। लखनऊ के लालबाग निवासी महिला डॉक्टर शाहीन शाहिद की स्विफ्ट कार का इस्तेमाल करता था। दरअसल, हरियाणा के फरीदाबाद में आतंकवादी नेटवर्क से जुड़े एक बड़े मॉड्यूल का खुलासा करते हुए पुलिस ने यहां से लगभग 2900 किलो विस्फोटक सामग्री, अत्याधुनिक हथियार और संचार उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि जांच में सामने आया है कि इस मॉड्यूल का संबंध जम्मू-कश्मीर के डॉक्टरों और आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से है। इस मामले में अब तक लखनऊ की एक महिला डॉक्टर सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि कार्रवाई के दौरान फरीदाबाद के फतेहपुर तगा गांव में 2563 किलो संदिग्ध अमोनियम नाइट्रेट जब्त किया गया। सुरक्षा एजेंसियों को इसे सुरक्षित स्थान तक ले जाने के लिए ट्रक की व्यवस्था करनी पड़ी। शुरूआती जांच में पुष्टि हुई है कि यह पदार्थ आतंकवादी गतिविधियों में इस्तेमाल होने वाला अमोनियम नाइट्रेट है, जिसे आतंकियों की भाषा में सफेद पाउडर कहा जाता है। गिरफ्तार आरोपियों में डॉक्टर आदिल अहमद डार और डॉक्टर मुजम्मिल शकील शामिल हैं। आदिल जम्मू-कश्मीर के कुलगाम का निवासी है और अनंतनाग के जीएमसी में सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर के रूप में कार्यरत था। उसे उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से पकड़ा गया। उसकी निशानदेही पर पुलवामा निवासी डॉक्टर मुजम्मिल शकील को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया। मुजम्मिल स्थानीय विश्वविद्यालय में चिकित्सा शिक्षक है। पुलिस जांच में सामने आया है कि मुजम्मिल ने फतेहपुर तगा गांव में एक मौलवी इस्ताक से मकान किराये पर लिया था। छापेमारी के दौरान वहां से 360 किलो विस्फोटक, 20 टाइमर, वॉकी-टॉकी सेट, असॉल्ट राइफलें, पिस्टलें, 83 कारतूस और दो अतिरिक्त मैगजीन बरामद की गयी।

**एक आरोपी पुराने मामले में भी था वांछित :** फरीदाबाद पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि यह सामग्री आरडीएक्स नहीं बल्कि अमोनियम नाइट्रेट प्रतीत होती है। उन्होंने कहा कि आरोपी श्रीनगर में जैश-ए-मोहम्मद के समर्थन में पोस्टर लगाने के एक पुराने मामले में भी वांछित था। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि इस मॉड्यूल का एक सदस्य डॉ. मुजफ्फर अहमद राथर दो महीने पहले दुबई भाग गया, और आशंका है कि वह अफगानिस्तान या पाकिस्तान में छिपा हो सकता है। पुलिस ने उसके खिलाफ तकनीकी निगरानी शुरू कर दी है। इसके अलावा लखनऊ की लेडी डॉक्टर शाहीन शाहिद को भी गिरफ्तार किया गया है। वह लालबाग क्षेत्र की निवासी है और उसकी कार से राइफल और जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। बताया गया है कि गिरफ्तार डॉक्टर मुजम्मिल इसी वाहन का इस्तेमाल करता था। पुलिस के अनुसार, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त टीम पिछले 15 दिनों से इस नेटवर्क पर निगरानी रखे हुए थी। अधिकारियों का कहना है कि बरामद सामग्री का उपयोग किसी बड़े आतंकी हमले की तैयारी में किया जा रहा था। सुरक्षा कारणों से हालांकि हमले के संभावित स्थान और उद्देश्य के बारे में फिलहाल जानकारी साझा नहीं की गयी है। जांच एजेंसियां अब इस पूरे नेटवर्क के वित्तीय और अंतरराष्ट्रीय संपर्कों की पड़ताल कर रही हैं। पुलिस का कहना है कि आगे की कार्रवाई में और गिरफ्तारियां संभव हैं।





## महिला से हड़पे रुपये

लखनऊ। तहसील सरोजनीनगर के अर्न्तगत नगर निगम की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करके धड़ल्ले से कब्जा देकर विक्रय किया जा रहा है। नगर निगम लखनऊ में सम्पति अधिकारी व लेखपालों की फौज रखने के बावजूद भूमि संरक्षित व सुरक्षित रखने हेतु न तो बोर्ड लगाया जाता है और न ही शिकायत करने पर विक्रेताओं पर कार्यवाही की जाती है। भूमि क्रेता लाखों रुपयों की धोखाधड़ी में फंसकर अदालतों के चक्कर लगाता रहता है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित हो कि मैंने अपने परिवारी पत्नी मंजू, विवाहित पुत्री कुसुम, अविवाहित पुत्र अजय, अविवाहित पुत्री वर्षा निवासी मीरा कॉलोनी भिंड मध्यप्रदेश से आजिज होकर संबंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में उनके किसी भी लेनदेन क्रियाकलाप से मेरा कोई सरोकार नही रहेगा। **संजय सिंह पुत्र स्व0 गोरे सिंह निवासी ग्राम आजाद नगर अजीतमल औरैया वर्तमान पता गदन खेड़ा निकट बैंक ऑफ इण्डिया के पीछे उन्नाव।**

## झगड़े के दौरान भाई ने सीने पर मारी लात, मौत

- बिजली का बिल जमा करने को लेकर हुआ था विवाद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**आलमबाग।** कृष्णा नगर इलाके में सोमवार सुबह करीब 11 बजे बिजली का बिल भुगतान करने को लेकर दो सगे भाइयों में विवाद हो गया और मारपीट हो गई, छोटे भाई ने बड़े भाई के सीने पर लात मार दी। जिससे बड़ा भाई फर्श पर गिरकर तड़पने लगा परिवारीजन पास के ही सरोजनीनगर सीएचसी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा नगर कोतवाली इलाके के अलीनगर सुनहरा रुस्तम बिहार कॉलोनी में शिवशंकर निषाद अपने चार बेटों संग रहते है सबसे बड़ा बेटा राकेश (40) दूसरा बेटा कर्मवीर तीसरा बेटा धर्मवीर और चौथा बेटा जितेंद्र है। सभी बेटों की शादी हो चुकी है और पूरा परिवार एक ही मकान में एकसाथ रहता है। भाई कर्मवीर के अनुसार बड़े भाई राकेश के मोबाइल पर बिजली भुगतान का मैसेज आया था चूंकि छोटा भाई धर्मवीर ई रिक्शा चलाता है और अपने रिक्शे को घर पर ही चार्ज करता है इसलिए उसके हिस्से की बिजली अत्यधिक खर्च होता है ।बिजली का बिल करीब दस हजार से ज्यादा आया था। मृतक राकेश ने धर्मवीर को ज्यादा पैसे देने के लिए कहा था ताकि बिजली का बिल जमा हो सके इस बात को लेकर विवाद हो गया और भाई धर्मवीर ने धक्का मुक्की दौरान बड़े भाई के सीने पर लात मार दिया जिससे उसका भाई घर में ही गिरकर तड़पने लगा परिवार के अन्य लोग तुरंत सरोजनी नगर हेल्थ सेंटर ले गए जहां डॉक्टरों ने राकेश को मृत घोषित कर दिया। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि भाइयों के विवाद में हुई मौत की जानकारी पर मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज आरोपित छोटे भाई को कस्टडी में ले लिया गया है।

## नशे की हालत में बायोलॉजिकल कंपनी संचालक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**आलमबाग ।** आलमबाग के चंदन नगर में रहने वाले एक कंपनी संचालक की रविवार रात्रि नशे की हालत में अचानक तबियत बिगड़ गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिये नजदीकी लोकबंधु अस्पताल भेजा जहां से केजीएमयू के लिए रेफर कर दिया गया जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि कैसरबाग में बायोलॉजिकल कंपनी के संचालक शिवम मलिक (33) पुत्र स्व बीआर मलिक अकेले ही आलमबाग के चंदरनगर मे रहते थे । रविवार रात्रि नशे के बाद उनकी हालत बिगड़ गई और केजीएमयू में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक के शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जानकारी अनुसार मृतक अकेले ही रहता था मृतक की पत्नी कानपुर रहती है और पत्नी से विवाद चल रहा था मृतक की तीन बहने है जो नैनीताल,राजस्थान और कनाडा में रहती है पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव रिश्तेदार मामा के सुपुर्द कर दिया गया है।

## पैसा देने के बहाने बुलाया, लोहे की रॉड से सिर फोड़ा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ में सस्ती जमीन दिलाने के नाम पर एक युवक से डेढ़ लाख रुपए की ठगी हो गई। पैसे मांगने पर प्रॉपर्टी डीलरों ने युवक और उसके भाई पर जानलेवा हमला कर दिया। सिर फोड़ दिया। दांत तोड़ दिए। चेन और अंगूठी लूट ली। गाड़ी तोड़ दी। जानकारी के अनुसार, फतेहपुर के बिनकी थाना क्षेत्र के सराय हवा ख्वाह गांव निवासी बृजेश कुमार वर्तमान में लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार में किराए पर रहते हैं। वह अहिमामऊ सुल्तानपुर रोड स्थित सौभाग्य डायग्नोस्टिक सेंटर में कार्यरत हैं। उनकी मुलाकात प्रतापगढ़ के शाहबारी कोठरिया निवासी विवेक चतुर्वेदी से हुई थी। विवेक ने खुद को जमीन खरीदने-बेचने वाला बताया और सस्ती जमीन दिलाने का प्रस्ताव दिया।

बृजेश के मुताबिक, जमीन देखने के बाद विवेक ने उनकी मुलाकात अम्बेस्टी ग्रुप के मालिक अमित द्विवेदी से कराई। दोनों के बीच 12 लाख रुपए में जमीन का सौदा तय हुआ। अमित के कहने पर बृजेश ने विवेक के माध्यम से कंपनी को नकद और ऑनलाइन मिलाकर कुल 1.50 लाख रुपए जमा कराए। हालांकि, जमीन की रजिस्ट्री नहीं हुई। जब बृजेश ने बार-बार रजिस्ट्री के लिए संपर्क किया, तो उन्हें बताया गया कि जमीन एलडीए द्वारा अधिग्रहित कर ली गई है, इसलिए रजिस्ट्री संभव नहीं है। इसके बाद बृजेश ने अपने पैसे वापस मांगे। अमित और विवेक ने पैसे लौटाने में टालमटोल शुरू कर दी। अमित ने बताया कि कंपनी में केवल 80,000 रुपए जमा हुए हैं, जबकि बाकी 70,000 रुपए विवेक के पास हैं। शिकायत के बावजूद दोनों ने पैसे वापस नहीं किए। पीड़ित बृजेश ने पहले सुशांत गोल्फ सिटी थाने में शिकायत दर्ज कराई और बाद में आईजीआरएस पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत भी की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बृजेश के अनुसार, बीते 9 नवंबर की रात करीब 6 बजे से 10:30 बजे के बीच विवेक चतुर्वेदी ने वॉट्सऐप और फोन के जरिए उसे पैसे लौटाने के बहाने झिझिला के पास सुशांत गोल्फ सिटी बुलाया। बृजेश अपने छोटे भाई अंकित के साथ कार से वहां पहुंचे।

मौके पर विवेक लोहे की रॉड लेकर सड़क पर टहल रहा था। उसे देखकर बृजेश ने अपने मित्र संजय गुप्ता को भी बुला लिया। जैसे ही बृजेश और उसका भाई गाड़ी से उतरे। विवेक और उसके साथ आए 10-12 लोगों ने लाठी-डंडों, कुल्हाड़ी और असलहों से हमला कर दिया। विवेक ने लोहे की रॉड से बृजेश के सिर पर वार किया। भाई अंकित का दांत टूट गया और होंठ फट गया। संजय गुप्ता और शिवा को भी गंभीर चोटें आईं। आरोप है हमलावरों ने बजेश की गाड़ी तोड़ दी और सोने की चेन व अंगठी भी लूट ली। मौके पर विवेक लोहे की रॉड लेकर सड़क पर टहल रहा था। उसे देखकर बृजेश ने अपने मित्र संजय गुप्ता को भी बुला लिया। जैसे ही बृजेश और उसका भाई गाड़ी से उतरे। विवेक और उसके साथ आए 10-12 लोगों ने लाठी-डंडों, कुल्हाड़ी और असलहों से हमला कर दिया। विवेक ने लोहे की रॉड से बृजेश के सिर पर वार किया।

भाई अंकित का दांत टूट गया और होंठ फट गया। संजय गुप्ता और शिवा को भी गंभीर चोटें आईं। आरोप है हमलावरों ने बृजेश की गाड़ी तोड़ दी और सोने की चेन व अंगूठी भी लूट ली। सूचना पर मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया ।लोहिया अस्पताल में भर्ती बृजेश और उसके भाई का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज जाँच शुरू कर दी है।

**दो पक्षों मे मारपीट का आरोप दोनों पक्षों ने थाने पर दी तहरीर:** माल क्षेत्र के एक गांव में दबंगों ने एक गरीब परिवार की लड़की की सरेराह इज्जत उड़ाने का काम किया। जब गरीब भाई ने विरोध किया तो दबंग ने अपने रिश्तेदार के साथ मिलकर गरीब का डंडा मारकर सिर फोड़ दिया। मिलीजानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव निवासी सरवन के पड़ोसी सत्येंद्र कुमार पासी ने उसकी बहन पर अभद्र टिप्पणी के साथ ही अश्लील हरकत करने लगा। बहन के बताने पर जब सरवन ने विरोध किया तो दबंगों ने अपने सीतापुर जनपद के अतरौली थाना के महसुआ गांव निवासी अजय पासी के साथ मिलकर भद्दी भद्दी गालियां दी और डंडों से सिर फोड़ दिया। अजय ने जान से मारने की धमकी दी। जिससे गंभीर चोट आयी है। पुलिस ने सरवन की तहरीर पर सत्येंद्र व अजय पासी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं सत्येंद्र पासी के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज हो गया है तो उनसे स्वयं थाने पर सरवन के विरुद्ध इसी तरह की घटना लिखवाकर जाति सूचक गालियां देने और जान से मारने, बहन के प्रति अभद्र प्रचार करने की तहरीर देकर क्रास मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि मामला अनुसूचित जाति उत्पीड़न से जुड़ा था, जिससे मुकदमा दर्ज कर जांच की जायेगी। उसके बाद सच्चाई उजागर हो जायेगी।

**न्यायालय सूचना**

**इत्तिलानामा बनाम रेस्पाडेन्ड मूशहर इत्तिला तारीख के जो अदालत अपील के लिए मुर्शरर की जाय (आर्डर 41 कायदा 41)**
**अपर जिला जज फास्ट्रैक कोर्ट सं.-2 इटावा**
**सिविल अपील सं.- 5 सन 2025**
**तारीख पेशी- 13.11.2025**

1. प्रदीप कुमार जैन पुत्र स्व. प्रेमचन्द्र जैन
2. साधना जैन पत्नी प्रदीप कुमार जैन

सर्व निवासीगण मोहल्ला गाडीपुरा शहर व जिला इटावा।

**बनाम**

1. सुरेश बाबू उर्फ सुरेश चन्द्र पुत्र स्व. नारायनदास निवासी- मोहल्ला कटरा टेकचन्द कूड़ादान शहर व जिला इटावा।
5. राजकुमारी पत्नी स्व. अजय कुमार
6. विशाल पुत्र स्व. अजय कुमार
7. प्रियंका नाबालिग पुत्री स्व. अजय कुमार

सर्व निवासीगण मकान नं. 33, सेक्टर 57, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश।

इत्तिला हो कि आपकी अपील बनारजी मुकद्दमा मुवरखा वाला ने पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ अदालत में आज तारीख वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्रर की है। अगर आप या आपका वकील या और शख्स जो कानून आपकी तरफ से हाजा में अपील में जवाब व सवाल करने का समाअत हो हाजिर न आवेगा तो उसी समाअत और तजबीज आपके हाजिरी में की जायेगी।

आज बतारीख 07 माह 11 सन 2025 ई. को मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से जारी किया गया।
जज

**न्यायालय सूचना**

**इत्तिलानामा बनाम रेस्पाडेन्ड मूशहर इत्तिला तारीख के जो अदालत अपील के लिए मुर्शरर की जाय (आर्डर 41 कायदा 41)**
**अपर जिला जज फास्ट्रैक कोर्ट सं.-2 इटावा**
**सिविल अपील सं.- 4 सन 2025**
**तारीख पेशी- 13.11.2025**

साधना जैन पत्नी प्रदीप कुमार जैन निवासी- मोहल्ला गाडीपुरा शहर व जिला इटावा।

...वादिनी

**बनाम**

1. रमेश चन्द्र पुत्र स्व. नारायनदास निवासी- मोहल्ला कटरा टेकचन्द कूड़ादान शहर व जिला इटावा।
4. राजकुमारी पत्नी स्व. बाबू
5. विशाल पुत्र स्व. बाबू
6. प्रियंका नाबालिग पुत्री स्व. बाबू

सर्व निवासीगण मकान नं. 33, सेक्टर 57, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश।

इत्तिला हो कि आपकी अपील बनारजी मुकद्दमा मुवरखा वाला ने पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ अदालत में आज तारीख वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्रर की है। अगर आप या आपका वकील या और शख्स जो कानून आपकी तरफ से हाजा में अपील में जवाब व सवाल करने का समाअत हो हाजिर न आवेगा तो उसी समाअत और तजबीज आपके हाजिरी में की जायेगी।

आज बतारीख 07 माह 11 सन 2025 ई. को मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से जारी किया गया।
जज

## डिजिटल उपकरणों का दुरुपयोग राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय : प्रेम गौतम



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) लखनऊ में साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल फॉरेंसिक विषयक राष्ट्रीय स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) प्रेम कुमार गौतम ने बतौर मुख्य अतिथि किया, जिन्हें संस्थान के अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा एवं चिरंजीव मुखर्जी द्वारा अंग वस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि प्रेम कुमार गौतम (आईजी एटीएस) ने कहा कि डिजिटल फुट प्रिंट्स हर जगह मौजूद हैं और वर्तमान जीवन बिना साइबरस्पेस की कल्पना नहीं की जा सकती इसलिए इस क्षेत्र की रक्षा आवश्यक है। उन्होंने ने कहा कि गहन साइबर सुरक्षा ज्ञान अधिकारियों के लिए निहायत आवश्यक है क्योंकि डिजिटल डेटा नया करेंसी बन चुका है और जिसके पास डेटा है, वही सशक्त है। उन्होंने बताया कि अधिकांश सोशल-मीडिया सर्वर्स विदेशों में स्थित होने के कारण भारत में जांच कार्य कठिन होती है। सोशल मीडिया पर नकली पहचान व झूठे मामले सामान्य हो गए हैं तथा विदेशी खुफिया एजेंसियों द्वारा फाइनेंसिंग व डिजिटल उपकरणों का दुरुपयोग राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है। साथ ही क्रिप्टो लेन-देनों, हवाला, शेल कंपनियों और व्यापक नेटवर्क के कारण जांच और भी जटिल हो गई है। गौतम ने विशेष रूप से हनीट्रैप के बढ़ते मामलों की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि प्रतिरूपण और साइबर लुभावने उपायों से लक्ष्य को फंसा कर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भी सतर्कता की सलाह दी, कहा कि खुद जागरूक रहें, अपने परिवेश के प्रति सतर्क रहें, पूरे इकोसिस्टम से परिचित रहें उन्होंने प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा ने संस्थान के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण सत्र में देश के विभिन्न राज्यों के उपनिरीक्षक से लेकर उपाधीक्षक स्तर के 40 पुलिस अधिकारी दिल्ली, केरल, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, गोवा, मध्य प्रदेश एवं ओडिशा राज्यों से प्रतिभागी हैं। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम में साइबर अपराध के रुझान एवं रिपोर्टिंग, डिजिटल साक्ष्य प्रबंधन विधिक ढांचे एवं डेटा संरक्षण, उभरती प्रौद्योगिकियां एवं एआई आधारित खतरे, ओएस ईनट एवं वित्तीय धोखाधड़ी विश्लेषण, सोशल मीडिया फॉरेंसिक और अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध जांच जैसे प्रमुख विषय शामिल हैं।

## चेन लेकर टप्पेबाज फरार, मुकदमा दर्ज

आलमबाग। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में बीते बुधवार को बाजार जा रही एक बुजुर्ग महिला का टप्पेबाजों ने रास्ता रोक चाकू दिखाकर गहने लूटने का भय दिखा गले में पहनी सोने का चेन उतरवा एक रुमाल में गांठ बांध वृद्धा को रूमाल थमा चलते बने। घर पहुंच पर अपने साथ हुई टप्पेबाजी की जानकारी होने पर वृद्धा ने अपने बेटे को बताई, बेटे की शिकायत पर कृष्णा नगर पुलिस ने रविवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम**
**अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या**

**ई-निविदा सूचना,** वि.आ.सं. 9435 एवं दिनांक: 03.11.2025

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

**1. 92 एच (एफ) (कार्य) / 2025-26 :** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-अयोध्या धाम, अयोध्या के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजनों / मेलों आदि के दृष्टिगत विद्युत तन्त्रों के अनुरक्षण के विभिन्न कार्य। प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 6000.00।

**2. 93 एच (एफ) (कार्य) /2025-26 :** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड - अयोध्या धाम, अयोध्या के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजनों / मेलों आदि के दृष्टिगत एच.टी./एल.टी. पोलो, पैनल एवं परिवर्तकों पर पन्नी बाधने एवं लाइनों पर आयी पेड़ो की डालियों की कटाई एवं छटाई आदि कार्य एवं लाइनों का अनुरक्षण व सुदृढ़ीकरण का कार्य। प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 6000.00।

**ई निविदा की अंतिम तिथि: 17 नवम्बर 2025, 17.00 बजे।**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

# उत्तराखंड महोत्सव : गोमती तट पर दिखा लोक संस्कृतियों का विहंगम दृश्य





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पंडित गोविंद बल्लभ पंत उत्तराखंड महोत्सव में कतारबद्ध लगे स्टाल तथा सुंदर ढंग से की गई सजावट, भव्य स्टेज पर चल रहे विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा दिन में चल रही प्रतियोगिताएं महोत्सव में आए दर्शकों को अपनी ओर खींच लेती हैं। पंडित गोविंद बल्लभ पंत पर्वतीय संस्कृतिक उपवन बीरबल साहनी मार्ग पर चल रहे उत्तराखंड महोत्सव में छोलिया दल की प्रस्तुति भी लोक संस्कृति की झलक बीच-बीच में प्रस्तुत करती रहती है।

उत्तराखंड महापरिषद द्वारा आयोजित महोत्सव के द्वितीय दिवस के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि समीरन सिन्हा रे मुख्य महाप्रबन्धक एवं क्षेत्रीय प्रमुख (मानव संसाधन) उत्तरी क्षेत्र एवं पूर्वी क्षेत्र-2, एनटीपीसी, संगीता सिन्हा रे, उपाध्यक्ष, उत्तरा लेडीज क्लब, एनटीपीसी, लखनऊ एवं महापरिषद के पदाधिकारियों द्वारा परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने संबोधन में लोक कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में महापरिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन लोक कलाकारों को एक मंच उपलब्ध कराते हैं, जिनके माध्यम से लोक कलाकार लोक संस्कृति का संदेश वाहक बन कर अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहरों का प्रचार प्रसार करते हैं, इससे विशेष कर युवा आकर्षित होते हैं और ऐसे ही हमारी धरोहर संस्कृति अगली पीढ़ी को प्राप्त होती है। महापरिषद ने सह प्रायोजक के रूप में सहयोग प्रदान करने के लिए एनटीपीसी का आभार व्यक्त किया। आज दिन में 5 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए काफल एकल गायन प्रतियोगिता हुई। इसमें 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया, प्रथम-अंबादत्त कांडपाल, द्वितीय-देवेश्वरी पवार, तृतीय रेनू सिन्हा रहे तथा निर्णायक सुनीता कनवाल, सीता नेगी रहीं। यह प्रतियोगिता पुष्पा वैष्णव, रेनू तिवारी, पुष्पा गैलाकोटी की देखरेख में सम्पन्न हुई।



डॉ रूबी राज सिन्हा के नेतृत्व में बैदेही वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा महिषासुर मदीर्नी देवी के नौ रूपों के दर्शन-जिसमें डॉ रूबी राज सिन्हा (अध्यक्ष)- आदिशक्ति, कल्पना सिंह- राधा रानी, आरती निगम-शेरावाली मैया, पूनम श्रीवास्तव- काली माता, निरुपमा गुप्ता- रुक्मिणी, रेणु सिन्हा-महालक्ष्मी आदि स्वरूप में दिखाई दी।

इस अवसर पर महापरिषद के संयोजक दीवान सिंह अधिकारी, अध्यक्ष हरीश चन्द्र पंत,महासचिव भरत सिंह बिष्ट, सचिव राजेश बिष्ट, मंगल सिंह रावत, महेश रौतेला, पूरन सिंह जीना, के एस चुफाल, शेर सिंह भाकुनी, भुवन पटवाल, अशोक अस्वाल, रमेश अधिकारी, सुरेश जोशी, सुनील उप्रेती, भुवन पाठक, पान सिंह, कैलाश सिंह आदि लोग उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सिंह कनवाल ने बताया कि डांस उत्तराखंड डांस, नाचेगा भारत, झोड़ा, वॉइस ऑफ उत्तराखंड आदि प्रतियोगिताओं को बेहतर बनाने में पूरन सिंह जीना एवं महेन्द्र सिंह गैलाकोटी ने बहुत मेहनत की है तथा यह प्रतियोगितायें लोगों द्वारा पसंद भी की जा रही हैं।

आन्या भट्ट के नृत्य की प्रस्तुति, नम्रता मिश्रा का भजन एवं रंजना जोशी का गायन, सुप्रिया रावत का भोजपुरी गायन एवं लोक भजन, लोक संगीत फाउण्डेशन की प्रस्तुति, लोक संस्कृति फाउंडेशन की अनन्या, आव्या प्रीती नेगी-मेरी ढाई हाथे धमेली पूजी के कमरा एवं गुलाबी सरारा का पहाड़ी लोक नृत्य, संगीत संस्कृति फाउण्डेशन की सीमा जोशी का नृत्य एवं रजनी गंधा के नेतृत्व मे सामूहिक लोक नृत्य तथा सनातन संस्कार मंच की रजनी तिवारी के नेतृत्व में सुन्दर अवधी लोक गायन- आदि सभी प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोहा और खूब तालियाँ बटोरी।

आज शाम के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्तराखण्ड जन कल्याण समिति, विकास नगर श्रीमती देवकी बोरा के नेतृत्व में झोड़ा, संस्कृति विभाग, देहरादून उत्तराखण्ड के सहयोग से हंसा नृत्य नाटय कला विकास सोसायटी, देहरादून, गढ़वाल के दल द्वारा श्रीमती इन्दू भट्ट ममगई (संस्कृति विभाग उत्तराखण्ड) के नेतृत्व में गणेश वन्दना, रासो, घसियारी (गायक-दुर्गा सागर, इन्दू ममगई, गौतम, सुनील कोठियाल, नृत्य कलाकार-संतोष, सतीश, रोहित, नीरज, मीनाक्षी, नियति, मानसी, पदमा एवं वाद्य कलाकार-ढोलक-गौरव आर्या, सिन्थसाइजर-शुभम, तबला-कुणाल जोशी, पैड हर्षित डांगी) की सुन्दर प्रस्तुतियों ने दर्शकों को अपनी संस्कृति से रूबरू कराया।

**झोड़ा प्रतियोगिता के 5 दल :** हेमा तिवारी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड जन कल्याण समिति विकास नगर, प्रेम सिंह बिष्ट के नेतृत्व में देवभूमि वृन्दावन जनसरोकार समिति पीजीआई वृन्दावन क्षेत्र, माया बिष्ट के नेतृत्व में बृह्म कमल सांस्कृतिक एवं सामाजिक समिति इन्दिरानगर विस्तार, सविता बिष्ट के नेतृत्व में सुगामऊ- ने अपने अपने झोड़ो की सुन्दर छटा गोमा तट पर बिखेरी। सुरेन्द्र राजेश्वरी के संचालन में वॉयस ऑफ उत्तराखण्ड में 4 गायकों-जगत सिंह धपोला, लक्ष्मण सिंह मर्तोलिया, दीपक परवाल, पंकज वाणगी-की छपेली की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मनोरंजन किया। डा. श्रेया संगीत संस्थान नेतृत्व डा0 श्रेया, लीरिक एकेडमी ऑफ म्यूजिक - नेतृत्व-मनीष त्रिपाठी एवं अनीता सिंह, सिटी स्कूल ऑफ डांस-नेतृत्व दिव्या शुक्ला ने सुन्दर नृत्यों से मंच सजाया। सृजनाकुर ग्रुप, गोमती नगर-सुश्री प्रियंका बिष्ट के नेतृत्व में, एहसास ग्रुप, आलोक नगर राधा बोरा के नेतृत्व में, उमंग ग्रुप, बसुन्धरा पुरम सुशीला नेगी के नेतृत्व में, जौहार मुन्स्यार सांस्कृतिक दल, विकास नगर नंदा रावत के नेतृत्व में लोक गीतों पर सुन्दर पारम्परिक नृत्यों की प्रस्तुति देते हुए लोगों को झुमाया।

## हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव का आगाज 19 से

- वैदिक विधि-विधान से संपन्न हुआ 'हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव' का 2025 का भूमिपूजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ के बहुप्रतीक्षित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम 'हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव-2025' की प्रतीक्षा खत्म होने वाली है। आयोजक अरुण प्रताप सिंह,गुंजन वर्मा,रनवीर सिंह,हेमू चौरसिया इसकी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जोर-शोर से जुटे हुए हैं। हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव 19 नंबर 2025 से शुरू। महोत्सव लखनऊ महोत्सव स्थल आशियाना के कांशीराम सांस्कृतिक स्थल,स्मृति उपवन आशियाना लखनऊ पर प्रति वर्ष लगता है। सरोजनी नगर के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह के सौजन्य से योयो हनी सिंह का नाईट कंसर्ट दिनांक 22 नवंबर को रखा गया है।

मां गायत्री जनसेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक अरुण प्रताप सिंह तथा नीशू वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष एवं भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ की महानगर सह संयोजक गुंजन वर्मा की उपस्थिति में सोमवार शाम को विधि पूर्वक भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ आचार्य पंडित अनुराग मिश्र शास्त्री द्वारा पूजन करा कर महोत्सव का ध्वज स्थापित किया गया। आयोजक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि भूमिपूजन से पूर्व ही उन्होंने सामाजिक व राजनैतिक जीवन से जुड़े गणमान्य महानुभावों से व्यक्तिगत भेंट कर कार्यक्रम के लिए औपचारिक न्योता दिया है। हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव 2025 के स्वागत एवं अभिनंदन हेतु लखनऊ के विभिन्न चौराहों एवं हायवे पर होरडिंग, यूनिपोल, एलईडी स्क्रीन लगाई गई है।

पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष 'हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव' की थीम 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत-आत्मनिर्भर भारत' है। मेले में सभी 28 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के हस्तशिल्प उत्पादों उपलब्ध होंगे। स्वादिष्ट व्यंजन, स्वदेशी झूले,सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए विशालकाय मंच बनाया जा रहा है जो पूरी तरह निःशुल्क रहता है। भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से समीर शेख, संतोष श्रीवास्तव, मनोज सिंह चौहान, संदीप शुक्ला, मोनालिसा,रोली जायसवाल, रोली सिंह, नीलम श्रीवास्तव, ठाकुर राम सिंह, अंशुमान सिंह, सत्यशरण सिंह, प्रदीप शुक्ला, ब्रह्म शंकर सिंह, नीरज यादव, रवि पाण्डेय, सुनील भाटिया, आदित्य कुमार, राकेश कुमार, विजय गुप्ता, शुभम, अमित तिवारी धीरेंद्र सिंह एडवोकेट शक्ति सिंह, एडवोकेट विवेक सिंह, प्रखर सिंह ,प्रीति मिश्रा, आकाश कुमार( अमिताभ शर्मा), एडवोकेट संदीप द्विवेदी चंद्र रावत आदि उपस्थित रहे।

# 18 राज्यों से 600 जनजाति कलाकार देंगे रंगारंग प्रस्तुति

- 13 से 18 नवम्बर तक जनजाति भागीदारी उत्सव का होगा भव्य आयोजन : असीम अरूण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति जयवीर सिंह एवं समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण ने लोकभवन में आज संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित करते हुए लोकनायक बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजाति गौरव दिवस के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। जयवीर सिंह ने कहा कि भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति में हमारी जनजाति समुदाय का अतुलनीय योगदान है। बिरसा मुण्डा को जनजाति समुदाय भगवान की तरह सम्मान देता है। इसलिए भारत सरकार द्वारा वर्ष 2022 लोकनायक बिरसा मुण्डा की जयंती को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि जनजाति गौरव दिवस से अवसर पर 13 से 18 नवम्बर 2025 तक राष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर के परिसर में किया जा रहा है। इसी क्रम में 15 नवंबर, 2025 को जनपद सोनभद्र में मुख्यमंत्री उप्र की मौजूदगी में एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी वर्चुअली जुड़े रहेंगे। उन्होंने बताया कि यह उत्सव एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को जनजातीय संस्कृति के माध्यम से सशक्त बनाने का एक सशक्त प्रयास है। इस आयोजन में प्रदेश और देश के विभिन्न अंचलों की जनजातियों की भाषाई, सांस्कृतिक, पारंपरिक और सामाजिक विविधताओं का संगम देखने को मिलेगा। जनजातीय भाषाओं की मधुरता, लोकगीतों की आत्मीयता, और पारंपरिक वेशभूषा की रंगीनता इस उत्सव को अनूठी पहचान प्रदान करेगी। यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत की सामासिक संस्कृति का जीवंत प्रतीक होगा, जहाँ विभिन्न जनजातियों के रहन-सहन, परंपरागत शिल्प, लोककला, लोकसंगीत, और खानपान की विशिष्टता एक मंच पर प्रदर्शित की जाएगी। जनजातीय समाज की वन संस्कृति, प्रकृति के प्रति आस्था, सामाजिक सहयोग की परंपरा और आत्मनिर्भर जीवनशैली इस आयोजन की आत्मा होगी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इस उत्सव में अरुणाचल प्रदेश भागीदार राज्य के रूप में सम्मिलित रहेगा, जबकि 18 राज्यों के लगभग 600 ख्याति प्राप्त जनजातीय कलाकार अपने पारंपरिक नृत्य, गीत और वाद्य प्रस्तुतियों के माध्यम से देश की सांस्कृतिक एकता का संदेश देंगे। उत्सव के दौरान पारंपरिक व्यंजन, जनजातीय हस्तशिल्प, हथकरघा उत्पाद, लोक चित्रकला और जनजातीय आभूषणों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

प्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण कहा कि यह उत्सव प्रदेश की विभिन्न जनजातियों के विकास और सम्मान का उत्सव है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज भारत की सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न अंग है, जनजातीय समुदाय की भाषाएं, वेशभूषा, जीवनदर्शन और सामूहिक जीवनशैली हमारी राष्ट्रीय एकता को और सुदृढ़ करती हैं। यह आयोजन न केवल जनजातीय गौरव का परिचायक होगा, बल्कि उनके आर्थिक सशक्तिकरण, सामाजिक सहभागिता और सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। कार्यक्रम में जनजातीय पारंपरिक खेल, लोककला कार्यशालाएं, कहानी कथन सत्र (फोक टेल्स), वन उत्पाद प्रदर्शन, और क्षेत्रीय व्यंजन प्रतियोगिता जैसी विविध गतिविधियाँ भी आयोजित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, जनजातीय युवाओं की भागीदारी से आधुनिकता और परंपरा का समन्वय प्रस्तुत किया जाएगा। समाज कल्याण मंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे इस ऐतिहासिक जनजाति भागीदारी उत्सव में बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर जनजातीय गौरव, भाषाई विविधता और सांस्कृतिक एकता के इस पर्व को सफल बनाएं।

## महोत्सव : पुराने दाम पर मिल रही अल्मोड़ा की बाल मिठाई

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बीरबल साहनी मार्ग पर स्थित पं. गोविंद वल्लभ पंत सांस्कृतिक उपवन में रविवार से दस दिवसीय उत्तराखंड महोत्सव की शुरूआत हो रही है। हालांकि सांस्कृतिक उपवन में एक दिन पहले ही स्टॉल सज चुके हैं और लोगों ने खरीदारी भी शुरू कर दी है। शनिवार को यहां आयोजित डांडिया नाइट देखने पहुंचे लोगों ने खरीदारी भी की। अल्मोड़ा की मशहूर बाल मिठाई और सिंगौड़ी का क्रेज लोगों में बरकरार है। खास बात यह है कि इस बार भी इसकी कीमत में कोई इजाफा नहीं किया गया है, जिससे ग्राहक खुश हैं।

अल्मोड़ा से बाल मिठाई और सिंगौड़ी लेकर आए दीवान सिंह बिष्ट व सुंदर सिंह बिष्ट ने बताया कि बाल मिठाई व सिंगौड़ी का पुराना स्वाद बरकरार है और पिछले साल के दामों पर ही। 20 साल से आ रहे दीवान सिंह ने बताया कि बाल मिठाई का व्यवसाय उनके परिवार में कई पीढ़ियों से चला आ रहा है। दूध से खोया बनाकर उसे घंटों औंटा जाता है और फिर हल्की शक्कर में इसके चॉकलेटी रंग आने तक घोंटा जाता है। इस मिठाई की खासियत है कि इसे फ्रिज में रखने की जरूरत नहीं होती है और इसे एक महीने तक घर में रखा जा सकता है। यह खराब नहीं होती है। हमारे पास बाल मिठाई 600 रुपये किलो है और इसका चॉकलेटी फ्लेवर 700 रुपये किलो है। दीवान और सुंदर के अनुसार, सिंगौड़ी को तैयार करने में काफी मेहनत लगती है। इसे कच्चे दूध के खोया के साथ तैयार करते हैं। सिंगौड़ी को मालू के पत्ते में लपेटकर दिए जाने के पीछे की वजह वे बताते हैं कि इससे सिंगौड़ी का स्वाद बदल जाता है। मालू के पत्ते की वजह से सिंगौड़ी में सोंधी खुशबू आती है। इसकी कीमत 900 रुपये किलो है। प्रति पीस 50 रुपये में उपलब्ध है।

# थ्रस्ट थियेटर अब कहलायेगा पद्मश्री राज बिसारिया प्रेक्षागृह

- बीएनए में अब अल्पकालिक पाठ्यक्रमों की भी होगी पढ़ाई

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारतेंदु नाट्य अकादमी की कार्यकारी परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया है कि अब यहां अल्पकालिक पाठ्यक्रमों का संचालन भी किया जाएगा। परास्नातक के साथ ही अब यहां तीन माह, छह माह और एक वर्षीय पाठ्यक्रमों की पढ़ाई भी होगी। अकादमी में हुई बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों को भी सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई।

निदेशक बिपिन कुमार ने बताया कि बीएनए में प्रेक्षागृह और कक्षों के नामों में परिवर्तन का अनुमोदन भी कार्यकारी परिषद की बैठक में किया गया। थ्रस्ट प्रेक्षागृह का नाम अब पद्मश्री प्रो. राज बिसारिया प्रेक्षागृह होगा। प्रथम तल पर स्थित ब्लैक बाक्स को अमृतलाल नागर पूर्वाभ्यास कक्ष कहा जाएगा। प्रथम तल पर स्थित पुस्तकालय को तुलसीदास अध्ययन कक्ष, क्लास रूम एक को आचार्य अभिनव गुप्त कक्ष, क्लास रूम दो को आचार्य भरतमुनि कक्ष, बेसमेंट स्थित कक्ष संख्या एक को मुंशी प्रेमचंद पूर्वाभ्यास कक्ष, कक्ष संख्या 2 को पं. रवि शंकर संगीत कक्ष और भूतल स्थित मीटिंग कक्ष का नामकरण जयशंकर प्रसाद कक्ष किया गया है। बीएम शाह प्रेक्षागृह यथावत रहेगा। बीएनए के अध्यक्ष डॉ. रतिशंकर त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए अस्थायी शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल तीन शिक्षक रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि अकादमी के बिजली बिल को कम करने के लिए सोलर ऊर्जा का इस्तेमाल किया जाएगा। इसे लेकर तैयारियां चल रही हैं और जल्द ही बीएनए सोलर एनर्जी से जगमगाएगा।

विशेष सचिव संस्कृति विभाग संजय कुमार सिंह, भारतेंदु नाट्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ रतिशंकर त्रिपाठी और निदेशक बिपिन कुमार की मौजूदगी में हुई बैठक में समिति की ओर से अल्पकालिक पाठ्यक्रमों के संचालन का सुझाव रखा गया। कहा गया कि ऐसे बहुत से नौकरीपेशा लोग हैं जो पूर्णकालिक कोर्स नहीं कर सकते हैं लेकिन रंगमंच से जुड़कर सीखना चाहते हैं। उनके लिए तीन माह, छह माह और एक वर्ष के अल्पकालिक कोर्सों के संचालन पर सहमति दी गई। इसके अलावा बीएनए के निदेशक के लिए वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति को 35 हजार रुपये से बढ़ाकर 50 हजार करने का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा अकादमी के छात्रों को चिकित्सकीय परामर्श के लिए एक चिकित्सक नियुक्त करने का भी अनुमोदन किया गया। भारतेंदु हरिश्चंद्र सम्मान की नियमावली को भी स्वीकृति दी गई। रंगमंडल के कलाकारों की आयु सीमा को बढ़ाने के प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया। रंगमंडल प्रमुख के लिए वर्तमान आयु सीमा 30 से 55 वर्ष को बढ़ाकर 30 से 58 वर्ष करने और कलाकारों की आयु सीमा में भी बढ़ोतरी की गई है। बैठक में अन्य सदस्यों में संगीत नाटक अकादमी से रेनू श्रीवास्तव, सहायक निदेशक आकाशवाणी विनय कुमार, कार्यक्रम अधिशासी दूरदर्शन केंद्र श्याम चौधरी और सहायक निदेशक संस्कृति विभाग तुहिन द्विवेदी भी मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय साहित्य परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद का तीन दिवसीय 17वां राष्ट्रीय अधिवेशन, जो 'आत्म बोध से विश्व बोध' के केंद्रीय उद्देश्य के साथ रीवा में शुरू हुआ था, शानदार समापन समारोह के साथ सम्पन्न हो गया, राष्ट्रीय अधिवेशन की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश के मीडिया प्रमुख अविनाश चन्द्र मिश्र ने बताया कि भारतवर्ष के विभिन्न प्रांतों से आए एक हजार से अधिक साहित्यकारों और विद्वानों ने इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लिया। श्री मिश्र ने कहा प्रमुख उद्घोष और संकल्प समापन सत्र के दौरान साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को लेकर कई महत्वपूर्ण विचार रखे गए और आगामी वर्षों के लिए परिषद की रूपरेखा तय की गई। एकात्म विचार पर बलः पंचम सत्र की शुरूआत में राष्ट्रीय महामंत्री मनोज कुमार ने धर्मांतरण के मुद्दे पर चिंता व्यक्त की और कहा कि एकात्म विचार के माध्यम से ही भारत का पुनर्वैभव संभव होगा। हनुमान जी का जीवन मूल्य आदर्शः संगठन सत्र में महामंत्री डॉ. पवनपुत्र बादल ने परिषद के वर्ष भर के कार्यों की आगामी रूपरेखा तय की। उन्होंने कार्यकताओं को हनुमान जी के जीवन मूल्य को आदर्श बनाकर प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। मीडिया प्रमुख श्री मिश्र ने बताया कि अधिवेशन में एक प्रस्ताव भी पारित किया गया, प्रचारित दूषित सामग्री के विरुद्ध परिषद के उद्देश्यों को स्पष्ट किया गया। समापन उद्बोधन अतुल जी ने दिया, जिसमें उन्होंने कला, मीडिया और शिक्षा जगत के समन्वय पर अपने विचार रखे। समापन सत्र का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की केंद्रीय कार्यकारिणी का नवीन गठन रहा। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने परिषद के उद्देश्य की पूर्ति का संकल्प लिया। संरक्षक प्रो. बलवंत भाई जानी, श्रीधर पराड़कर, अध्यक्ष डॉ. सुशील चंद्र त्रिवेदी जी मधुपेश उत्तर प्रदेश, उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश प्रताप सिंह (महाराष्ट्र), डॉ. के. सी. अजय कुमार (केरल) महामंत्री डॉ. पवनपुत्र बादल उत्तर प्रदेश, संगठन मंत्री मनोज कुमार दिल्ली, कोषाध्यक्ष प्रकाश बैताला उड़ीसा, संयुक्त महामंत्री डॉ. नीलम राठी दिल्ली, सह-कोषाध्यक्ष कमलाकांत गर्ग मध्य प्रदेश। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुशील चंद्र त्रिवेदी जी मधुपेश ने आयोजन के स्थान रेवा खंड (विंध्य) के महत्व को बताया, जिसे सुनकर उपस्थित साहित्य जगत के विद्वान गौरवान्वित हुए।

# पांच राज्यों से आये कलाकारों के साथ सम्मानित हुए भूपेंद्र अस्थाना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कला की संवेदनशीलता और सृजन की विविधता से सजे ईस्टर्न फेडरेशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर के 9वें वार्षिक कला समारोह के तीन दिवसीय कला उत्सव का समापन किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी, कला शिविर, कार्यशाला और पुरस्कार समारोह का आयोजन हुआ, जिसने देशभर से आए कलाकारों, विद्यार्थियों और कला प्रेमियों को एक साझा रचनात्मक मंच प्रदान किया।

समारोह की मुख्य अतिथि लखनऊ स्थित फ्लोरेंसेंस आर्ट गैलरी की संस्थापक एवं निदेशिका नेहा सिंह रहीं, जबकि वरिष्ठ कलाकार श्री जयकृष्ण अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इनके साथ प्रधानाचार्या सुश्री स्वाति एस. शालिग्राम, एत्र्फ्अउ अध्यक्ष श्री प्रदीप्त किशोर दास, उप प्रधानाचार्य कबीर अहमद तथा चित्रकार, क्यूरेटर भूपेन्द्र अस्थाना और चित्रकार अमित वर्मा की उपस्थिति ने आयोजन को और भी गरिमामय बनाया। तीन दिवसीय कला शिविर में देश के विभिन्न हिस्सों से आए कला शिविर में देश के विभिन्न प्रांतों से आए ख्यातिप्राप्त कलाकारों ने अपनी रचनात्मकता के रंग बिखेरे। इन तीन दिवसीय कला उत्सव में पांच राज्यों से आए कलाकारों ने एक एक कलाकृतियों का सृजन किया साथ ही छात्रों के साथ पेंटिंग और छापाकला का कार्यशाला और कला वार्ता भी आयोजित किया गया था।




एक विशेष कार्यशाला के लिए किरण नादर आर्ट म्यूज़ियम, नई दिल्ली से बंदना अग्रवाल और रिनीलता की उपस्थिति रही, जिन्होंने कला शिक्षण और संग्रहालय प्रथाओं पर अपने विचार साझा किए। कला शिविर में प्रमुख रहे – अमित कल्ला (जयपुर), अर्चना जेना (बालेश्वर), आर्यप्रज्ञा बस्बदत्ता (बालेश्वर), भूपेन्द्र अस्थाना (लखनऊ), डा. नीरजा सी. पीटर्स (नई दिल्ली), डा. शगुफ्ता खानम (लखनऊ), नेपोलियन (चेन्नई), प्रतीक मिश्रा (सीतापुर), सस्मिरेखा पात्रा (रांची), टिकम खंडप्पा (जोधपुर) और यतीश कासरगोड (जोधपुर) ने कला, विचार और अनुभूति के इस साझा संवाद ने आयोजन को एक जीवंत रचनात्मक अनुभव में बदल दिया।

समारोह में मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागी कलाकारों को स्मृति-चिह्न, प्रमाणपत्र और उपहार भेंट किए, वहीं डा. सूर्यशांता मोहंती, अंकुर वर्मा, डा. नीरजा, सुश्री सस्मिरेखा, और राजकिशोर दिंदा को विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सराहना करते हुए विशिष्ट अतिथि जयकृष्ण अग्रवाल ने प्रदर्शित कलाकृतियों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कला का यह उत्सव विद्यार्थियों और कलाकारों दोनों के लिए प्रेरणादायक है। मुख्य अतिथि सुश्री नेहा सिंह ने कलाकारों से संवाद कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और कहा ऐसे आयोजन न केवल कला के आदान-प्रदान के मंच हैं, बल्कि यह सीखने और साझा करने की यात्रा भी हैं। प्रधानाचार्या सुश्री स्वाति एस. शालिग्राम ने आयोजन को विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए टीम की सराहना की। अंत में डा. नीरजा पीटर्स ने आभार ज्ञापन प्रस्तुत किया और एत्र्फ्अउ अध्यक्ष प्रदीप्त दास ने विद्यालय प्रशासन, अतिथियों, कलाकारों और टीम के सभी सदस्यों को इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। विशेष रूप से श्री रघुनाथ जेना के कुशल संयोजन ने इस कला उत्सव को एक यादगार अनुभव बना दिया, जो भारतीय कला की जीवंतता और संवाद की परंपरा का सुंदर उदाहरण रहा। समापन समारोह पर संगीत, नृत्य और कला का ऐसा समवेत संगम बनी, जहाँ हर सुर और हर रंग एक-दूसरे से संवाद करता प्रतीत हुआ। शास्त्रीय संगीत की मधुर ध्वनियों और नृत्य की लयात्मक गति के साथ प्रदर्शित कैंप की कलाकृतियाँ मानो उसी भाव-संगीत में झूम उठीं हर चित्र ने जैसे ताल और अनुभूति का एक साझा राग छेड़ दिया।

# आज चलेंगी कई विशेष पूजा ट्रेनें, यात्रियों को मिलेगी राहत



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की माँग पर विशेष गाड़ियों का संचलन किया जा रहा है। 11 नवम्बर को पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली पूजा विशेष गाड़ियाँ हैं।

11 नवम्बर को 04824 मऊ-जोधपुर पूजा विशेष गाड़ी मऊ से 04.00 बजे प्रस्थान कर आजमगढ़, शाहगंज, अयोध्या धाम होते हुये चलाई जायेगी। 11 नवम्बर को 05062 टनकपुर-अछनेरा पूजा विशेष गाड़ी टनकपुर से 04.35 बजे प्रस्थान कर इज्जतनगर, कासगंज, मथुरा कैंट होते हुये चलाई जायेगी। 11 नवम्बर को 05131 गोरखपुर-बहराइच पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 05.25 बजे प्रस्थान कर आनन्दनगर, सिद्धार्थनगर, बढ़नी होते हुये चलाई जायेगी।

11 नवम्बर को 01124 मऊ-लोकमान्य तिलक टर्मिनस पूजा विशेष गाड़ी मऊ से 07.35 बजे प्रस्थान कर औड़िहार, वाराणसी जं., सूबेदारगंज, गोविन्दपुरी होते हुये चलाई जायेगी। 11 नवम्बर को 05132 बहराइच-गोरखपुर पूजा विशेष गाड़ी बहराइच से 14.30 बजे प्रस्थान कर बढ़नी, सिद्धार्थनगर, आनन्दनगर होते हुये चलाई जायेगी। 11 नवम्बर को 01080 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई) पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 14.30 बजे प्रस्थान कर गोंडा, कानपुर सेंट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) होते हुये चलाई जायेगी। 11 नवम्बर को 01416 गोरखपुर-पुणे पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 17.30 बजे प्रस्थान कर गोंडा, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) होते हुये चलाई जायेगी। 11 नवम्बर को 03216 थावे-पटना पूजा विशेष गाड़ी थावे से 18.25 बजे प्रस्थान कर मसरख, दिघवारा, पाटलिपुत्र होते हुये चलाई जायेगी। 11 नवम्बर को 09196 मऊ-वडोदरा पूजा विशेष गाड़ी मऊ से 23.45 बजे प्रस्थान कर औड़िहार, बनारस, गोविन्दपुरी होते हुये चलाई जायेगी।

## सतर्कता अधिकारी मानकर रेलवे बोर्ड के मानकों और निर्देशों का पालन करें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी थीम पर 18 अगस्त से 17 नवंबर तक चलाए जा रहे विशेष सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मंडल कार्यालय सभागार में एक सतर्कता सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार की अध्यक्षता पूर्वोत्तर रेलवे के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी तुषार कांत पाण्डेय ने की, जिसमें मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) नीतू तथा समस्त शाखाधिकारी उपस्थित थे। सेमिनार के आरम्भ में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल यादव ने मुख्यालय से आए सभी अधिकारियों का स्वागत एवं परिचय कराया।

इसके पश्चात वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी तुषार कांत पाण्डेय ने उपस्थित अधिकारियों एवं रेल कर्मचारियों को संबोधित करते हुए, सतर्कता जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि रेलवे में नौकरी के प्रथम दिन से ही सतर्कता अनिवार्य है। सभी अधिकारी दैनिक ड्यूटी के दौरान स्वयं को सतर्कता अधिकारी मानकर रेलवे बोर्ड के मानकों एवं निर्देशों का पालन करें। रेलवे बोर्ड की गाइडलाइंस को ध्यान में रखते हुए टेंडर, कॉन्ट्रैक्ट, रिकॉर्ड कीपिंग तथा दस्तावेज सत्यापन की नियमित निगरानी करें। भ्रष्ट गतिविधियों में संलिप्त कर्मचारी के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि भ्रष्टाचार उन्मूलन एवं सतर्कता नियमों का पालन प्रत्येक रेलकर्मी की साझा जिम्मेदारी है। तत्पश्चात पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (इंजीनियरिंग) ए.के. सिंह, (यांत्रिक) ए.पी. पाण्डेय, (सिग्नल एवं दूरसंचार) अमित कुमार, (स्टोर) श्री के.पी. सिंह, (लेखा) जॉय अमित वैन्ड्रीन तथा (विद्युत) अजय ऋषि ने सतर्कता जांच के दौरान सामने आए केस स्टडीज की विस्तृत जानकारी साझा की। मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में सतर्कता जागरूकता को अनिवार्य बताया। उन्होंने सभी स्तरों पर निगरानी, टेंडर एवं कॉन्ट्रैक्ट कार्यों को सावधानीपूर्वक एवं समयबद्ध निस्तारण पर जोर दिया। मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं उनकी टीम को सेमिनार के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त हुईं। यदि व्यक्ति सामने हो रहे भ्रष्टाचार के प्रति सजग रहे, तो पारदर्शिता बढ़ सकती है। रेल हित में नियमानुसार कार्य करने की प्रतिबद्धता आवश्यक है। इस तरह के सेमिनार रेलवे में भ्रष्टाचार मुक्त एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली को बढ़ावा देगा। अंत में राहुल यादव ने मुख्य सतर्कता अधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित कर सेमिनार का समापन किया।

## आरडीएसओ में अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति अदालत का आयोजन

लखनऊ। आरडीएसओ के सभागार में सोमवार को संस्थान में अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित मामलों की सुनवाई हेतु एक विशेष अनुकम्पा नियुक्ति अदालत का आयोजन किया गया। इस अदालत की अध्यक्षता अमर नाथ दुबे मुख्य कार्मिक अधिकारी आरडीएसओ ने की। इस पहल का उद्देश्य अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति से संबंधित आवेदनों और शिकायतों का शीघ्र एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करना था। अदालत के दौरान उपस्थित आवेदकों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना गया तथा उनके प्रकरणोंपरआवश्यक कार्रवाईकीगई। इस प्रकार की अदालतें संस्थान में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और कर्मचारी कल्याण के प्रति आर.डी.एस.ओ. की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती हैं।

## बीबीएयू में 'संविधान और समकालीन चुनौतियां' विषय पर हुई छात्र संगोष्ठी

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में सोमवार को विधि विभाग द्वारा भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'संविधान और समकालीन चुनौतियां' विषय पर छात्र संगोष्ठी के प्रथम चरण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विधि विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुदर्शन वर्मा के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम चरण के रूप में लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस परीक्षा का उद्देश्य छात्रों की संवैधानिक प्रावधानों, सिद्धांतों एवं समसामयिक संवैधानिक मुद्दों के प्रति समझ का आकलन करना था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में संवैधानिक साक्षरता, विश्लेषणात्मक सोच तथा संविधान की मूल भावना के प्रति अकादमिक अभिरुचि को प्रोत्साहित करना रहा। प्रथम चरण के बाद चयनित प्रतिभागी द्वितीय चरण में भाग लेंगे, जिसका आयोजन 26 नवम्बर को किया जाएगा। इस चरण में छात्र टीईडीएक्स शैली में संवैधानिक विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे, जिससे उनमें अभिव्यक्ति, विश्लेषण एवं प्रस्तुतीकरण कौशल का विकास हो सकेगा।

## भारतीय कानून के तहत उपलब्ध विधिक उपायों पर हुई चर्चा



लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के अटल हॉल में विधि अध्ययन संकाय द्वारा लखनऊ स्थित गैर-सरकारी संगठन एएएलआई (एसोसिएशन फॉर एडवोकेसी एंड लीगल इनेसेटिव) के सहयोग से अंडरस्टेंडिंग बॉउड्रिज एंड स्टेइंग सेफ विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान एएएलआई की वक्ता फकरुनिस्सा ने विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक सत्र के माध्यम से व्यक्तिगत सीमाओं, सहमति, स्वस्थ संबंधों एवं कानूनी सुरक्षा उपायों पर विस्तृत चर्चा की। सत्र के दौरान टी कन्सेंट नामक प्रसिद्ध उदाहरण के माध्यम से यौन सहमति की अवधारणा को सरल और प्रभावी रूप में समझाया गया, जिससे विद्यार्थियों को विषय की स्पष्ट समझ प्राप्त हुई। कार्यशाला में स्टॉकिंग जैसे गंभीर विषयों और भारतीय कानून के अंतर्गत उपलब्ध विधिक उपायों पर भी चर्चा हुई। विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और निर्भया प्रकरण से संबंधित प्रश्न उठाए, जिसके माध्यम से कानूनी सुधार, न्याय प्रणाली और सामाजिक जागरूकता की भूमिका पर सार्थक चर्चा हुई। अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. पियूष कुमार त्रिवेदी ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए एएएलआई की टीम, संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रो. मसूद आलम, अधिष्ठाता, विधि अध्ययन संकाय, डॉ. नीरज शुक्ला, प्रॉक्टर तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर विश्वविद्यालय और एएएलआई के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी किए गए, जो भविष्य में विधिक जागरूकता संबंधी गतिविधियों के संयुक्त आयोजन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## आईआरसीटीसी करायेगा रन ऑफ कच्छ के साथ केवड़िया की सैर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आईआरसीटीसी क्षेत्रीय कार्यालय लाया है लखनऊ से रन ऑफ कच्छ के साथ केवड़िया का हवाई टूर पैकेज। यह पैकेज 07 रात एवं 08 दिन का है। जिसमें - अहमदाबाद, केवडिया, कच्छ, भुज, राजकोट का भ्रमण कराया जाएगा। यह पैकेज दिनांक 21 नवंबर से 28 नवंबर तक का होगा।

टूर की विशेषताओं में इस टूर में यात्रियों को लखनऊ से अहमदाबाद जाने की एवं राजकोट से लखनऊ आने की व्यवस्था फ्लाइट के माध्यम से की गई है। साथ ही खाने - पीने एवं ठहरने की व्यवस्था तीन सितारा होटल एवं कैंप में की गयी है। यात्रा के दौरान अक्षरधाम मंदिर, रिवरफ्रंट, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, स्वामी नारायण मंदिर (नीलकंठधाम), रण उत्सव, काला डूंगर, गांधी नु गाम, सरद बाग पैलेस, स्मृतिवन भूकंप स्मारक, बाला हनुमान मंदिर आदि का भ्रमण कराया जायेगा। एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 87700 रुपये, दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 57300 रुपये, तीन व्यक्तियो के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 54200 रुपये, माता-पिता के साथ ठहरने पर प्रति बच्चे का पैकेज मूल्य 45900 रुपये, बेड सहित एवं मूल्य 44900 रुपये बिना बेड के होगा।

इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जायेगी। उक्त यात्रा की बुकिंग पर्यटन भवन गोमती नगर लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट पर ऑनलाइन भी कराई जा सकती है। अधिक जानकारी एवं बुकिंग के लिये दिये गये लखनऊ में 8287930911/9236391911/8287930902 और कानपुर में 8287930926 मोबाइल नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते है।

## सरोजनीनगर में इस माह खुलेंगे दो नये रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तीकरण केंद्र

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। डिजिटल ज्ञान के युग में वही आगे बढ़ेगा, जो सीखने को अपनाएगा। इसी विचार को आगे बढ़ाते हुए सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने घोषणा की है कि नवंबर माह दो नए ह्लरण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण केंद्रह्व की स्थापना की जाएगी, जिससे क्षेत्र में डिजिटल शिक्षा, ई-गवर्नेंस और रोजगार सशक्तिकरण को नई गति मिलेगी।

इन केंद्रों के खुलने के बाद विधानसभा क्षेत्र में ऐसे कुल 16 केंद्र संचालित होंगे जो डिजिटल स्किल्स, ई-गवर्नेंस सेवाओं और उद्यमिता प्रशिक्षण के समग्र केन्द्र के रूप में विकसित किए जा रहे हैं। अब तक की प्रमुख उपलब्धियां में सरोजनीनगर विधानसभा में अब तक 14 केंद्र संचालित। आधुनिक डिजिटल विषयों में1000 से अधिक युवाओं ने प्राप्त किया प्रशिक्षण। प्रत्येक केंद्र पर 4 बैच प्रतिदिन निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण संचालित। स्थानीय नागरिकों को उपलब्ध सुविधाएं - वोटर पंजीकरण, विधवा पेंशन, आय/जाति प्रमाण पत्र, फसल एवं स्वास्थ्य बीमा जैसी ई-गवर्नेंस सेवाएँ। सीएम युवा उद्यमी योजना में पंजीकरण कराकर युवाओं को ?5.0 लाख तक का ब्याजमुक्त ऋण प्राप्त करने में सहयोग। आगामी विस्तार योजनाओं में इस माह दो नए केंद्र खोले जाएंगे - एक बंथरा क्षेत्र में एवं एक शहर क्षेत्र में। इन नए केंद्रों में सोलर रजिस्ट्रेशन, वोटर कार्ड सहायता और अन्य नई सेवाएँ भी आरंभ की जाएंगी। लक्ष्यः वर्ष 2027 तक 100 डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण केंद्र स्थापित करना। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा, ये केंद्र केवल प्रशिक्षण स्थल नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, सम्मान और अवसर के प्रतीक हैं। मेरा लक्ष्य है कि सरोजनीनगर का हर नागरिक अपने गाँव या घर से ही सरकारी सेवाओं और डिजिटल सुविधाओं का लाभ उठा सके। दृष्टिः इन केंद्रों के माध्यम से सरोजनीनगर विधानसभा उत्तर प्रदेश की पहली ह्यडिजिटल एवं युवा सशक्तिकरण मॉडल विधानसभाह्न के रूप में उभर रही है, जहाँ हर ग्राम एक डिजिटल हब बन रहा है और हर युवा आत्मनिर्भर भारत का दूत बन रहा है।

## जनपद में मनाया गया प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

- जिला स्तरीय अधिकारियों ने सीएचसी बीकेटी, मलिहाबाद मोहनलालगंज और काकोरी का किया भ्रमण
- कुल 3112 गर्भवतियों की हुयी जांच
- 312 उच्च जोखिम गर्भावस्था की हुयी पहचान



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जनपद में सोमवार को सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) दिवस आयोजित हुआ इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एन.बी.सिंह के निर्देश पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.एन.यादव और एआरओ अन्नू शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बक्शी का तालाब (बीकेटी), अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमिताभ श्रीवासतव डीपीएम सतीश यादव तथा एआरओ प्रदीप श्रीवास्तव ने मलिहाबाद, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गोपी लाल एवं संजय मिश्रा अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर ने मोहनलालगंज एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तेलीबाग तथा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. निशांत निर्वाण, डीसीपीएम विष्णु प्रताप ने काकोरी सीएचसी का भ्रमण कर पीएमएसएमए और सीएचसी पर दी जाने वाली सेवाओं तथ उक्त सीएचसी के तहत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों(पीएचसी) व आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का भी औचक निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि हर माह की नौ तारीख को यह अभियान मेडिकल कॉलेजों, सभी ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य इकाइयों, जनपदीय महिला अस्पतालों, शहरी सामुदायिक एवं ग्रामीण सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मनाया जाता है तथा एक, 16 और 24 तारीख को सभी शहरी एवं ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जनपद स्तरीय चिकित्सा इकाइयों एवं राजकीय मेडिकल कॉलेजों में किया जाता है। महीने में चार बार आयोजित करने का उद्देश्य अधिक से अधिक गर्भवती की जांच कर उच्च जोखिम खतरे की गर्भावस्था की पहचान कर उसका प्रबंधन करना है जिससे कि मातृ मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। इन चार दिवसों पर यदि अवकाश होता है तो अगले दिन इस दिवस का आयोजन होता है नौ को रविवार होने के कारण यह सोमवार को अयोजित हुआ। इस अभियान का उद्देश्य उद्देश्य गर्भवती को कम से कम एक बार स्त्री रोग विशेषज्ञ अथवा एमबीबीएस चिकित्सक की देख रेख में निःशुल्क गुणवत्तापरक जांच एवं उपचार से अच्छादित किया जाना है। इसको शुरू करने के पीछे सरकार की मंशा हर गर्भवती की प्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा कम से कम एक बार प्रसवपूर्व जांच कराना है जिससे कि उसका उचित फॉलो अप किया जाये तो इससे नवजात और मातृ मृत्यु दर में कमी आ सकती है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि सोमवार को आयोजित पीएमएसएमए दिवस के तहत कुल 3112 गर्भवतियों की जाँच की गयी और 312 उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान हुयी।

## नवाचार, कला और उत्सव से सजी शाम ने जगमगाया परिसर

**लखनऊ।** लविवि का परिसर सोमवार को रचनात्मकता, उत्साह और ऊर्जा से सराबोर रहा जब यूरेका 2026 का भव्य प्रीमियर एवं पोस्टर लांच एपी सेन ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। यह आयोजन इंस्टीट्यूट ऑफ वीमेन एंड जेंडर स्टडीज द्वारा डेल्फोस इवेंट्स के सहयोग से आयोजित किया गया।

यह आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय के पहले राज्य-स्तरीय बहुविषयक उत्सव यूरेका 2026 के औपचारिक शुभारंभ का प्रतीक बना, जो विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार, उद्यमिता और संस्कृति का अद्भुत संगम है। डीन (छात्र कल्याण) प्रो. वीके शर्मा, विशिष्ट अतिथियों और शिक्षकों ने प्रेरणादायक संबोधन दिए। इसके बाद बहुप्रतीक्षित यूरेका 2026 पोस्टर का अनावरण किया गया, जिसने सृजनशीलता, एकता और अनंत कल्पनाशक्ति का प्रतीक प्रस्तुत किया।

ऑडिटोरियम में ऊर्जा, कला और नवाचार का अद्भुत समन्वय देखने को मिला – छात्रों की ऊजार्वान प्रस्तुतियां, प्रेरक वीडियो प्रदर्शन और आगामी सिनेमैटिक वेब सीरीज यूरेका : द अनसंग टेल की विशेष झलक ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह शृंखला डेल्फोस प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित की जा रही है। पूरा माहौल उत्साह और प्रेरणा से भरा रहा। हर प्रस्तुति पर गूंजती तालियों ने छात्रों के समर्पण और रचनात्मकता को दर्शाया। इस अवसर पर यूरेका 2026 के प्रमुख तनिष्क ने कहा कि आज की यह शाम केवल शुरूआत है। यूरेका कोई साधारण उत्सव नहीं, बल्कि एक ऐसा आंदोलन है जिसे उन छात्रों ने शुरू किया है जिन्होंने अपने सपनों को साकार करने की हिम्मत की।

## शिक्षकों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा परिषद में नियुक्त गणित, विज्ञान शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं चयन वेतनमान, पदोन्नति, ई सर्विस बुक करेक्शन आदि के संदर्भ में जूनियर हाई स्कूल शिक्षक महासभा के बैनर तले शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को बेसिक शिक्षा मंत्री से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। संगठन के पदाधिकारियों द्वारा बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह से वर्तमान समय में जारी गणित विज्ञान शिक्षकों की चयन वेतनमान की प्रक्रिया में संबंधित जिलों द्वारा की जा रही हीलाहवाली एवं हजारों की संख्या में लंबित ई सर्विस बुक करेक्शन के मामलों में त्वरित कार्यवाही न होने से परेशान हो रहे परिषदीय शिक्षकों की समस्याओं के निदान के संबंध में संबंधित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करने का अनुरोध किया। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से कृष्ण कुमार, विमल प्रताप, अनुग्रह त्रिपाठी, विवेकानंद पांडे, दीपक शर्मा, विक्रमादित्य सिंह, राहुल चौधरी, सुबोध चौधरी, हरेंद्र मौर्य, आलोक शुक्ला, गजराज सिंह, गौरव राजपूत, आफताब आलम आदि उपस्थित रहे।

## लविवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी के फ्लायर का विमोचन



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने भौतिक विज्ञान विभाग में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय संगोष्ठी आरएएमएसटी-2025 के फ्लायर का औपचारिक विमोचन किया। यह संगोष्ठी 6 दिसंबर को लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग द्वारा आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर संगोष्ठी की आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। इस संगोष्ठी का उद्देश्य देश भर के वैज्ञानिकों, प्राध्यापकों, शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों को एक साझा मंच प्रदान करना है, जहां वे मटेरियल साइंस और उससे संबंधित उभरते अनुसंधान क्षेत्रों पर विचार-विमर्श कर सकें। संगोष्ठी के प्रमुख विषयों में बायोसिरेमिक्स, नैनो कम्पोज़िट सामग्री, स्मार्ट मटेरियल्स, ग्लास एवं सिरेमिक्स, सेंसर एवं एक्ट्यूएटर्स, संघनित पदार्थ भौतिकी, प्लाज्मा अध्ययन आदि शामिल हैं। फ्लायर विमोचन अवसर पर प्रो. मनुका खन्ना ने कहा कि शोध-आधारित शैक्षणिक गतिविधियां वैज्ञानिक सोच और नवाचार को प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने युवा शोधार्थियों से आग्रह किया कि वे सक्रिय रूप से संगोष्ठी में भाग लें और विशेषज्ञों के मार्गदर्शन से लाभान्वित हों। संगोष्ठी के लिए शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए पंजीकरण प्रारंभ हो चुका है।

## स्पर्धा 2025 में चरम पर रहा खेल भावना और एकता का उत्सव

- एलपीएस के अंसल, एल्डिको, सेक्टर डी और आई शाखा में हुई विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह फाउंडेशन) के सभी परिसरों में ऊर्जा, उत्साह और खेल भावना की लहर दौड़ गई जब स्पर्धा 2025 वार्षिक अंतर-शाखा खेल महोत्सव ने विभिन्न शाखाओं के विद्यार्थियों को एथलेटिक उत्कृष्टता और टीम भावना के इस भव्य उत्सव में एक साथ जोड़ा। कबड्डी, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, बैडमिंटन, खो-खो और टेबल टेनिस जैसे खेलों से सजी इस बहु-स्थलीय प्रतियोगिता में प्राथमिक से वरिष्ठ वर्ग तक के विद्यार्थियों ने अनुशासन, कौशल और दृढ़निश्चय का शानदार प्रदर्शन किया।

एल्डिको शाखा ने कबड्डी प्रतियोगिता की मेजबानी की, जहां रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। बालक वर्ग में रायबरेली शाखा ने साउथ सिटी शाखा को कड़े मुकाबले में हराकर विजेता ट्रॉफी जीती, जबकि एल्डिको शाखा तीसरे स्थान पर रही। बालिका वर्ग में साउथ सिटी शाखा ने रायबरेली को पराजित कर चैंपियनशिप अपने नाम की, वहीं एल्डिको शाखा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में अमर बहादुर (साउथ सिटी) को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर और अभय (रायबरेली) को सर्वश्रेष्ठ रेडर घोषित किया गया। बालिका वर्ग में आयुषी शुक्ला (रायबरेली) और शिक्षा सिंह (साउथ सिटी) ने यही खिताब हासिल किए।

**बास्केटबॉल में सेक्टर आई और अंसल विजयी:** अंसल शाखा ने कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए बास्केटबॉल टूनामेंट की मेजबानी की। बालक वर्ग में सेक्टर-आई शाखा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का ताज पहना, साउथ सिटी उपविजेता रही, जबकि अंसल और सेक्टर-डी ने तीसरा स्थान साझा किया। बालिका वर्ग में अंसल शाखा ने चैंपियनशिप जीती, सेक्टर-डी उपविजेता रही, और सेक्टर-क्व साउथ सिटी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में आयुष (सेक्टर-आई) और सुहाना (अंसल) को सम्मानित किया गया। हैंडबॉल प्रतियोगिता में सेक्टर-आई ने रणनीतिक कुशलता के साथ स्वर्ण पदक जीता। सेक्टर-डी ने रजत पदक हासिल किया, जबकि अंसल और साउथ सिटी ने कांस्य पदक साझा किया। ईशांत (सेक्टर-आई) को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।

**बैडमिंटन ने दिखाई नन्हे सितारों की चमक:** सेक्टर-आई शाखा में प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आयोजित बैडमिंटन चैम्पियनशिप में बच्चों ने शानदार कौशल और एकाग्रता का परिचय दिया। बालिका वर्ग में सेक्टर-आई ने पहला स्थान प्राप्त किया, जानकीपुरम द्वितीय और सेक्टर-डी तृतीय रहे। आद्या सिंह राठौर (सेक्टर-आई) को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का सम्मान मिला। बालक वर्ग में अंसल शाखा विजेता रही, उन्नाव और सेक्टर-डी क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। अभिनव कुमार (अंसल) को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।

**खो-खो और टेबल टेनिस में भी दिखी कड़ी प्रतिस्पर्धा:** सेक्टर-डी शाखा ने दो शानदार प्रतियोगिताओं की मेजबानी की, कक्षा 9-12 के लिए खो-खो और कक्षा तीन से पांच के लिए टेबल टेनिस। खो-खो (बालक वर्ग) में साउथ सिटी शाखा ने विजेता स्थान प्राप्त किया, सेक्टर-डी द्वितीय और एल्डेको तृतीय स्थान पर रहे। आयुष गुप्ता (साउथ सिटी) और आयुष्मान राय (सेक्टर-डी) को क्रमशः सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर और सर्वश्रेष्ठ अटैकर घोषित किया गया।

## साइबर जागरूकता और महिला सशक्तीकरण पर कार्यशाला आयोजित




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सोमवार को कमिश्नरेट कानपुर पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता एवं महिला सशक्तिकरण पर एचबीटीयू कानपुर नगर में आयोजित कार्यशाला का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारम्भ किया गया। पुलिस कमिश्नर कानपुर नगर रघुबीर लाल, जिलाधिकारी कानपुर नगर, व्यापार मंडल के सभी सम्मानित सदस्यगण, इंडस्ट्रियलिस्ट, बैंकर्स, स्टूडेंट्स, टीचर्स, एनजीओ तथा पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित अत्याधिक संख्या में लोग उपस्थित रहें। पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा उक्त कार्यशाला में प्रतिभाग कर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा गया कि यह एक अत्यंत सामयिक एवं उपयोगी कार्यशाला है। आज के डिजिटल युग में साइबर उपयोग जीवन की अनिवार्य आवश्यकता बन गया है। कोविड काल के पश्चात ई-कॉमर्स के क्षेत्र में लगभग 60 से 70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं की सक्रियता में भी उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी हुई है। वर्तमान समय में अधिकांश लोग इंटरनेट से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हैं, किन्तु इसके दुरुपयोग की घटनाएँ भी सामने आ रही है।

संक्षेप

## कृषि यंत्रों के लाभार्थियों का चयन लॉटरी आजसे

**देवरिया।** उप निदेशक कृषि सुभाष मौर्य ने बताया कि कृषि यंत्रों के लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। यह चयन जिला स्तरीय कार्यकारी समिति (डी.एल.ई.सी.) की उपस्थिति में कृषि विभाग की पोर्टल/वेबसाइट पर किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू योजना तथा सब-मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत अनुदान हेतु पात्र लाभार्थियों का चयन 11 नवम्बर, 2025 को प्रातः 10:00 बजे से विकास भवन स्थित गांधी सभागार, देवरिया में किया जाएगा।

उप निदेशक कृषि ने जनपद के कृषक बंधुओं से अपील की है कि जिन किसानों ने कृषि यंत्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन या बुकिंग की है, वे निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर ई-लॉटरी प्रक्रिया में सहभागिता अवश्य करें।

# जिला ताईक्वाण्डो चैम्पियनशिप का नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में 17वां भव्य आयोजन

जिला संवाददाता



**बिजनौर।** जिला ताईक्वाण्डो एसोसिएशन बिजनौर एवं जिला खेल कार्यालय बिजनौर के संयुक्त तत्वावधान में 17वीं बिजनौर जिला ताईक्वाण्डो चैम्पियनशिप 2025 (बालक एवं बालिका वर्ग) का भव्य आयोजन नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम बिजनौर में किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता ऐश्वर्या मौसम चैधरी ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर जिला क्रीड़ाधिकारी राजकुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत बुके भेंट कर, सचिव राजू राजपूत ने शॉल ओढ़ाकर तथा हिमांशु ने बैज लगाकर सम्मानित किया। इस मौके पर खिलाड़ियों द्वारा मुख्य अतिथि के समक्ष ताईक्वाण्डो का आकर्षक प्रदर्शन (डेमोंस्ट्रेशन) प्रस्तुत किया गया, जिसमें आत्मरक्षा तकनीकें, किकिंग और ब्रिक ब्रेकिंग कौशल प्रदर्शित किए गए। ऐश्वर्या मौसम चैधरी ने कहा कि जिला स्तर पर इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ाती हैं, बल्कि उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना से भी ओत-प्रोत करती हैं। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि बिजनौर विधानसभा क्षेत्र के जो भी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करेंगे उनकी ओर से 51 हजार रुपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर जिला क्रीड़ाधिकारी राजकुमार ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं जिले के खिलाड़ियों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती हैं। ताईक्वाण्डो जैसे अनुशासन प्रधान खेल से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक सशक्तिकरण भी होता है। इस अवसर पर जिला क्रीड़ाधिकारी राजकुमार, सचिव राजू राजपूत, जिला ताईक्वाण्डो एसोसिएशन बिजनौर; हिमांशु, सहायक जिला खेल कार्यालय बिजनौर; नईम (बॉडी बिल्डर); चमन सैनी; लव अग्रवाल; नसीम अहमद; वंशिका चैहान, एवं मौ0 आरिफ, जीवन सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## डंपर की टक्कर से एक शिक्षक व दो शिक्षिका घायल, कार क्षतिग्रस्त

**अयोध्या।** रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर डंपर की टक्कर से कार सवार एक शिक्षक व दो शिक्षिका घायल हो गए। तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोमवार को स्कूल में छुट्टी के बाद हैरिंगटनगंज शिक्षा क्षेत्र के जूनियर विद्यालय शाहगंज में तैनात शिक्षिका पूनम देवी (36 वर्ष) पत्नी श्याम नारायन निवासी देवकाली कोतवाली नगर व सौरभ पटेल (50 वर्ष) पुत्र ओंकारनाथ निवासी रोहिणी कालोनी कोतवाली नगर और प्राथमिक विद्यालय शाहगंज की शिक्षिका पुष्पा (31 वर्ष) पत्नी पवन कुमार निवासी बुधईपुर तुलसीपुर थाना बैरहवां जिला सुल्तानपुर वापस जिला मुख्यालय आ रही थी। इसी दौरान रायबरेली हाइवे पर कैंट थाना क्षेत्र केटक्कर मार दी। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर ने बताया कि दोनों शिक्षिकाओं को घाटी शिक्षक फूलचंद्र तथा शिक्षक सौरभ को उसका भाई अरविन्द श्रीवास्तव लेकर आया था। सभी को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

## सेंध काटकर लाखों के आभूषण व नगदी चोरी, दहशत में लोग



**कुशीनगर।** जिले के हाटा कोतवाली क्षेत्र के गांव मुहम्मदा जमीन सिकटिया बारी टोला निवासी एक व्यक्ति के घर बीती रात पीछे दिवाल में सेंध काटकर चोरों ने लाखों के आभूषण व नगदी चोरी कर पुलिसिया गश्त की पोल खोल दिया। चोरी से मुहल्ले सहित क्षेत्र में दहशत का माहौल कायम हो गया है।

जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी रामाश्रय तिवारी पुत्र स्व. कमलनाथ तिवारी के घर में 09/10 की रात मकान में पीछे दिवाल से सेंध काटकर चोरों ने घर में रखा बॉक्स उठाकर करीब दो सौ मीटर दूरी पर एक खाली धान के खेत में ले गए और बॉक्स को तोड़कर उसमें रखे सोने की जेवरात, हार, टीका, नथिया, चांदी के पाजेब सहित 10 हजार रुपए नगद चोरी कर लिए फरार हो गए। बॉक्स में रखा एलआईसी का रशीद सहित अन्य कागजात भी साथ लेते गए। सूचना पर पहुंचे कोतवाल हाटा रामसहाय चौहान ने घटना स्थल का जायजा लिया और पीड़ित व्यक्ति से आवश्यक जानकारी हासिल किया। इस संबंध में पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। बता दें कि ठंड का मौसम शुरू होते ही चोरों का दस्तक बढ़ने लगा है। इस बीच पुलिस भी रात में गश्त कर पहरा दे रही है लेकिन ये चोरी पुलिसिया गश्त की पोल खोल दिया है। इस संबंध में कोतवाल हाटा ने कहा कि चोरी की सूचना पर मौके से गया था। जांच पड़ताल की जा रही है, जल्द ही खुलासा कर दिया जायेगा।

# रामकोला त्रिवेणी चीनी मिल पेराई सत्र 2025-26 के लिए डोंगा में गन्ना डालकर शुभारंभ



**कुशीनगर।** रामकोला नगर पंचायत में स्थित त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, इकाई रामकोला में नए पेराई सत्र 2025-26 का शुभारंभ विधिवत पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विनय प्रकाश गौड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने परंपरागत रूप से डोंगे में गन्ना डालकर पेराई सत्र की शुरूआत की।

कार्यक्रम से पहले मिल प्रबंधन की ओर से मंदिर में पूजा-अर्चना और बैल-बैलगाड़ी की विधिवत पूजा की गई। मिल के महाप्रबंधक यस राज सिंह ने बताया कि इस वर्ष किसानों के सहयोग से मिल अधिक उत्पादन और बेहतर भुगतान व्यवस्था की दिशा में काम करेगी।

विधायक विनय गोड़ ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ने नए पेराई सत्र 2025,2026 के लिए गन्ने के मूल्य में ?30 प्रति कुंतल की वृद्धि की है इस वृद्धि के बाद अगैती गन्ने का मूल्य ?400 प्रति कुंतल और सामान्य गन्ने का मूल्य ?390 प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। गन्ना किसानों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। गन्ना मूल्य का भुगतान समय से हो, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों की किसी भी शिकायत पर तत्परता से कार्यवाही होगी।

नए सत्र के शुभारंभ पर सांसद विजय कुमार दुबे की अनुपस्थिति में उनके पुत्र ब्लॉक प्रमुख शशांक दुबे ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की और शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में मानवेंद्र राय, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य फूलबदन कुशवाहा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश चौधरी, आशुतोष गोविन्द राव (गोलू बाबू), मंडल अध्यक्ष राजेश राव (टेकुआटार), मनमोहन गुप्ता, राधेश्याम दीक्षित, सत्यपाल गोविन्द राव, अनूप श्रीवास्तव, शांति शाही सहित बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि एवं मिल कर्मचारी उपस्थित रहे। मिल प्रबंधन ने आए हुए सभी अतिथियों और किसानों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जेपी इंटर कॉलेज कप्तानगंज के छात्रों ने लहराया सफलता का परचम



**कुशीनगर।** भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित मंडल स्तरीय समूह गान प्रतियोगिता में तथागत शाखा कुशीनगर जनपद का प्रतिनिधित्व कर रही जेपी इण्टर मीडिएट कालेज कप्तानगंज की छात्राओं ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम गौरवान्वित किया। छात्राओं के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर है। छात्राओं ने इस कार्यक्रम में संस्कृत भाषा में गीत, लोक गीत कजरी और राष्ट्र वंदना प्रस्तुत कर न केवल निर्णायक मंडल की प्रशंसा प्राप्त की बल्कि भगवान बुद्ध की धरती का ध्वज बुलंद किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीराम प्रसाद ने कहा कि छात्राओं की मेहनत, लगन और अनुशासन के परिणाम स्वरूप यह सफलता संभव हुई है। गोरखपुर मण्डल का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित यह टीम आगामी 16 नवम्बर को लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। वहीं भारत विकास परिषद के द्वारा आयोजित भारत को जानों नाम के सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रवीन शर्मा और अनमोल गौड ने प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है जो तथागत शाखा कुशीनगर अन्तर्गत जेपी इण्टर मीडिएट कालेज के विद्यार्थी हैं। भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों जिसमें मुख्य रूप से शाखा अध्यक्ष शैलेंद्र दत्त शुक्ल, निरेन पांडेय, मनोज सारस्वत, दम्पति सिंह, ज्ञान वर्धन गोविंद राव, उप प्रधानाचार्य विश्वंभर प्रसाद, वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार भट्ट, जेपी फामेर्सी कालेज के निदेशक डॉ चन्दन कुमार गोंड, संगीत शिक्षक रामदरश शर्मा, प्रेम नारायण पाण्डेय, ताहिरा बानो, गिरिजा प्रजापति, सगीर अहमद, रणजीत सिंह, मुकेश कुमार, अभिषेक सिंह सहित अनेक लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## जिला एकीकरण समिति की बैठक सम्पन्न

**देवरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष पं0 गिरीश चंद्र तिवारी की अध्यक्षता में जिला एकीकरण समिति की बैठक विकास भवन स्थित गांधी सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला विकास अधिकारी सुभाष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी मृत्युंजय प्रसाद चतुर्वेदी, अनिल यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक शिवनारायण सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी देवमुनि वर्मा और गोपाल मिश्र सहित समिति के सदस्य, धर्मगुरु एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में स्थानीय समाज में आपसी एकता, साम्प्रदायिक सौहार्द और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ. शोभा शुक्ला, राघवेंद्र द्विवेदी (मुख्य प्रदेश प्रवक्ता, सुभासपा), फादर सिंजो जॉन (संत पुष्पा मिशन), विस्मिल्लाह लारी (पूर्व सदर, अंजुमन इस्लामिया), जिला पंचायत सदस्य कमलेश पांडेय, अखंड प्रताप सिंह, विश्वजीत सिंह सैथवार, प्रभा भारती, बबीता चौहान, डॉ. राधेश्याम शुक्ल, रत्नेश्वर गर्ग और कुन्दन जायसवाल सहित अन्य प्रबुद्ध नागरिकों ने सहभागिता की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जिला एकीकरण समिति अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर कार्य कर रही है और आगे भी समाज में एकता एवं सद्भाव को मजबूत करने की दिशा में सक्रिय रहेगी। उन्होंने जनपद के सभी विशिष्ट व्यक्तियों को बैठक में सहयोग और सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक का समापन किया।

## पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपकर व्यवसायी ने लगायी न्याय की गुहार

**कुशीनगर।** बोदरवार में सीमेंट, गिट्टी बालू का व्यवसाय करने वाले बिनोद ट्रेडर्स के प्रोपराइटर विनोद सिंह की मां कौशल्या देवी ने पुलिस कप्तान को पत्र सौंपकर अपने परिवार की सुरक्षा एवं हो रहे उत्पीड़न के खिलाफ न्याय की गुहार लगाई है। बोदरवार में सीमेंट गिट्टी बालू की दुकान चलाने वाले बिनोद सिंह व अवधेश सिंह की मां कौशल्या देवी ने पुलिस कप्तान व जिलाधिकारी कुशीनगर को एक पत्र सौंपा है। उन्होंने अपने पत्र में बोदरवार निवासी संतोष चौधरी का खेत बैनामा लेने के बाद संतोष चौधरी के पट्टीदारों द्वारा अभद्रता करने, मारने पीटने का आरोप लगाते हुए अपनी और अपने बेटों की सुरक्षा की मांग की है। साथ ही दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## पाक्सो एक्ट का अभियुक्त 10 वर्ष के सश्रम कारावास और अर्थदण्ड से दण्डित

**देवरिया।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत जनपदीय पुलिस की प्रभावी पैरवी से थाना भटनी पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 52/2018 अन्तर्गत धारा 376,506 भादवि व 3/4पाक्सो एक्ट में न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त दयानन्द राजभर पुत्र विक्रम निवासी उसका थाना भटनी जनपद देवरिया को 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 10,000-/रु के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया जिसमें विशेष लोक अभियोजक श्री विपिन बिहारी मिश्र, कोर्ट मुहर्रिर महिला आरक्षी मदालसा सिंह एवं पैरवीकार थाना भटनी आरक्षी ऋषि गिरि के साथ ही मॉनीटरिंग सेल प्रभारी दुर्गेश कुमार सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त को 2 वर्ष कारावास एवं अर्थदण्ड से कराया दण्डित

**देवरिया।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत जनपदीय पुलिस की प्रभावी पैरवी से थाना मईल पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 257/2023 अन्तर्गत धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट में न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त विनय कुमार पाण्डेय पुत्र स्व. स्वामीनाथ पाण्डेय निवासी बलिया दक्षिणी थाना मईल को 2 वर्ष के साधारण कारावास व 5,000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया जिसमें विशेष लोक अभियोजक (गैंगेस्टर) वाचस्पति मिश्रा, कोर्ट मुहर्रिर महिला आरक्षी शक्ति यादव एवं पैरवीकार थाना मईल आरक्षी गोविन्द यादव के साथ ही मॉनीटरिंग सेल प्रभारी दुर्गेश कुमार सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## डाक जीवन बीमा सुरक्षा कवच के साथ साथ धन संचय में भी लाभदायकः अनुज कुमार सिंह

**अयोध्या।** प्रधान डाकघर में जिले के होमगार्ड कमाडेंट राघवेन्द्र शुक्ला तथा सैकडों होमगाड्र्स के साथ सीनियर पोस्ट मास्टर अनुज कुमार सिंह ने व्यवसायिक बैठक किया बैठक के दौरान सीनियर पोस्टमास्टर श्री सिंह ने होमगाड्र्स, को डाक जीवन बीमा योजना का लाभ दिलवाने के लिए खूबियों से रूबरू करवाया। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि आयकर रिटर्न दाखिल करने के लिए होमगाड्र्स, प्राइमरी अध्यापक, पुलिस कर्मियों को पीएलआई में सबसे अधिक फायदा है डाक जीवन बीमा सुरक्षा कवच के साथ साथ धन संचय में भी लाभदायक है। साथ ही बताया कि पोस्टल इंश्योरेंस का दायरा इसलिए बढ़ाया गया है, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को सामाजिक सुरक्षा का कवच मिल सके साथ ही यह भी कहा कि पोस्टल इंशोरेस के साथ डाक विभाग का भरोसा जुड़ा है। उन्होंने यह भी बताया कि डाक जीवन बीमा में बिचैलियों की कोई जगह न होने के कारण किश्त कम है और भुगतान अधिक है साथ ही इसका प्रीमियम प्राइवेट बीमा कंपनियों से ही नहीं बल्कि सभी बीमा कम्पनियों से भी कम है। भारत सरकार की यह योजना सभी होमगाड्र्स, अध्यापकों एवं कर्मचारियों के लिए लाभदायक है इसका लाभ सभी को लेना चाहिए जिससे अल्प बचत के साथ आयकर में छूट भी है जो कर्मचारियों के भविष्य को सँवारने में अहम भूमिका निभायेगा। डाक जीवन बीमा पॉलिसी में किश्त कम अधिक भुगतान बोनस दिया जाता है। इससे पॉलिसी होल्डर को सीधा लाभ होता है। श्री सिंह ने यह भी बताया कि अब डाक जीवन बीमा का दायरा भी बढ़ा दिया गया है। अब डॉक्टर, इंजीनियर, वकील सहित, स्नातक डिग्री धारक तथा अन्य पेशों से जुडे.लोग भी डाक जीवन बीमा करवा सकेंगे। अब निजी शिक्षण संस्थाओं को भी दिया जाने लगा है। इस दौरान कमांडेंट श्री शुक्ला ने कहा कि डाक जीवन बीमा की पॉलिसी आम जन के लिए लाभदायक है इसकी व्यापक जानकारी की कमी होने के कारण ही जन सामान्य प्राइवेट व अन्य बीमा कम्पनियों की ओर आकर्षित होता है।

# विधायक ने किया सरदार/150यूनिटी मार्च पदयात्रा का शुभारंभ

जिला संवाददाता






**मथुरा।** सरदार/150यूनिटी मार्च के अंतर्गत विधान सभा स्तरीय पदयात्रा का आयोजन तहसील महावन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक बल्देव पूरन प्रकाश ने प्रतिभाग किया। विधायकजी ने पदयात्रा को डाक बंगला बल्देव से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पदयात्रा बल्देव से चल कर 10 किमी की दूरी तय कर गांव बरौली में सम्पन्न हुई।

बरौली में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा में विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, जिलाध्यक्ष निर्भय पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। विधायक बल्देव पूरन प्रकाश ने सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के द्वारा देश की एकता के लिए किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। विधायकजी ने कहा कि स्वतंत्र भारत के शिल्पकार, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में पूरे भारत में मनाया जा रहा है। वल्लभ भाई पटेलजी ने भारत को सैकड़ों रियासतों से जोड़कर एक अखंड राष्ट्र का रूप दिया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का जीवन इस सत्य का प्रतीक था कि जब विचार, उद्देश्य और कार्य एक हो जाते है, तो असंभव भी संभव हो जाता है। इस पदयात्रा में विभिन्न स्कूलों के 1200 छात्र छात्राओं सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं युवाओं ने प्रतिभाग किया। विशाल पदयात्रा का नेतृत्व विधायक बल्देव पूरन प्रकाश के द्वारा किया गया। पद यात्रा में एनएसएस, एनसीसी, स्काउट आदि के कैडेट शामिल रहे। पद यात्रा के मार्ग में पड़ने वाले विभिन्न गांवों में ग्रामीण लोगों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ पदयात्रा का स्वागत किया। पद यात्रा में मुरारी लाल अग्रवाल चेयरमैन नगर पंचायत बल्देव का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी अमित कुमार, कार्यक्रम समन्वयक रामवीर शर्मा, श्यामबाबू सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय के विभिन्न अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## वांछित अभियुक्त को एक देशी तमंचा व एक जिन्द कारतूस के साथ किया गया गिरफ्तार

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम के लिए वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सलेमपुर मनोज कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में थाना लार पुलिस द्वारा थाना लार पर पंजीकृत मु0अ0सं0-356/23 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित वांछित संजीत पासवान पुत्र बुद्धू पासवान निवासी चक साहवली थाना महिसौर जनपद वैशाली राज्य बिहार को विगत रात्रि मुखबिर की सूचना पर मठ रोड पैधशाला के पास से एक अदद देशी तमंचा 315 बोर चालू हालत व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 390/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# दिवंगत भंते ज्ञानेश्वर का मना 90 वां जन्मदिन



**कसया, कुशीनगर।** बुद्ध स्थली स्थित म्यांमार मंदिर के प्रमुख दिवंगत भदंत ज्ञानेश्वर का 90 वाँ जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर भिक्षुओं और उपासकों ने सूत्र पाठ कर अपने गुरु को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

सोमवार की सुबह भिक्षुओं ने मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर में दर्शन पूजन कर चीवर चढ़ाया। बोधि वृक्ष पर धम्म वंदना के साथ जलदान किया गया। आयोजित धम्म सभा में मुख्य वक्ता म्यांमार के संघ महा नायक धम्म गुरु यानिसरा ने कहा कि भिक्षु ज्ञानेश्वर ने धम्म और लोक कल्याण के कार्य किए और विश्व में बौद्ध धर्म के प्रचार के साथ ही लोक कल्याण के कार्य किए। शिक्षा और सामुदायिक कार्यों को आगे बढ़ाए। कहा कि बुद्ध के उपदेश करुणा, मैत्री और शांति से ही जीवन में सुख की अनुभूति होगी। हम संकल्प लें भंते ज्ञानेश्वर के लोक कल्याण के मिशन को आगे बढ़ाएं। दिवंगत भिक्षु के साथ रहने वाले भिक्षु आनंद, भिक्षु उदय भद्र, भिक्षु सत्या नन्द, भिक्षु राहुल बोधि, भिक्षु दीपांकर, भंते नंदा आदि ने भिक्षु ज्ञानेश्वर के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। संचालन भिक्षु चंदिमा ने किया। इस दौरान भिक्षु संघ के मंत्री भिक्षु डॉ नन्द ाक्षु अशोक, भिक्षु सगरा, भिक्षु शील प्रकाश, तिब्बती भंते कंचुक लामा, भंते सों क्रान, डॉ कितिफान, पी पविन, पी नलोंग, पी अनुवत, भिक्षुणी धम्म नैना, भिक्षु आलोक, भिक्षु विनय कीर्ति, भिक्षु उपाली, भिक्षु यश, भंते सागर सहित देश विदेश से आए भिक्षु, उपासक गण मौजूद रहे।

## भारत-नेपाल के चीफ थाई बौद्ध धर्मगुरु ने दी भिक्षु ज्ञानेश्वर को श्रद्धांजलि



**कसया।** भारत - नेपाल के चीफ बौद्ध धर्मगुरु फ्रा धम्म पोथियोंग बौद्ध गया से कुशीनगर पहुंचे और थाई भिक्षुओं के साथ थाई परम्परा के अनुसार विशेष पूजन कर दिवंगत भिक्षु ज्ञानेश्वर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सोमवार को थाई धम्म गुरु बोदियोंग और थाई मंदिर के प्रमुख डॉ पी सोम पोंग के नेतृत्व में भिक्षु मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर पहुंचे और बुद्ध का पूजन अर्चन किया।

इसके पश्चात सायं चार बजे करीब म्यांमार मंदिर पहुंच दिवंगत भंते एबी ज्ञानेश्वर के पार्थिव शरीर का दर्शन किया और थाई परम्परा के अनुसार विशेष पूजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की और चीवर दान दिया।

बौद्ध धर्म गुरु ने पुस्तिका में शोक संवेदना लिखते हुए कहा कि भंते ने बुद्ध की करुणा, मैत्री, शांति की शिक्षाओं का विश्व के देशों में प्रसार किया। इस दौरान थाई बौद्ध धर्म गुरु फ्राखू सारिपरियतविसुत, भंते सों क्रान, भिक्षु डॉ कितिफान, पी पविन, पी नलोंग, पी अनुवत, ओमप्रकाश कुशवाहा, विवेक कुमार गोंड, गौतम शर्मा, सूरज यादव आदि मौजूद रहे।

# जनपद स्तरीय युवा उत्सव और विज्ञान मेला सम्पन्न

देवरिया। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग देवरिया के तत्वावधान में जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं विज्ञान मेला का आयोजन सोमवार को संत विनोबा पीजी कॉलेज, देवरिया के प्रांगण में भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार सिंह, संत विनोबा पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अर्जुन मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि पवन मिश्रा भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला युवा कल्याण अधिकारी पुनीत कुमार की देखरेख में किया गयाकार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी प्रथम आकाश कुमार गौतम की टीम, समूह गीत में प्रीति कुमारी की टीम प्रथम , समूह नृत्य अलका गुप्ता की टीम प्रथम, कहानी लेखन सिद्ध दात्री मिश्रा प्रथम , भाषण प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में शैलू प्रजापति प्रथम रहे, जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने अपनी कला, विज्ञान ज्ञान और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि प्रत्यूष पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि झ्र ह्ययुवा ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति हैं। ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है और उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है। विज्ञान, साहित्य और कला के प्रति उनकी रुचि समाज के समग्र विकास की दिशा तय करती है ह्व विशिष्ट अतिथि सुशील कुमार सिंह ने कहा कि झ्र ह्ययुवा उत्सव न केवल प्रतियोगिता का मंच है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक भी है। हमें अपने नवाचारोमिश्रा ने कॉलेज की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि युवाओं में अपार क्षमता है।

## सरकारी ड्यूटी के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों से मिलने की शिकायत

**अयोध्या।** सरकारी कर्मचारी सेवा के दौरान तहसील बीकापुर में अधिकारियों से पैरवी करने का मामले मुख्यमंत्री ऑनलाइन, जिला अधिकारी अधिशाषी अभियंता सिंचाई विभाग से शिकायत दर्ज कराकर जांच करके कार्रवाई की मांग की हैबीकापुर विकासखंड क्षेत्र के शेरपुर गांव निवासी राजदेव पुत्र जंगली इंद्रदेव पुत्र राम निरंजन आदि लोगों ने ऑनलाइन शिकायत मुख्यमंत्री जिला अधिकारी अधिशाषी अभियंता सिंचाई विभाग अयोध्या के पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए भेजे गए शिकायत पत्र में दशार्या है कि शेरपुर गांव के निवासी हजारीलाल पुत्र चैतू जो राजकीय नलकूप मोटर मैकेनिक है जिनकी नियुक्ति बीकापुर क्षेत्र में लगभग 15 वर्षों से है जिसका नाजायज फायदा उठाते हुए स्थानीय कोतवाली तहसील में जाकर उनके विरुद्ध शिकायत कर लोगों को परेशान करने का आरोप है।

संक्षेप

## सीसीटीवी में कैद हुए दो भैंस चोर

सीतापुर। बिसवां थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला झज्जर में बीती रात चोरों ने बड़ी दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए एक व्यक्ति की भैंस घर के बाहर से खोल ले गये। घटना रामखेलावन पुत्र लालजी के घर की है। परिजनों ने बताया कि रात के समय भैंस हमेशा की तरह माताजी के मन्दिर के पास खुटे से बंधी थी, लेकिन सुबह उठने पर वह गायब मिली। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि वारदात सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई है। जिसमें दो संदिग्ध व्यक्ति भैंस को खोलकर ले जाते दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित ने इसकी तहरीर कोतवाली में देकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही घटना का खुलासा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पशु चोरी की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, लेकिन अब सीसीटीवी फुटेज सामने आने से पुलिस के लिए चोरों तक पहुंचना आसान होगा। ग्रामीणों ने रात में पुलिस गश्त बढ़ाने और चोरों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की है।

## गोष्ठी में बही काव्य की रसधारा

सीतापुर। अन्नपूर्णा साहित्य संगम की मासिक काव्य गोष्ठी शहर के मोहल्ला नई बस्ती स्थित संस्था कार्यालय में आयोजित की गई। अन्नपूर्णा सेवा संस्थान सीतापुर के अध्यक्ष नवीन द्विवेदी के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकिशोर श्रीवास्तव ने की, और संचालन यासीन इब्ने उमर के द्वारा किया गया। विजय प्रकाश पांडे कंठ की वाणी वंदना के माध्यम से काव्य गोष्ठी का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कवि-कवित्री और शायरों ने उपस्थित होकर काव्य पाठ किया। संस्था अध्यक्ष नवीन द्विवेदी ने इस अवसर पर संस्था संस्थापक अनिल द्विवेदी को याद करते हुए उनके द्वारा वर्षों पहले शुरू की गई काव्य गोष्ठी के अनवरत आयोजन तथा 616 काव्य गोष्ठी संपन्न होने पर सभी साहित्यकारों को बधाई देते हुए आभार प्रकट किया। संरक्षिका पुष्पा अवस्थी ने कहा कि समाज में फैली विसंगतियों को अपनी कविता के माध्यम से उजागर करना तथा समाज के ताने बाने को जोड़ने का काम करना तथा साहित्य सृजन के माध्यम से समाज को सही दिशा देना एक उत्कृष्ट समाज सेवा है। यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य भी है। इस अवसर पर मंजर यासीन, रामकिशोर श्रीवास्तव, पुष्पा अवस्थी, यासीन इब्ने उमर, जीएल गांधी, एपी गौतम, गीता किशोर श्रीवास्तव, रामदास वैश्य रामू, विजय प्रकाश पांडे कंठ, राजबहादुर वर्मा, विदुषी विदु, प्राजंलि शुक्ला, सुधांशु त्रिवेदी आदि ने काव्य पाठ किया। राष्ट्र गान के साथ सभा का समापन हुआ।

## दो घरों से लाखों की चोरी

सीतापुर। सिधौली कोतवाली क्षेत्र के गड़िया हसनपुर गांव स्थित नई बस्ती में सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने दो सगे भाइयों के घरों को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार इम्तियाज और इश्तियाक पुत्रगण माजिद के घरों में चोरों ने धावा बोलकर करीब 52 हजार रुपये नगद और लाखों रुपये मूल्य के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। परिजनों को सुबह घटना की जानकारी होने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजेन्द्र सिंह, संत नगर चैकी इंचार्ज अभिषेक सिंह सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और बारीकी से घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर जांच शुरू कर दी है।

## मार्ग दुर्घटना में एक की मौत

सीतापुर। हरगांव थानाक्षेत्र के हरगांव लहरपुर मार्ग पर स्थित ग्राम जैतापुर निवासी जगरूप यादव उम्र लगभग 38 पुत्र लल्लू राम सुबह टहलने निकला था। सड़क किनारे टहल रहा था तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जहां उसकी तत्काल मौत हो गई। राहगीरों को निकलने पर जानकारी हुई उन्होंने सूचना हरगांव पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सीतापुर भेजने की कारवाई की। थाना प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही ने बताया कि तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# डीएम ने किया कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मानपुर का निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

- कम्प्यूटर पर छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन देखकर डीएम ने प्रशंसा की

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर.ने सोमवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मानपुर का किया औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आवासीय व्यवस्था, शिक्षण कार्य, कम्प्यूटर प्रशिक्षण, भोजन, स्वच्छता एवं सुरक्षा से संबंधित गतिविधियों का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सुरक्षा के दृष्टिगत विद्यालय परिसर में प्रवेश एवं निकास पर सीसीटीवी कैमरे संचालित अवस्था में रहें, यह सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी द्वारा कस्तूरबा गांधी विद्यालय में संचालित कक्षाओं का अवलोकन किया गया तथा छात्राओं से वार्ता करते हुये छात्राओं से कम्प्यूटर संचालन आदि की जानकारी ली तथा छात्राओं से कम्प्यूटर पर टाइपिंग भी करायी। कम्प्यूटर पर छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन देखकर जिलाधिकारी ने प्रशंसा भी की। जिलाधिकारी ने सभी को पूर्ण मनोयोग से पढ़ाई करने तथा इसी तरह मेहनत कर आगे बढ़नें हेतु प्रेरित किया। उन्होंने सभी शिक्षकों को निर्देश दिये कि मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य कराये जायें तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये विभिन्न शिक्षाप्रद गतिविधियों एवं टीएलएम के माध्यम से भी शिक्षण कार्य कराया जाये।

जिलाधिकारी ने उपस्थित पंजिका का भी गहनतापूर्वक अवलोकन किया तथा छात्राओं, शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने गत निरीक्षणों की निरीक्षण पंजिका की भी समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानकों के अनुरूप निर्धारित समयान्तराल पर निरीक्षण सुनिश्चित किये जायें तथा निरीक्षण में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। नियमित रूप से चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाये। जिलाधिकारी ने किचेन में जाकर भोजन की गुणवत्ता की जांच भी की। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्धारित मेन्यू के अनुसार मानकों के अनुरूप भोजन उपलब्ध कराया जाये। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना मानपुर विश्वजीत सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मंडी में एफसीआई का धान केंद्र न खुलने से किसानों में आक्रोश

जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर। विजयीपुर किशनपुर मंडी में प्रत्येक वर्ष भारतीय खाद्य निगम एफसीआई द्वारा धान क्रय केंद्र खोला जाता था परंतु इस वर्ष केंद्र न खुलने से नाराज किसानों ने रविवार मंडी पहुंचकर आक्रोश जताते हुए हंगामा काटा और उच्च अधिकारियों से किसने की सुविधा हेतु फिर केंद्र खुलवाने की मांग की है।

किशनपुर मंडी में रविवार क्षेत्र के किसान भोला अवस्थी ,राजा त्रिवेदी, राम प्रसाद, महेंद्र सिंह,शिवपूजन मिश्रा कमल प्रसाद अखिलेश अतुल बाजपेई रामकरन, देवेंद्र सिंह ,गुरु प्रसाद जय सिंह, आदि दर्जनों किसान धान बेचने के लिए भारतीय खाद्य निगम के पुराने केंद्र पहुंचे जहां पता चला कि इस वर्ष भारतीय खाद्य निगम द्वारा धान केंद्र नहीं खोला गया है जिससे नाराज किसानों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए हंगामा किया पूछताछ में बताया कि एफसीआई द्वारा हर साल मंडी में धान केंद्र खोला जाता है जिसमें 25 हजार कुंतल की खरीद होती थी किसानों को बड़ी सहूलियत मिलती थी कागजों में थोड़ी बड़ी कमी होने के बावजूद भी तत्काल पैसा खाते में आता था अगर इस वर्ष केंद्र नहीं खुलता है तो धान बेचने के लिए बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा पिछले साल दो केंद्र में चार कांटे लगे थे अबकी सिर्फ खाद एवं रसद विभाग द्वारा मंडी में इकलौता केंद्र खोला गया है जहां सभी किसानों का धान बिकना नामुमकिन है खागा एसडीएम अभिनीत कुमार ने बताया मामले की जानकारी नहीं है संबंधित अधिकारियों से बात कर केंद्र खुलवाने का प्रयास किया जाएगा।

# खेल के मैदान की स्थापना की मांग, सौंपा ज्ञापन



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। बिसवां विधानसभा क्षेत्र के युवाओं ने खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने और क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विकास की मांग को लेकर संकल्प धारा फाउंडेशन के सदस्यों ने सपा नेता शुभम रस्तोगी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल के रूप में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवां को सौंपा।

ज्ञापन सौंपते हुए शुभम रस्तोगी ने कहा कि बिसवां क्षेत्र में सैकड़ों युवा क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेलों में सक्रिय हैं, लेकिन खेल के लिए उपयुक्त मैदान न होने के कारण खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं उन्होंने कहा कि खेल मैदान की कमी के चलते यहां के प्रतिभावान खिलाड़ी उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से वंचित रह जाते हैं। खेल सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह युवाओं के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण साधन है। यदि सरकार युवाओं को उचित खेल सुविधाएँ उपलब्ध कराए तो बिसवां क्षेत्र के खिलाड़ी भी प्रदेश और देश स्तर पर अपना नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने मांग की कि बिसवां में एक बहुउद्देश्यीय खेल मैदान का निर्माण कराया जाये। जिसमें क्रिकेट, फुटबॉल, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल जैसे खेलों की सुविधा उपलब्ध हो। ज्ञापन सौंपने के दौरान क्षेत्र के राघवेन्द्र रस्तोगी (रिंकू) अध्यक्ष व्यापार मण्डल इटिया शहीद, एडवोकेट सचिन सिंह, श्याम यादव, एडवोकेट मोहित कश्यप, एडवोकेट सुधीर कुमार सिंह, रामजी बाजपेई, रिंकल जोशी, अफसर अंसारी आदि लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि अगर क्षेत्र में खेल मैदान बनता है तो यह न केवल खिलाड़ियों के लिए वरदान साबित होगा। बल्कि युवाओं में अनुशासन, एकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित होगी।

## नाइट वॉलीबाल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्द्धन



पाटन उन्नाव, (वीओएल)। तहसील बीघापुर क्षेत्र ग्राम पंचायत बहुराजमऊ मे डे नाईट बाली बॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारम्भ राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। वॉलीबाल प्रतियोगिता के शुभारम्भ मे पहला मैच टीम डोकराई व रायबरेली टीम के बींच खेला गया। जिसमे रायबरेली टीम विजयी हुई, बहुराजमऊ मे डे नाईट वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। आयोजित कार्यक्रम मे बोलते हुवे पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि हमें खुशी हो रही है कि हमारे क्षेत्र मे युवा साथियो मे खेल के प्रति जो रूचि देखने को मिल रही है इसी से प्रतिभाये निखर कर आगे आती है हमारी उपर वाले से विनती है कि हमारे क्षेत्र के युवा विश्व स्तर पर नाम करे इस दौरान पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने आयोजन समिति को आर्थिक सहयोग भी दिया व युवाओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी है। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2025 खेल मैदान मनरेगा पार्क बहुराज मऊ उन्नाव में टूनार्मेंट की विजेता टीम देवगांव रायबरेली को ट्रॉफी व नगद धनराशि देकर ग्राम प्रधान रामबहादुर भदौरिया, अजय बाजपेयी जी, राजेश सिंह,राघवेंद्र सिंह,रोहित सिंह हलबल खेड़ा, फुन्नी प्रसाद त्रिपाठी, सरदार सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुलिस की दबिश, मारपीट और लूट का लगाया आरोप, अधिवक्ता ने की सुरक्षा की मांग

फतेहपुर। जिला मॉडर्न बार एसोसिएशन के अधिवक्ता संजय सिंह ने पुलिस और स्थानीय राजनीतिक दबाव को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। अधिवक्ता ने जिला बार अध्यक्ष को प्रेषित पत्र में बताया कि बीती रात 8/9 नवंबर 2025 को करीब 1 बजे थाना कोतवाली फतेहपुर के प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय, एसओजी प्रभारी विनोद मिश्रा, मुराइनटोला चौकी इंचार्ज तथा 15-20 पुलिस कर्मियों ने उनके आवास 435 आवास विकास कॉलोनी में जबरन घुसकर उत्पात मचाया अधिवक्ता का आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने उनके परिवार के साथ बदसलूकी करते हुए उनकी पत्नी के गले से मंगलसूत्र और सोने की चेन छीन ली तथा कमरे में तोड़फोड़ कर सीसीटीवी व डीवीआर भी ले गए। विरोध करने पर अधिवक्ता को जबरन पकड़कर कोतवाली ले जाया गया और रास्ते में सरकारी गाड़ी में बैठाकर मारपीट की गई।पीड़ित अधिवक्ता संजय सिंह का कहना है कि वे जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह के खिलाफ माननीय उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर चुके हैं, जिसके कारण उन्हें सत्ता पक्ष के दबाव में लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। उनका आरोप है कि अजय प्रताप सिंह की शह पर पुलिस उनके साथ जानलेवा साजिश रच रही है।अधिवक्ता की पत्नी ने तत्काल उच्चाधिकारियों को घटना की सूचना दी और रात 2 बजे स्वयं कोतवाली पहुंचकर अपने पति की रिहाई की मांग की। अधिवक्ता ने पत्र के माध्यम से कहा है कि उन्हें और उनके परिवार को जान का खतरा है तथा सुरक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों एवं संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने संग्रहालय का किया उद्घाटन

फतेहपुर। जनपद संग्रहालय का स्थापना दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग प्रखंड फतेहपुर द्वारा 18.79 लाख रुपये की लागत से निर्मित जनपद संग्रहालय का उद्घाटन किया। फीता काटकर शुभारंभ के बाद अतिथियों ने संग्रहालय में प्रदर्शित ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पुरातात्त्विक धरोहरों, गजेटियर, साहित्यिक एवं क्रांतिकारियों से जुड़ी पुस्तकों और उत्खनन सामग्री का अवलोकन किया।



इस अवसर पर जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने कहा कि फतेहपुर जनपद की स्थापना वर्ष 1826 में हुई थी। जनपद के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और परंपराओं को संजोए रखने के उद्देश्य से यह संग्रहालय स्थापित किया गया है। संग्रहालय के माध्यम से नागरिकों को जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक घटनाओं, स्वतंत्रता संग्राम में फतेहपुर के योगदान, तथा स्थानीय कलाकारों और समाजसेवियों के कार्यों की जानकारी मिलेगी।उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि यदि उनके पास जिले की पुरानी धरोहरों, दस्तावेजों, चित्रों या ऐतिहासिक वस्तुओं से जुड़ी कोई सामग्री हो तो उसे संग्रहालय के साथ साझा करें, ताकि आने वाली पीढ़ियां इस अमूल्य विरासत से परिचित हो सकें।समारोह में अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुनील कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीसीएनआरएलएम, जिला समाज कल्याण अधिकारी तथा अधिशासी अभियंता आरईडी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बुजुर्ग पेंशनधारक घर बैठे पा सकेंगे जीवन प्रमाण-पत्र



उन्नाव, (वीओएल)। अब बुजुर्गो को पेंशन के लिए जरुरी जीवन प्रमाण पत्र पाने के लिए इधर-उधर भटकने की जरुरत नहीं है। डाक विभाग का बैंक इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक 01 नवम्बर से 30 नवंबर तक अभियान चलाकर जीवन प्रमाण-पत्र बना रहा हैद्य इस सुविधा के अंतर्गत घर बैठे डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवाने की सुविधा पेन्शनभोगियों को मिल रही है। बता दें कि इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक एवं पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग ने साथ मिलकर देशव्यापी डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान 4.0 चलाया है। यह अभियान 1 नवम्बर से 30 नवम्बर तक युद्धस्तर पर चलेगा, जो देश के 1600 जिलों, कस्बों, ग्राम सभाओं को सेवा देकर लाभान्वित करेगा। इसका उद्देश्य चेहरा प्रमाणीकरण तकनीक और फिंगरप्रिंट बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के माध्यम से डिजिटल प्रक्रिया को बढ़ावा देना है, ताकि सभी पेंशनभोगी,विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों को सुविधा मिल सके। इसके बाद भी अगर किसी पेंशनधारक की डीएलसी रह जाती है तो वे संपूर्णवर्ष में डाकघरों से संपर्ककर क्स्ब बनवा सकते हैं। सर्वेश कुमार अधीक्षक डाकघर कानपुर (मु०) प्रखंड ने डेथ लाइफ सर्टिफिकेट अभियान 4.0 के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए कहा कि, अभियान 4.0 यह सुनिश्चित करेगा कि सभी पेंशनभोगी, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले पेंशनभोगी आसानी से अपने जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकें। इसके लिए डाक विभाग और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के साथ मिलकर पोस्ट ऑफिस या पेंशनभोगी के घर/निकटतम स्थानों पर क्स्बशिविर लगाकर पर क्स्बसेवा प्रदान करने की व्यवस्था की है। इस कार्य में पोस्टमैन और ग्रामीण डाक सेवकों की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी।अभियान में विभिन्न हितधारकों जैसे पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, आधार आदि का सहयोग भी शामिल रहेगा। यह पहल पारंपरिक कागज आधारित प्रमाणपत्रों की आवश्यकता को समाप्त करेगी और प्रक्रिया को सरल बनाएगी। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने 2020 में ह्लडोरस्टेप डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट सेवाह्व की शुरूआत की थी। यह सेवा आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण पर आधारित है और वरिष्ठ नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी है क्योंकि उन्हें अब पेंशन कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होती।

### कम शुल्क में मिलेगी डोर स्टेप सेवा

पेंशनभोगी अपने जीवन प्रमाणपत्र निकटतम डाकघर जाकर बनवा सकते हैं। पेंशनर्स को केवल निकटतम पोस्ट ऑफिस या पोस्टमैन/ग्रामीण डाक सेवक से संपर्क करना होगा। डोरस्टेप सेवा के लिए 70/- (जीएसटी सहित) का नाममात्र शुल्क लिया जाएगा। आधार संख्या और पेंशन विवरण पेंशनर द्वारा प्रदान किया जाएगा प्रमाणपत्र बनने के बाद पुष्टि का एसएमएस पेंशनर को प्राप्त होगा। इसके लिए एक विशेष पोर्टल भी बनाया गया है जिससे समस्त जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## सड़क हादसे में जान गंवाने वाले तीन भाइयों के परिजनों से मिले सांसद



मौरावां, उन्नाव(वीओएल)।चार नवंबर को हुए सड़क हादसे में तीन सगे भाइयों की मौत के बाद सोमवार को भाजपा सांसद साक्षी महाराज पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे उन्होंने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

सांसद सोमवार दोपहर करीब तीन बजे हिलौली ब्लॉक की अकोहरी ग्राम पंचायत के मजरे बखत खेड़ा पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। सांसद ने कहा कि इस दुखद घटना से सभी मर्माहत हैं। सांसद साक्षी महाराज ने पीड़ित परिजनों को एक बीघा जमीन एक आवास खाद्य एवं रसद विभाग से अंत्योदय कार्ड प्रदान किए जाने की बात कही। इसके अतिरिक्त मृतक अरुण की पत्नी क्षमा को विधवा पेंशन के प्रमाण पत्र और 1.5 लाख रुपये नकद सहायता भी दी गई। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी पुरवा प्रमेश श्रीवास्तव क्षेत्राधिकारी तेज बहादुर सिंह नायब तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी खंड विकास अधिकारी सन्तोष कुमार श्रीवास्तव हिलौली लेखपाल निशांत नगर पंचायत मौरावां अध्यक्ष कुँवर विवेक सेठ सहित कई जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## दबंग ने वकील व उसके बच्चों को जान से मारने की दी धमकी

सीतापुर। सकरन थाना क्षेत्र में दबंग द्वारा एक अधिवक्ता को जान से मार देने की धमकी देने का मामला सामने आया है। तहरीर देने के बावजूद सकरन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया है। मामले को लेकर अधिवक्ताओं ने आक्रोश जताया है। अधिवक्ता ने पुलिस क्षेत्राधिकारी बिसवां से अपनी व परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। थाना सकरन के ग्राम सुकेठा निवासी व तहसील बिसवां में बतौर अधिवक्ता रामकिशोर पुत्र परशुराम ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उसके बहनोई की मृत्यु हो गई थी। वह मिट्टी में शामिल होने के लिए परिवार सहित गया हुआ था। घर पर उसकी अकेले पत्नी और छोटे बच्चे थे। इसी बीच शराब पीकर आए एक दबंग ने उसकी पत्नी से साथ गाली गलौज की। मना करने पर जान से मारने के लिए दौड़ा लिया। पत्नी किसी तरह भागकर घर में घुसकर दरवाजा बंद कर जान बचाई। अधिवक्ता जब मिट्टी से वापस आया तो पत्नी ने सारी बात बताई। अधिवक्ता ने दबंग से अपनी गैर मौजूदगी में पत्नी के साथ अभद्रता, गाली गलौज व मारपीट करने की कोशिश को लेकर नाराजगी जताई। तो उक्त दबंग व्यक्ति ने अधिवक्ता को व उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित अधिवक्ता ने मामले को लेकर थाना सकरन में तहरीर दी। लेकिन सकरन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अधिवक्ता रामकिशोर ने पुलिस क्षेत्राधिकारी बिसवां को प्रार्थना पत्र देखकर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

## भाकियू ने समस्याओं को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

सीतापुर। भारतीय किसान यूनियन (अवध) की मासिक बैठक सोमवार को कस्बे के डाक बंगले में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश संरक्षक सुरेश प्रकाश सिंह और प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित सिंह मौजूद रहे। जबकि अध्यक्षता पं. सुन्दरलाल मिश्र ने की। बैठक के बाद संगठन पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार मुकेश कुमार शर्मा को सौंपा। किसानों ने आरोप लगाया कि तहसील सिधौली क्षेत्र के धान क्रय केन्द्रों पर धान की खरीद नहीं हो रही, जिससे किसान परेशान हैं। उन्होंने सभी क्रय केन्द्रों के औचक निरीक्षण और खरीद सुनिश्चित कराने की मांग की। साथ ही डी.ए.पी. व यूरिया खाद की सुगम उपलब्धता, निजी खाद विक्रेताओं (नीलगांव, अटरिया, मास्टरबाग कुंवरगड्डी, बेहमा, गोपालपुर भट्टा) पर खाद उपलब्ध कराने, किसानों को टैगिंग के लिए बाध्य न करने और बीज भंडारों पर पर्याप्त बीज की व्यवस्था की मांग रखी। संगठन ने खैराबाद व इटौंजा टोल प्लाजा पर नियम विरुद्ध टोल वसूली बंद कराने और राजमार्गों पर शौचालय, पेयजल व प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की। बैठक में जगन्नाथ, छतपाल, अलीरजा, रामपात, सोहन, विमला, मालती, राजेश यादव, हरिनाम सिंह, पप्पू, चंद्रका, समलाल, मीठीलाल, चीना, सीता, गीतादेवी, सरला, सुजीत, मनोज कुमार सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

## क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना ही होगी प्राथमिकताः बलवंत शाही

सीतापुर। कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा बीते दिवस चलाई गई तबादला एक्सप्रेस के तहत सिधौली



कोतवाली से हरगांव थाने में तैनात हुए नवागंतुक थाना प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही ने थाना परिसर में एक प्रेस वार्ता आयोजित की। आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में अपराधों पर लगाम लगाकर अमन चैन कायम रखना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।पत्रकार वार्ता के दौरान थाना परिसर में क्षेत्रीय पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए हरगांव थाने के नवागंतुक थाना प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही ने बताया कि मैं मूलरूप से गोरखपुर का निवासी हूँ। हरगांव थाना क्षेत्र में अपराधों पर लगाम लगाकर अमन-चैन कायम रखना मेरी पहली प्रथिमिकता में है। जिसके लिए आप लोगों का सहयोग अपेक्षित है।

## सरदार पटेल का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रीय अखंडता को समर्पित

फतेहपुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में अयाह शाह विधानसभा क्षेत्र में विशाल पदयात्रा का आयोजन किया गया है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधानपरिषद सदस्य अविनाश सिंह चौहान उपस्थित रहे, उक्त एकदिवसीय पद यात्रा ग्राम समदाबाद इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर जिंदपुर होते हुए हरियापुर बनरसी से हरिरामपुर तक निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे, मुख्य अतिथि अवनीश सिंह चौहान ने कहा कि भारत की अखंडता को लेकर सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा सदैव संघर्ष किया गया, वहीं तत्कालीन कांग्रेस के नेताओं द्वारा उनका सदैव अखंड भारत की परिकल्पना को नापसंद किया जाता रहा, उसी की परिणति थी,की एक छोड़ सभी वोट मिलने के बावजूद अन्तरिम सरकार में प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को चुना गया, स्थानीय विधायक विकास गुप्ता ने कहा कि आज देश के यशस्वी प्रधान मन्त्री नरेंद्र मोदी जिस राष्ट्रवाद पर बढ़ रहे हैं वह सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि है, जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि आज की यात्रा की अपार भीड़ बता रही है कि लोगों में अपने देश की अखंडता को लेकर कितना समर्पण है। यात्रा में प्रमोद द्विवेदी, अपर्णा सिंह गौतम, अर्चना त्रिपाठी, पुष्पराज पटेल रामप्रताप सिंह गौतम,मनोज मिश्रा,प्रवीण कुमार सिंह, आचार्य कमलेश योगी, अनिल शुक्ला, सुधीर मिश्रा,संजय हांडा, विनोद पांडेय, राम महेश निषाद, सत्यम बाजपेई, राजेश सिंह जनसेवक, हेमलता पटेल,अरविंद गुप्ता,विमल गुप्ता, साहिल शर्मा, विनोद भारती सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता व सरदार वल्लभ भाई पटेल के अनुयाई समर्थक उपस्थित रहे।

## कृत्रिम अंग उपकरण के लिए पंजीकरण शिविर लगाया

पाटन, उन्नाव (वीओएल)। शासन के दिशा निर्देश के अनुसार वरिष्ठ जनों एवं दिव्यांग जनों को कृत्रिम उपकरण अंग पाने के लिए पंजीकरण कराया। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन तहसील भवन के अंदर बरामदे में सोमवार को



राष्ट्रीय आयुश्री एडिट योजना के अंतर्गत वरिष्ठ जनों दिव्यांगों को निशुल्क भारतीय कृत्रिम अंग वितरण हेतु पंजीकरण के लिए शिविर लगाया गया। जिसमें क्षेत्र के बुजुर्ग एवं दिव्यांगजन सुबह से ही पहुंचकर सूचना पत्र पर लिखे नियम एवं दस्तावेज आधार कार्ड या निर्वाचन कार्ड साथ में दो फोटो आय प्रमाण पत्र के लिए सांसद /विधायक ग्राम प्रधान से बनाया आय प्रमाण पत्र साथ में लाए। वरिष्ठ जनों की आयु 60 वर्ष से ऊपर रखी गई थी राष्ट्रीय आयुश्री ऐड के अंतर्गत आए हुए डॉ अशोक प्रताप सिंह डॉक्टर रानी यादव डॉक्टर स्वाती कंप्यूटर ऑपरेटर विपिन ने वरिष्ठ जनों एवं दिव्यांगों का पंजीकरण किया जिसमें वरिष्ठ जनों 155 एवं दिव्यांग 16 पंजीकरण हुए। जिनको भारतीय कृत्रिम अंग उपकरण दिए जाएंगे।

# राज्यों की वित्तीय सेहत!

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अनेक बार यह बात कह चुके हैं कि विकसित भारत की यात्रा राज्यों की प्रगति के बिना पूरी नहीं हो सकती है। लेकिन दूसरी तरफ राज्य हैं कि वे केन्द्र से अधिक राजस्व पाने के बाद भी अपने विकास की योजनाओं को आगे बढ़ाने में पीछे छूटते जा रहे हैं। चुनावी योजनाओं पर भारी व्यय के कारण राज्यों के पास पूंजीगत व्यय के लिए कुछ खास नहीं बच रहा है। इस कारण से राज्यों की आर्थिक हालात लगातार खराब हो रही है। राज्यों के बजट का 70 फीसद से अधिक खर्च वेतन, पेंशन, कर्ज भुगतान और सब्सिडी में ही चला जाता है। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च ने राज्य सरकारों की वित्तीय हालत को लेकर एक व्यापक रिपोर्ट पेश की है। सच तो यह है कि राज्य सरकारें कुल सरकारी व्यय के दो-तिहाई हिस्से के लिए जिम्मेदार होती हैं लेकिन उनकी वित्तीय सेहत पर पर्याप्त सार्वजनिक बहस नहीं होती है। ऐसे में इस प्रकार की रिपोर्ट राज्य सरकारों की वित्तीय हालत से संबंधित आम समझ को बेहतर बनाने में मदद करती हैं। उम्मीद के मुताबिक ही रिपोर्ट राज्यों की वित्तीय स्थिति को लेकर कुछ कमियों को रेखांकित करती है। उदाहरण के लिए यह स्पष्ट होता है कि वर्ष 2023-24 में राज्यों ने अपनी राजस्व प्राप्तियों का 70 फीसदी से अधिक वेतन, पेंशन, सब्सिडी और ब्याज भुगतान जैसे मदों पर खर्च किया। समग्र स्तर पर राज्यों ने सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 0.4 फीसदी राजस्व घाटा भी दर्ज किया, जिसका अर्थ है कि वे बार-बार होने वाले खर्चों को पूरा करने के लिए उधार ले रहे हैं। प्रतिबद्ध व्यय का उच्च स्तर विकासात्मक कार्यों को करने की राज्य सरकारों की क्षमता को सीमित करता है। राज्यों के पूंजीगत व्यय को केंद्र सरकार की विशेष सहायता योजना से मदद मिल रही है। इस योजना के तहत राज्यों को 50 वर्ष का ब्याज रहित ऋण दिया जा रहा है। वर्ष 2020-21 से 2025-26 (11 अगस्त 2025 तक) तक राज्यों को इस योजना के तहत 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक का ऋण दिया गया। विश्लेषण बताता है कि अपने स्रोतों से राज्यों का पूंजीगत व्यय सपाट बना रहा और बढ़ोतरी को केंद्र सरकार से सहायता मिली। यह एक आदर्श स्थिति नहीं है, क्योंकि यदि केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही सहायता को बंद कर दिया गया ( जिसे जारी रखना उसकी बाध्यता नहीं है ) तो इससे राज्य सरकारों के पूंजीगत व्यय में तेज गिरावट आ सकती है, जिसका कुल आर्थिक वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। रिपोर्ट में उजागर किया गया एक और महत्त्वपूर्ण पहलू है राज्यों के बीच बढ़ती असमानता। जिन राज्यों की प्रति व्यक्ति आय अधिक है, वे अधिक राजस्व जुटा पाते हैं और इस कारण उनके पास विकास पर खर्च करने की क्षमता भी अधिक होती है। यह प्रवृत्ति समृद्ध और गरीब राज्यों के बीच की खाई को और चौड़ा करती रहेगी, जिसके आर्थिक ही नहीं बल्कि सामाजिक प्रभाव भी हो सकते हैं। इस बढ़ती असमानता को दूर करना नीति-निर्माताओं के लिए एक गंभीर चुनौती होगा। एक अन्य पहलू जिस पर उचित नीतिगत ध्यान दिया गया है वह है महिलाओं को बिना शर्त नकदी हस्तांतरण। पीआरएस द्वारा जुटाए गए आंकड़े बताते हैं कि ऐसी सहायता देने वाले राज्यों की तादाद वर्ष2022-23 के 2 से बढ़कर 2025-26 में 12 हो गई। वर्ष 2025-26 में राज्यों ने कुल मिलाकर 1.68 लाख करोड़ रुपये की राशि या जीएसडीपी का करीब 0.5 फीसदी इस मद में यानी महिलाओं को देने में खर्च किया। ऐसी सहायता देने वाले करीब आधे राज्यों को इस वर्ष राजस्व घाटा होने की उम्मीद है। वास्तव में वे ऋण लेकर पैसे बांट रहे हैं। ऐसी योजनाओं की राजनीतिक सफलता को देखते हुए यह मानना उचित होगा कि आने वाले समय में और भी राज्य इसे अपनाएंगे। प्रतिस्पर्धी राजनीति के कारण समय के साथ आवंटित होने वाली राशि भी बढ़ती जाएगी। चूंकि नकद हस्तांतरण चुनाव जीतने का आसान जरिया बन रहा है ऐसे में अगर इस प्रवृत्ति पर प्रभावी रोक नहीं लगायी जाती है, तो राज्यों की आर्थिक सेहत और खराब होगी।



**राज्य सरकारें सब्सिडी और चुनावी योजनाओं पर बहुत अधिक खर्च कर रही हैं। इस कारण उनके पास पूंजीगत निवेश के लिए संसाधनों की भारी कमी होती जा रही है।**

### विचार

आवश्यकताएं सीमित रखें। आपकी आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

-स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

-संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

-आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

-महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो- यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

-सुभाष चन्द्र बोस.

# बिहार के ताज का फैसला आज करेंगे मतदाता

**नरेंद्र शर्मा**




आज बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के दूसरे और आखिर चरण की वोटिंग है। पहले चरण में 121 विधानसभा चुनावों के लिए मत पड़े थे और आज 122 विधानसभा सीटों के लिए मत पड़ेंगे। कुल 243 विधानसभा सीटों वाली बिहार असेंबली के लिए पहले चरण में जो बंपर वोटिंग हुई थी, उसको लेकर यूं तो पक्ष-विपक्ष दोनों के दावे यही हैं कि उनके पक्ष में ही भारी मतदान हुआ है और दूसरा गठबंधन अब कहीं मुकाबले पर ही नहीं है। लेकिन हकीकत यह है कि आजादी के बाद से होने वाले बिहार में ये पहले ऐसे विधानसभा चुनाव हैं, जिनको लेकर मतदाता बेहद खामोश है। जबकि बिहार का मतदाता बहुत वोकल रहा है और यहां किसके पक्ष में और किसके विरोध में हवा होती है, यह बहुत साफ होता है। यह रणनीति है या मतदाताओं की कोई चुपचाप योजना कि इस बार किसके पक्ष में हवा है, इसे लेकर पूरी तरह से सन्नाटा है।

बिहार के मतदाताओं की यह खामोशी बेहद अप्रत्याशित है, इससे अगर 14 नवंबर 2025 को बेहद अप्रत्याशित नतीजे सामने आएं तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा। आखिर कोई बात तो है कि पहली बार बिहार का मतदाता इतना खामोश है। हालांकि विपक्ष का कहना सही है कि खोना सत्ता पक्ष को ही है और उसके खाते में सिर्फ सब कुछ पाना है। लेकिन जिस तरह पहले चरण के मतदान में 9 फीसदी ज्यादा वोटिंग हुई, उसे देखते हुए लग रहा है कि कुछ व्यापक और बेहद स्पष्ट समीकरण निर्मित हो रहा है। क्योंकि बिहार विधानसभा के ये चुनाव न सिर्फ 2024 में हुए लोकसभा चुनावों के बाद के सबसे महत्वपूर्ण चुनाव हैं बल्कि इन चुनावों में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनो की राजनीतिक अग्नि परीक्षा भी होनी तय है। इसलिए इन चुनावों का महत्व सिर्फ बिहार तक सीमित नहीं है बल्कि इनका व्यापक असर राष्ट्रीय राजनीति पर भी पड़ना तय है। यही वजह है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही तरफ से अपनी सारी ताकत झोंक दी गई है। अगर बिहार में महागठबंधन जीतता है, तो 2029 के लोकसभा चुनाव में भी वह सत्ता पक्ष के मुकाबले बड़ी चुनौती साबित होगा। लेकिन अगर आज यानी 11 नवंबर 2025 को होने वाले दूसरे चरण की वोटिंग में सत्ता पक्ष के खाते में जबर्दस्त वोटिंग होती है और नीतीश कुमार तकनीकी रूप से 20 साल के बाद भी अपने मुख्यमंत्री पद की यात्रा जारी रखते हैं, तो यह न सिर्फ बिहार में एनडीए की जबर्दस्त ताकत का मुजाहिरा होगा और इन चुनावों के बाद मोदी सरकार की राजनीतिक हैसियत आज के मुकाबले कहीं ज्यादा बढ़ जायेगी। बिहार विधान सभा चुनाव का महत्व राष्ट्रीय स्तर पर इसलिए है, क्योंकि यहां 40 लोकसभा सीटें हैं और मौजूदा विधानसभा चुनाव का रुझान अगले लोकसभा का भी सैंपल रुझान माने जाने की अनेक वजहें हैं। इसलिए अगर नीतिश कुमार के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन अंततः अपनी अनेक योजनाओं के बावजूद 20 साल की एनटी इनकमबेंसी के चलते विधानसभा चुनाव हार जाता है, तो राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाले महा गठबंधन को न सिर्फ व्यवहारिक रूप से बिहार में सत्ता हासिल होगी बल्कि वह अगले लोकसभा चुनावों के लिए कहीं ज्यादा प्रोत्साहित होगा।

**पहले चरण की वोटिंग के बाद दोनों गठबंधनों की तरफ से अपने-अपने पक्ष में भारी मतदान के दावे किये जा रहे हैं, लेकिन अंदर ही अंदर सभी जानते हैं कि इन चुनाव में बहुत कुछ अप्रत्याशित हो सकता है। इसलिए आज के चुनाव में दोनों ही गठबंधन अपनी सारी ताकत झोंककर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की कोशिश करते दिखेंगे।**

### विधानसभा चुनाव

इसलिए बिहार विधानसभा के ये चुनाव सत्ता हो या विपक्ष दोनों की भविष्यकालिक राजनीतिक ताकत का पैमाना है और इस पैमाने में खड़े उतरने के लिए दोनों गठबंधनों ने अपनी अपनी ताकत झोंक दी है। विपक्ष विशेष रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जैसी पार्टियों की राष्ट्रीय राजनीति में पुनर्वापसी, इन बिहार विधानसभा चुनावों के जरिये हो सकती है। अगर मौजूदा बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन करती है, तो यह न सिर्फ कांग्रेस के ताकत हासिल करने की वापसी का संकेत होगा बल्कि यह भी माना जायेगा कि राहुल गांधी की आक्रामक राजनीति देश के मतदाताओं को पसंद आ रही है, जिससे केंद्रीय सरकार भी अपनी रणनीतियां और राहुल गांधी को चुनौती देखने का तरीका बदलेगी। विपक्ष का सौ फीसदी दावा है कि बिहार के मतदाता मौजूदा सत्ता गठबंधन से बेहद असंतुष्ट हैं, क्योंकि जिस तरह से बिहार में गरीबी, बेरोजगारी चरम पर है और जिस तरह से सत्ता पक्ष ने मतदाता सूचियों को नवीनीकरण करने के नाम पर बड़े पैमाने पर वोटरों के चुनावी अधिकार के हक पर नकारात्मक नजर डाली थी, उसके मुताबिक पहले चरण में हुआ भारी मतदान सत्ता पक्ष को सबक सिखाने की योजना का हिस्सा है। लेकिन हकीकत यह है कि विपक्ष ने भले बहुत जोर शोर से बिहार में मतदाता सूची के संशोधन का मुद्दा उठाया हो, लेकिन इस समय जमीन में यह मुख्य मुद्दा नहीं है।

अगर महागठबंधन अपने किसी चुनावी वायदे के कारण, सत्ता पक्ष के गठबंधन से आगे है, तो वह बिहार के हर परिवार को एक सरकारी रोजगार देने का वायदा है। तेजस्वी यादव ने कहा है कि अगर उनकी सरकार बनती है तो इस अगले साल जनवरी-फरवरी तक बिहार के मतदाताओं से किया गया वायदा यानी हर परिवार को एक सरकारी नौकरी देने का वायदा पूरा हो जायेगा। लेकिन जिस तरह से तेजस्वी यादव ने बिहार के हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का वायदा किया है और अगले तीन महीनों में ही बिहार की हर महिला के खाते में 30 हजार रुपये की रकम एकमुश्त डालने की घोषणा की है, उस घोषणा की कोई व्यवहारिक संभावना नजर नहीं आती। क्योंकि अगर बिहार के हर परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाती है, तो अगर उन मौजूदा परिवारों को छोड़ भी दें, जो पहले से राज्य सरकार की नौकरियों में मौजूद हैं, तो भी हर एक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने के वायदे को पूरा करने के लिए वर्तमान में तेजस्वी यादव को करीब 2 करोड़ सरकारी नौकरियां सृजित करनी पड़ेंगी। जबकि आज की तारीख में केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियों, राज्य सरकारों के सभी कर्मचारियों और अपने व्यक्तिगत प्रयासों से पहले से सरकारी नौकरी में बैठे उन लोगों की संख्या 2 करोड़ से कम है और इस कामगार संख्या को भी हर महीने सैलरी या पेंशन देने के कारण न सिर्फ केंद्र सरकार बल्कि देश के सभी राज्यों की सरकारें आर्थिक दबाव से जूझ रही हैं।

ऐसे में सिर्फ अपने रिसोर्स से बिहार की सरकार दो करोड़ के आसपास नौकरियां कैसे सृजित कर सकती है, इसका कोई व्यवहारिक दावा उसके पास नहीं है। मीडिया द्वारा बार बार इस सवाल को केंद्र में लाये जाने के बाद भी महागठबंधन और तेजस्वी अपने इस दावे को पूरा करने का ब्लू प्रिंट दिखाएं, अभी तक महागठबंधन ने ऐसी किसी योजना का व्यवहारिक ब्लू प्रिंट नहीं पेश किया, हर बार किसी न किसी तरीके से इस कोशिश को टाला है। ऐसे में सवाल यह है कि वह बिहार जिसके लगभग हर दूसरे घर से कोई नौजवान देश के अलग अलग शहरों-महानगरों में रह रहे हैं और इन सरकारों के यहां भी सरकारी नौकरी का जो संकट देख रहे हैं, उसके चलते उन्हें नहीं लगता कि यह हवा हवाई वायदा हकीकत में बदलेगा? शायद यही कारण है कि इस पर चर्चा तो बहुत हो रही है, लेकिन कोई भी राजनीतिक पार्टी अब नौकरी देने जैसी कमिटमेंट से भागना चाहती है। ऐसे में चुनावी विश्लेषकों के एक हिस्से का यह मानना है कि पहले चरण की भारी वोटिंग और दूसरे चरण में इसकी संभावना के बीच बड़े डरावने समीकरण बन रहे हैं। माना जा रहा है कि बिहार के प्रवासियों ने तेजस्वी के इन वायदों को इमोशनल ब्लैकमेल के खाते में डालने की मंशा कर ली है। क्योंकि बार बार पूछे जाने के बाद भी अभी तक महागठबंधन ने बेहद महत्वाकांक्षी वायदों को लेकर एक ब्लू प्रिंट पेश नहीं किया।

### सोशल मीडिया



महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रखर शिक्षाविद् एवं आधुनिक भारत के राजनीतिक जागरण के अग्रदूत सर सुरेन्द्र नाथ बनर्जी जी की जयंती पर उन्हें शत्-शत् नमन। केशव प्रसाद मौर्य.



यूपी का दुग्ध उत्पादक किसान भ्रष्ट भाजपा सरकार से श्वेत दुग्ध के लिए एक श्वेत-पत्र की मांग करता है, भाजपा किसान विरोधी ही नहीं दूध किसान विरोधी भी है। अखिलेश यादव.



एनडीए ने सुशासन व विकास की नींव बिहार में मजबूत बनायी है। बिहार स्पोर्ट्स सिटी, मेडिसिटी एमएसएमई पार्क, मेगा टेक सिटी के साथ विकसित होने को तैयार है। अमित शाह.

# मनुष्य के सद्गुण

### अंतर्दृष्टि

भगवान से मांगने योग्य वस्तुएं श्रद्धा, हिम्मत, श्रमनिष्ठा, सच्चरित्रता, करुणा, ममता, पवित्रता और विवेकशीलता जैसी वे सद्भावना एवं सत्प्रवृत्तियां हैं जो विपन्नता को सम्पन्नता में बदल देती हैं और अभाव रहते हुए जिनके कारण विपुल सम्पन्नता का सुख अनुभव होता रहता है। प्रगति और सफलता का सारा आधार सद्गुणों पर अवलम्बित है। उनके बिना अकस्मात् किसी प्रकार कोई लाभ मिल भी जाये तो उसे संभालना और स्थिर रखना संभव न होगा। सदुपयोग केवल उस वस्तु का किया जा सकता है जो उचित मूल्य देकर उपार्जित की गयी है। अनायास बिना परिश्रम के मिली हुई सम्पत्ति का उपव्यय ही होता है और उससे अनेक व्यसन और उद्वेग पैदा होते हैं जिनके कारण वह उपलब्धि सुखदायक न होकर अनेक विपत्तियां और विकृतियां उत्पन्न करने का कारण बन जाती है। भगवान जिस पर प्रसन्न होते हैं उस सद्गुणों का उपहार देते हैं क्योंकि वे अपने आप में इतने महान हैं कि यदि साधन सम्पन्ता न भी हो, तो भी केवल उन सद्गुणों की सम्पदा के आधर पर मनुष्य सुखी समुन्नत और सम्मानित जीवन जी सकता है। यही दिव्य संपदाएं भगवान से मांगनी चाहिए। यही हैं वे विभूतियां जिन्हें वे अपने भक्तों को दिया करते हैं। भौतिक सफलताएं हमें अपनी भुजाओं और कलाइयों से मांगनी चाहिए। अपनी अकल को तेज करना चाहिए और सूझ बूझ से काम लेना चाहिए। अवरोध उत्पन्न करने वाली त्रुटियों को सुधारना चाहिए। सफलता का द्वारा खुल जायेगा। भगवान स्वयं अपनी विधि व्यवस्था में बंधे हुए हैं। उन्होंने इस संबंध में अपने आपके साथ तक कोई रियायत नहीं की, अपने सगे संबंधियों तक को छूट नहीं दी। कर्मफल की व्यवस्था को ही सर्वत्र प्रधान रखा। ऐसा न होता तो कोई पुरुषार्थ करने के लिए ही क्यों होता और कुकर्मों से बचने के लिए किसी को आवश्यकता ही क्या पड़ती? प्रार्थना मात्र से सारी सुविधाएं मिल जाती तों फिर कठोर, कर्मठता के लिए कठिबद्ध होने की इच्छा ही क्यों होती? जिन मनुष्यों की वासनाएं शांत हो गयी हैं, उनके मन मंदिर में आठोयम प्रेम ज्योति प्रज्जवलित है। वे इन्द्रियों के दास नहीं, इन्द्रियां स्वयं उनकी दासता में रहती हैं। सांसारिक प्रपंच किसे कहते हैं, इससे उन्हें कोई प्रयोजन नहीं। वे समय पर धर्म की बेदी पर प्राण न्यौछावर करने के लिए तत्पर रहते हैं और धर्म संस्थापन के लिए ही जीवन है। सरलता, नम्रता, सहनशीलता, सम्प्रति ही उनके जीवन के मुख्य साधन हैं। उनमें अहं भव का नाम-मात्र भी नहीं होता। ऐसे मनुष्य सत्य की शीतल छाया में जीवन व्यतीत करते हैं और उनमें समाज की बुराई किसी भी तरह प्रभावित नहीं कर पाती हैं।

# भ्रष्टाचार से मॉल बनाने का सपना

### व्यंग्यलोक

मंत्रीजी की आंखों में भ्रष्टाचार की कचोरी खाने का सपना तैर रहा है। अहा! रसना-रसीली कुरकुरी कचोरी की पीयूषा वाणी कर्ण में प्रविष्ट होते ही मंत्री जी आनन्दमग्न हो गए हैं। अमृत से भी अधिक मधुर, चन्द्रमा से भी अधिक शीतल, कचोरी भक्षण की हींगमयी सुगंधित महक युक्त वाणी मंत्री जी के हृदय के समस्त दुःखों का हरण कर लेती है। वे कुर्सी से उठते तक नहीं है। बैठे-बैठे ही दलाल को पूछते हैं- 'तात तुम्ह कचोरी कहां ते लाए। परम प्रिय कचोरी बचन सुनाए।' आश्चर्य होता है कि इतना मंगलमय समाचार लाने वाले दलाल से स्वागत कथन भी नहीं किया जाता है। न ही कोई प्रणाम। इस समय मंत्री जी की स्थिति बड़ी दारुण हुई जा रही है। कचोरी की याद में उनके समस्त अंगों ने अपनी सुध-बुध खो दी है। कमल के समान सुंदर नेत्र बंद है। नेत्रों से अत्यंत हर्ष के आंसू बरस रहे हैं। शरीर का रोम-रोम जिह्वा बन गया है। कचोरी के एक-एक अंश का स्वाद लेने के लिए रोम-रोम लालायित हो गया है। कोरोना महाकल्प में कचोरी नाद से मंत्री जी एकाएक ही समस्त सुखों के स्वामी बन गए हैं। उसी समय सारंग समान सुंदर कानों में कचोरी शब्द नाद सुनाई पड़ता है- मंगलमय, रसमय जिह्वा सुंदरी कचोरी, सब संताप हरने के लिए आपके सम्मुख प्रस्तुत है। दलाल अपने सुंदर हाथों में कचोरी लिए मंत्री जी का अनेकों प्रकार से स्तुति गान कर रहे हैं। किन्तु कचोरी प्रेमी मंत्री जी को प्रसन्नता के साथ सन्देह है कि कहीं मेरी व्याकुलता, कचोरी के प्रति संपूर्ण आसक्ति या भावना के कारण ऐसा भ्रम तो सुनाई-दिखाई नहीं पड़ रहा है? पर हृदय कहता है- 'कल्पना ही सही! किन्तु नेत्र इस भय के मारे नहीं खोलते कि कहीं सचमुच भ्रम की भावना सिद्ध न हो जाए! दलाल के शब्द सुनकर उन्हें यही भय होता है कि यह मेरे मानसिक भ्रम की अवस्था ही है। कोई विरहिणी नायिका शयन कक्ष में कचोरी आसक्त पड़ी स्वप्न रत है। स्वप्न में उसे कढ़ी-कचोरी के दर्शन होते हैं। कचोरीयातुर नायिका जागने का उपक्रम करती है। किन्तु भावमयी मृग नयनी नेत्र नहीं खोलना चाहती है। क्यों? क्या रूठी है? नहीं, नहीं, नहीं! नेत्र खोलने में उसे भय लगता है। भय किस बात का? सपने में कचोरी खाते हुए नायिका बेसुध है- 'सोवत सोवत हे सखि, कोई लिया जगाय। आंख न खोलूं डरपती, मत सपना होइ जाय।' अहा! कैसी करुण व्यथा है! वह कचोरी के विरह में अपनी सुध-बुध खो बैठी है। अपने प्रियतम से कह रही है। हे प्रियतम! कुछ नहीं तो मुझे सपने में ही इस दुर्लभ कचोरी का कढ़ी के साथ मिलान करके आनंद लेने दो। दलाल देवता भ्रष्टाचार की कचोरी के लिए व्यवस्था कर रहा है। मंत्री जी भ्रष्टाचार की कचोरी खाने के लिए आकुल हैं, व्याकुल हैं, बड़े आतुर हैं।



रामविलास जॉंगिड़

# शहरी और ग्रामीण भारत में श्रमबल सर्वेक्षण के आंकड़े



### सामयिक

किसी देश की आर्थिक प्रगति, योजनाओं के निर्माण और आर्थिक नीतियों को लागू करने के लिए जरूरी है कि संबंधित आंकड़ों की पर्याप्त उपलब्धता हो। इसके साथ ही आंकड़े निष्पक्ष, सटीक भी होने चाहिए। इस संबंध में रोजगार के ताजा आंकड़े अब आने लगे हैं। रोजगार, श्रमबल की उपलब्धता और बेरोजगारी दर यह देश के लिए बहुत बड़ा और संवेदनशील विषय है। इससे जुड़े आंकड़े जितने अधिक, सटीक और जल्दी मिलें, देश की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा ही होता है क्योंकि सरकार समय से अपनी नीतियों में सुधार कर आने वाली चुनौतियों का शमन कर सकती है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) का पहला मासिक बुलेटिन काफी समय पहले ही जारी कर चुका है। इस बुलेटिन में उल्लेख किया गया है कि भारत के आधिकारिक आंकड़े तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की मांग पूरी करना शुरू कर चुके हैं। कई अर्थशास्त्री और विश्लेषक कह चुके हैं कि रोजगार की वास्तविक स्थिति समझने के लिए भारत में कम समय के अंतराल पर आंकड़े जारी करने की जरूरत है। आधिकारिक आंकड़ों के अभाव में विश्लेषक निजी स्रोतों से आंकड़ों का उपयोग कर रहे थे। इन आकड़ों की व्यापकता एवं उन्हें हासिल करने की विधि अक्सर सवाल के घेरे में आ रहे थे। एनएसओ के सर्वेक्षण के मुताबिक भारत में 15 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र की आबादी की श्रेणी में बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत से ऊपर रही है। हालांकि, गणना विधि में बदलाव के कारण इसकी तुलना पुराने श्रम आंकड़ों से सीधे तौर पर नहीं की जा सकती है। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 6.5 प्रतिशत थी जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 4.5 प्रतिशत दर्ज की गई। रोजगार की स्थिति का आकलन करने के लिए सात दिन के ब्योरे पर आधारित इन आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में श्रम भागीदारी दर 55.6 प्रतिशत थी और शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में काफी फर्क देखा गया। यह भी नजर में आया कि दोनों ही क्षेत्रों में श्रम बल में स्त्री-पुरुष अनुपात में ऊंचा अंतर लगातार बना हुआ है।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने हाल में ही पीएलएफएस में कई बदलाव की घोषणा की थी जिनमें प्रमुख श्रम बाजार संकेतकों के मासिक अनुमान जारी होने का नया प्रावधान भी शामिल है। तिमाही सर्वेक्षण की जद में अब ग्रामीण क्षेत्र भी आएंगे और सालाना रिपोर्ट कैलेंडर वर्ष के साथ जोड़ी जाएगी। इससे आंकड़ों की तुलना अंतरराष्ट्रीय श्रम आंकड़ों से बेहतर ढंग से हो पाएगी। इन बदलावों की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। सीमित एवं अनियमित आधिकारिक आंकड़े समय रहते एवं साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने की राह में बड़ी बाधा के रूप में देखे जाते हैं। भारत के श्रम बाजार में तेजी से बुनियादी बदलाव हो रहे हैं। तकनीकी बदलाव और महिला श्रमिकों की बढ़ी भागीदारी की इसमें बड़ी भूमिका रही है। अन्य बदलाव में नमूने का दायरा बढ़ाना भी शामिल है। ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में रोटेशनल पैनल स्कीम की घोषणा की गई है। प्रत्येक चयनित परिवार का चार लगातार महीनों में चार बार सर्वेक्षण होगा, जिससे रोजगार से जुड़े विश्वसनीय रुझान सामने आ पाएंगे। गणना विधि के स्तर पर ऐसे बदलाव सर्वेक्षण की व्यवस्था एवं क्रियान्वयन में सुधार को गति दे रहे हैं। तकनीकी बाधाएं दूर करने के लिए भी एनएसओ ने कदम उठाए हैं। उदाहरण के लिए जानकारी के संग्रह के प्राथमिक स्तर पर एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए यह कंप्यूटर की मदद से व्यक्तिगत साक्षात्कार और अन्य वेब-आधारित एप्लीकेशन का इस्तेमाल कर रहा है।

मासिक पीएलएफएस की दिशा में सरकार का कदम बढ़ाना स्वागत योग्य है। लेकिन आंकड़े अब भी भारत में रोजगार की स्थिति पर लगातार सामने आ रही दिक्कतों की तरफ इशारा कर रहे हैं। उदाहरण के लिए 15 वर्ष एवं इससे अधिक उम्र वाली श्रेणी में महिला श्रम बल भागीदारी दर शहरी क्षेत्र में मात्र 25.7 प्रतिशत थी। यह विचारणीय तथ्य है। **वीओएल.**

## आपकी बात

### साइबर अपराधी बेलगाम

साइबर अपराध हर दिन घटने वाला हादसा बन गया है और साइबर अपराधी पूरी तरह से बेलगाम हैं। इससे निपटने के लिए सरकारी प्रयास नाकाफी हैं। केंद्र ने साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 और रिजर्व बैंक की वेबसाइट पर जाकर शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था की है लेकिन कितनी शिकायतें दर्ज होती हैं और कितनों का निपटारा होता है, यह बड़ा सवाल है। प्रौद्योगिकी में सक्षम लोग आज समाज पर एक नये तरह का प्रभुत्व और बढ़त भी हासिल कर चुके हैं। यह समस्या एक देश, एक समाज एवं वर्ग विशेष की नहीं, बल्कि विश्वभर में रह रहे हर मनुष्य के साथ जुड़ी हुई है। आज जो आर्थिक एवं डिजिटल तौर पर सक्षम है, वो सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक तौर पर कमजोर वर्ग को नियंत्रित करने की कोशिश करता है। वैश्विक स्तर पर इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध एवं यूक्रेन व रूस युद्ध के मूल कारणों पर चर्चा की जाए तो मूल कारण नियंत्रण ही है। लेकिन इस नियंत्रणकारी नीति का खामियाजा आम जनता को ही भुगतना पड़ता है, जो शायद पूरी तरह से युद्ध के कारणों व परिस्थितियों से रूबरू भी नहीं है। इस परिस्थिति में आम जनता के अधिकार विनाशकारी तरीके से रौंद दिए जाते हैं। यह कोई नई बात नहीं, द्वितीय विश्व युद्ध के अत्याचारों ने मानव अधिकारों के महत्व को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अहम मुद्दा बना दिया था। इसी गंभीरता को समझते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को 10 दिसंबर 1948 को अपनाया था। इसके अंतर्गत समानता का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, भेदभाव से आजादी का अधिकार, अभिव्यक्ति का अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं भोजन का अधिकार आदि शामिल हैं जो व्यक्ति को समाज में हक एवं बिना किसी दबाव के जीने का अधिकार देते हैं। इसी के अंतर्गत डिजिटल सुरक्षा अधिकार को भी जोड़ा जाना चाहिए। भारत के संदर्भ में बात की जाये तो देश के संविधान में मौलिक अधिकारों का प्रावधान किया गया है। लेकिन इन अधिकारों का अनुपालन व अवहेलना सब कुछ परिस्थितियों के हिसाब से हो रहा है। वर्तमान में ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में डिजिटल सुविधाओं को बढ़ाने के लिए काम तो किया जा रहा है, लेकिन डेटा प्रोटेक्शन की कमी के कारण बढ़ती डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं ने मानवीय अधिकारों के भविष्य पर व्यापक चर्चा शुरू कर दी है। इस मुद्दे पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मन की बात कार्यक्रम में व्यापक चर्चा कर चुके हैं।

**गिरीश चन्द्र त्रिपाठी, लखनऊ.**

### उद्यमिता को बढ़ावा दें

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टाॅटअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। स्टार्टअप को बढ़ावा देने की जरूरत है।

**वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## वामपंथ के प्रति बढ़ता जा रहा युवाओं का झुकावः अशोक तिवारी

अयोध्या। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला काउंसिल अयोध्या ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय व पांडुचेरी विश्वविद्यालय के छात्रसंघ के सम्पन्न हुए चुनावों में वामपंथी छात्र संगठनों के प्रत्याशियों की सभी पदों पर भारी बहुमत से हुई जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि युवाओं में वामपंथ के प्रति युवाओं का झुकाव बढ़ता जा रहा है। हम सबको जनपद में जनता की समस्याओं को लेकर ब्लॉक, तहसील व जिला स्तर पर जनसम्पर्क अभियान चलाकर लोगों में जागरूकता पैदा करना होगा। देश में दक्षिणपन्थी ताकतों का मुकाबला वामपन्थी जनवादी ताकतें ही कर सकती हैं इसके लिए हमें पार्टी व उसके जनसंगठनों को मजबूत करना होगा। पार्टी अपने स्थापना दिवस को शताब्दी वर्ष के रूप में मना रही है इस अवसर पर देशभर में विभिन्न जिला इकाईयां अपने-अपने जनपदों में कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं। फैजाबाद में भी शताब्दी वर्ष पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# राममंदिर में ध्वजारोहण का शुभ मुहूर्त रहेगा आधे घंटे



अयोध्या। श्री राम जन्मभूमि पर बने भव्य श्रीराम मंदिर ध्वजारोहण समारोह के आयोजन में अब गिनती के दिन बचे हैं। राममंदिर ध्वजारोहण का शुभ मुहूर्त मात्र आधे घंटे का है। ध्वज फहराने का शुभ मुहूर्त 25 नवम्बर को दोपहर में 12 बजे से 12 बजकर 30 मिनट तक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में तीन घंटे से अधिक समय तक रहेंगे। पीएम मोदी के अयोध्या आगमन और राममंदिर के ध्वजारोहण समारोह के साथ मंदिर निर्माण की वर्तमान स्थिति का आकलन और तैयारियों के लिए श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा अयोध्या में है। सोमवार को उन्होंने सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र

- रामजन्मभूमि परिसर के सातों मंदिरों के शिखर पर फहराए जायेंगे ध्वज
- 25 नवंबर को तीन घंटे अयोध्या में रहेंगे पीएम मोदी

परिसर में श्रीराम मंदिर के साथ साथ अन्य मंदिरों में ध्वज फहराएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अयोध्या आगमन का अभी अधिकृत प्रोटोकॉल नहीं आया है लेकिन राममंदिर प्रबंधन से जुड़े एक पदाधिकारी ने बताया कि 25 नवंबर को प्रधानमंत्री 10 बजकर 15 मिनट पर अयोध्या के महर्षि बाल्मिकी अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे और 1 बजकर 45 मिनट पर अयोध्या से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या मोदी राममंदिर परिसर का अवलोकन करेंगे और प्रथम तल पर स्थापित राम परिवार की प्रतिमाओं के दर्शन भी करेंगे।

कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रधानमंत्री कार्यालय पीएमओ जाएगी।

उन्होंने बताया कि राममंदिर परिसर में सौंदर्यीकरण, पौधरोपण और आर्किटेक्चरल कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्रीराम कथा संग्रहालय के निर्माण की जिम्मेदारी आईआईटी चेन्नई की सहयोगी संस्था ह्लपरिवर्तनह्ल को दी गई है। लगभग 50 करोड़ रुपये की लागत वाला यह एग्रीमेंट अंतिम चरण में है। राममंदिर ध्वजारोहण समारोह के बारे में बताया गया 25 नवंबर को राम मंदिर के सातों शिखरों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित होगा। ध्वजारोहण कार्यक्रम के लिए रक्षा मंत्रालय के विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है ताकि कोई तकनीकी बाधा न आए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केसरिया नायलॉन ध्वज पर अंकित ह्लओमह्ल प्रतीक के साथ ध्वज फहराएंगे, कार्यक्रम का शुभ मुहूर्त दोपहर 12 से 12:30 बजे का है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ध्वजारोहण समारोह के पूजन अर्चन की शुरूआत 21 नवम्बर को होगा और ध्वजारोहण समारोह का मुख्य कार्यक्रम 25 नवम्बर को है। इससे पहले श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में स्थित सभी मंदिरों में ध्वजारोहण का विरोध पूजन अर्चन 21 से शुरू होगा। सभी मंदिरों के लिए पूजन अर्चन के लिए अलग अलग यजमान के नाम ट्रस्ट ने तय कर लिया है और उनको दूरभाष से सूचित कर दिया गया है। सभी यजमान गृहस्थ बनाए गए हैं। जिसमें मुख्य यजमान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्य डॉ अनिल मिश्र और ट्रस्टी राधामोहन भी हैं। सभी यजमान 21 नवम्बर से 25 नवंबर तक श्रीराम मंदिर परिसर या ट्रस्ट द्वारा निर्धारित भवन में ही रहेंगे।

## जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है उर्वरक वितरण की सघन निगरानी

बहराइच। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव द्वारा अवगत कराया गया है वर्तमान में जिले में 17354 मी.टन यूरिया, 6032 मी.टन डीएपी, 7167 मी.टन एनपीके एवं 12653 मी.टन सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक उपलब्ध है। जनपद की सभी समितियो पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा उर्वरक वितरण कार्य की सघन निगरानी की जा रही है। डॉ. यादव ने बताया कि कृत्रिम कमी पैदा करने वाले दुकानदारों पर फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर और ईसी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कृषकों से अपील की है कि अफवाहों पर कतई ध्यान न दें। जनपद में अब तक इस वर्ष में 75239 मी.टन यूरिया 16548 मी.टन डीएपी का वितरण किया जा चुका है। गत रविवार को जिले में 8844 बोरी यूरिया, 2880 बोरी डीएपी, 2840 बोरी एनपीके एवं 7540 बोरी सिंगल सुपर फास्फेट का वितरण किया गया है। सीमावर्ती क्षेत्र में एसएसबी व पुलिस विभाग से समन्वय कर बड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिले की सभी समितियों एवं विक्रय केन्द्रों पर पुलिस, राजस्व व कृषि विभाग की देख-रेख में उर्वरक का वितरण कराया जा रहा है।

## किसानों की समस्या को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने दिया धरना



बाराबंकी। मुख्यमंत्री बिहार से लेकर जनपद मे दौड लगा रहे है। लेकिन किसान की असमय बरसात से नष्ट हुई फसलों का मुआवजा व किसानों को खाद आज तक उपलब्ध नहीं करा पाये है। धान की खरीद कागजो पर ही सीमित है। उक्त उद्गार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा गन्ना संस्थाना प्रांगण मे आयोजित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन मे राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कही। भाकपा राज्य परिषद सदस्य श्री सुमन ने आगे कहा कि यह सरकार किसान विरोधी है। और किसान की किसी भी समस्या का समाधान करने मे असमर्थ है। जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति खराब है। इसलिये मे शिवदर्शन वर्मा, पार्टी के राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार, मुनेश्वर बक्श, रामनरेश वर्मा आदि ने सम्बन्धित किया। इस अवसर पर विनय कुमार सिंह, महेन्द्र कुमार, सच्चिदानंद सिंह, सुन्दर सोनी, दिग्विजय सिंह, अमर सिंह, राजकुमार, आशीष कुमार वर्मा, सन्दीप कुमार तिवारी, राम नरेश, मोगेन्द्र सिंह, प्रेम चन्द्र वर्मा, राजेन्द्र बहादुर, रुबी सिंह चन्देल, दीपक कुमार वर्मा, जितेन्द्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## दिशा की बैठक आज

बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि 11 नवम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से विकास भवन सभागार में सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आहूत की गई है। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वांछित सूचनाओं के साथ बैठक में ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे।

## श्री भुईन देवा मंदिर समिति की निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न, सचिव बने उमाशंकर मिश्र



बाराबंकी। श्री भुईन देवा मंदिर समिति की निर्वाचन प्रक्रिया चुनाव अधिकारी देवनाथ सिंह की देख-रेख मे सम्पन्न हुई। कल्याणपुर लखनऊ श्री भुईन देवी मंदिर समिति मे संरक्षक पद पर राना प्रताप सिंह, अध्यक्ष पद पर कृष्णानन्द राय, उपाध्यक्ष पद पर संजय कुमार शर्मा, सचिव उमाशंकर मिश्र, संयुक्त सचिव महावीर सिंह, कोषाध्यक्ष ललित मोहन श्रीवास्तव, आडीटर संतोष कुमार पाण्डेय, सदस्य पुजारी पर अनिल कुमार त्रिपाठी, सदस्यो श्रीशचन्द्र दीक्षित, रामलखन पाण्डेय, सत्य प्रकाश शर्मा, हरिशंकर पाण्डेय, दिलीप कुमार प्रजापति, अशोक कुमार दीक्षित, राकेश कुमार दूबे को चुना गया। जंहा चुनाव अधिकारी श्री सिंह ने निर्वाचित पदाधिकारियो को बधाई देते हुये अपने कर्तव्यो व दायित्वो का ईमानदारी से निर्वहन करने की अपील की।

# जम्मू कश्मीर बना केएसई सीनियर पुरुष बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का ओवरआल चैम्पियन



अयोध्या। के.एस.ई. कप सीनियर पुरुष बॉक्सिग चैम्पियनशिप के फाइनल मुकाबलों में रोमांच, जोश और जज्बे का अद्भुत संगम देखने को मिला। खिलाड़ियों के पंच पर दर्शक दीर्घा तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजती रही। इंडियन एमेच्योर बॉक्सिग

- यूपी को मिला दो गोल्ड व एक सिल्वर, सोमवार को हुए फाइनल के 13 मुकाबले

फेडरेशन के तत्वावधान में सहादतगंज स्थित सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल के मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्गों के कुल 13 फाइनल मुकाबले खेले गए। मुकाबलों में ओवरआल चैम्पियन जम्मू काश्मीर की टीम रही।सभी भार वर्ग के विजेताओं को उ.प्र. बाक्सिग संघ के प्रदेश अध्यक्ष विशाल गुप्ता की ओर से ग्यारह हजार व उपविजेता को इक्यावन सौ का नगद पुरूस्कार दिया गया। इसके साथ में कप व प्रशस्ति पत्र देकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, संघर्ष और राष्ट्रीय गौरव की पहचान है। प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगी।अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सरकार खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए निरंतर सार्थक कदम उठा रही है। गांव से लेकर महानगरों तक युवाओं के अंदर प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें सही दिशा और मंच देने की। इस तरह के आयोजन स्थानीय खिलाड़ियों के लिए पथ प्रदर्शक का कार्य करेंगे। प्रदेश बॉक्सिग संघ के अध्यक्ष विशाल गुप्ता ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदेश के हर जिले में बॉक्सिग प्रतिभाओं को निखारना है। खिलाड़ियों को सुविधाएं, प्रशिक्षण और अवसर देकर उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्णिम पहचान दिलाई जाएगी।

### यूपी को मिला दो गोल्ड व एक सिल्वर

प्रतियोगिता में पंजाब के रेफरी रणजीत सिंह को बेस्ट रेफरी का बेस्ट बाक्सर की ट्राफी जम्मू काश्मीर के सचिन को चुना गया। बेस्ट लूजर यूपी जितेन्द्र चुने गये। यूपी को दो गोल्ड व एक सिल्वर कप मिला। 48 किलो भार वर्ग में राजस्थान के देवेन्द्र सिंह सोलंकी ने पंजाब के निर्मल को हराया। 51 किलो भार वर्ग में जम्मू कश्मीर के अंशू ने तमिलनाडू के मुक्केबाज एस. वागीशी को मात दिया। 54 किलो भार वर्ग में पंजाब के मनोज कुमार ने यूपी के जितेन्द्र कुमार को हरा कर कप अपने नाम किया। 57 किलो भार वर्ग में जम्मू काश्मीर के मुक्केबाज सचिन ने पंजाब के लोकप्रीत सिंह को शिकस्त दिया। 60 व 63.5 किलो भार वर्ग में यूपी के मुक्केबाजों ने जीत दर्ज किया। मोहित ठाकुर व नितेश कुमार ने जीत दर्ज किया। मोहित ने जम्मू कश्मीर के धर्मेन्द्र तथा नितेश ने जम्मू काश्मीर के शुभम् को पटखनी दी। 67 किलो भार वर्ग में हरियाणा के प्रवीण कुमार ने जम्मू काश्मीर के महेश को हराया। 71 किलो भार वर्ग में जम्मू के यशपाल विजयी रहे। उन्होंने हरियाणा के कृष को कड़े मुकाबले में हराया। 75 किलोभार वर्ग में हरियाणा के अंकित कुमार ने जीत दर्ज की। 80 किलोभार में हरियाणा के प्रवेश कुमार ने त्रिपुरा के राबिन को हराया। 86 किलोभार वर्ग में जम्मू काश्मीर के हरपाल सिंह ने पश्चिमी बंगाल के देवेन्दर को शिकस्त दी। 92 किलोभार वर्ग में यूपी के बाक्सर हरीश कुमार के चोटिल होने के कारण आसाम के आकाश को वाकओवर मिल गया। सुपरहैवी वेट




पंजाब के विक्रमजीत सिंह ने हरियाणा के बाक्सर हरीश गिल को पराजित किया।

## अदबी कैनवस के तहत शेरी नशिस्त का आयोजन



बारांबकी। मोहल्ला शारजह नगर में शायर कैफी रुदौलवी के आवास पर अदबी कैनवस के जेरे एहतमाम से शेरी नशिस्त का आयोजन किया गया। जिसकी सदारत डॉक्टर फिदा हुसैन व निजामत वकार बाराबंकवी ने की। गैर तरही नशिस्त में मौजूद शायरों डॉक्टर रेहान अलवी, आदर्श बाराबंकवी, कामरान अहमद, मंजूर बिलाली, जफर इकबाल, मोहम्मद नसीम, आफताब अदब ने अपने अपने कलाम पेश किए।

# अपर मुख्य सचिव ने किया 69वीं विद्यालयीय प्रदेशीय कुराश प्रतियोगिता का उद्घाटन



बाराबंकी। खेल में विरोधी को ही नहीं स्वयं को चुनौती देकर क्षमताओं का विकास किया जा सकता है। खेल में आत्म अनुशासन व गरिमा बनाये रखना बहुत आवश्यक है। उक्त उद्गार राजकीय इण्टर कालेज ऑडिटोरियम में 69वीं विद्यालयीय प्रदेशीय कुराश प्रतियोगिता उद्घाटन समारोह पर मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने व्यक्त किये। कार्यक्रम मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी को

- खेल में आत्म अनुशासन व गरिमा बनाये रखना बहुत आवश्यक है: पार्थसारथी सेन शर्मा

जिला विद्यालय निरीक्षक ओ0पी त्रिपाठी ने पुस्तक भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा जनपद खेल ही नहीं बल्कि शैक्षिक परिदृश्य में पूरे प्रदेश स्तर पर अपनी पहचान दर्ज कराता रहा है। उन्होंने विभिन्न मण्डलों से आये टीम मैनेजर, कोच तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया। कुराश प्रतियोगिता में एन0सी0सी0 कैडेट्स एवं बैण्ड द्वारा भव्य स्वागत, पायनियर इं0का0 लखपेड़ाबाग छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय मसौली छात्राओं द्वारा एक देश भक्ति आधारित मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर उसका सामूहिक गायन भी किया गया।

प्रतियोगिता में 11 मण्डलों के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के 225 से अधिक छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक संतोष मौर्य, पीएम श्री राजकीय इण्टर कालेज प्रधानाचार्य राधेश्याम, प्रधानाचार्या नन्दिता सिंह, पीएम श्री राजकीय बा0इं0का0 उप प्रधानाचार्या, पूनम सिंह, अरविन्द प्रकाश त्रिपाठी, अरविन्द सिंह, भानु प्रताप, विजय गुप्ता, राकेश ठाकुर, इकबाल फातिमा, सुविद्यया वत्स, व्यायाम शिक्षक तौहीद खान, राजन सिंह, रितू पाठक आदि उपस्थित रहे।

# जैव उर्वरक का प्रयोग कर डीएपी और यूरिया पर निर्भरता घटायें कृषक

जिला संवाददाता

बहराइच। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि फसल उत्पादन में जिन 16 आवश्यक पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है, उनमें प्रमुख रूप से नत्रजन व फास्फोरस तत्व का महत्व सबसे अधिक होता है। इन तत्वों में से किसी भी एक तत्व की कमी से जहां फसल उत्पादन में गंभीर रूप से प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अब यह भी देखा और अनुभव किया जा रहा है कि लगातार रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से जिस फसल की 10-15 वर्ष में जो उत्पादकता थी, या तो उस उत्पादकता में कमी आयी है अथवा पहले जैसा उत्पादन लेने में डेढ़ से दो गुना अधिक उर्वरक देना पड़ रहा है, जिससे भूमि की गुणवत्ता भी नष्ट हो रही है। फास्फोरस युक्त रासायनिक उर्वरक जैसे डीएपी एनपीके सुपर फास्फेट आदि की जो भी मात्रा, हम फसल उत्पादन के लिए खेतों में डालते हैं उसका सिर्फ 30 से 40 प्रतिशत भाग ही पौधों को उपलब्ध हो पाता है, शेष फास्फोरस मिट्टी के कणों द्वारा स्थिर कर लिया जाता है अथवा रासायनिक क्रियाओं द्वारा अघुलनशील मिश्रण में परिवर्तित हो जाता है। फलस्वरूप यह महत्वपूर्ण तत्व पौधों को उपलब्ध नहीं हो पाता।

उन्होनें यह भी बताया कि खेत में पिछले वर्ष के अघुलनशील अवस्था में बेकार पडे फास्फोरस का अगली फसल में उपयोग कर सकते हैं। इसके लिए कृषि वैज्ञानिकों ने नई तकनीक पीएसबी का अविष्कार किया है। पीएसबी (फास्फोरस घोलक बैक्टीरिया) का प्रयोग कर, अघुलनशील फास्फोरस को घुलनशील अवस्था में बदलकर पौधों को प्रति हेक्टेयर 20 से 25 किलोग्राम फास्फोरस उपलब्ध कराता है। जिससे किसान भाइयों को एक हैक्टेयर मे लगभग 50 किलोग्राम डीएपी कम डालनी पड़ती है। इसके प्रयोग से किसान भाई डीएपी, एनपीके, एव सिंगल सुपर फास्फेट पर निर्भरता कम करके कम खर्च में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रकार अन्य जैव उर्वरक जैसे राइजोबियम- यह आसमान से नाइट्रोजन का अवशोषण कर पौधों को उपलब्ध कराता है इसको केवल दलहनी फसले जैसे मसूर, चना, मटर में प्रयोग कर सकते हैं। यह किसानों भाइयों को यूरिया उर्वरक पर निर्भरता को कम करता है। एजेटौवेक्टर जैव उर्वरक यह भी नाइट्रोजन का अवशोषण कर पौधों को उपलब्ध कराता है इसको खाद्यान्न फसले जैसे गेहूं ज्वार मक्का बाजरा में प्रयोग कर सकते हैं। यह भी किसानों भाइयों की यूरिया उर्वरक पर निर्भरता को कम करता है।पीएसबी, राइजोबियम एजेटोबैक्टर कृषि विभाग के बीज भंडारों पर उपलब्ध है। यह पाउडर के रूप में होता है। किसान बुआई से पहले दो सौ ग्राम पानी में थोड़ा सा गुड़ डाल कर उबाला जाएगा। इसे ठंडा करने के बाद इसमें दो सौ ग्राम जैव उर्वरक पीएसबी/ एजेटोबेक्टर/ राइजोबियम को मिला लिया जाएगा।

## भारत की आध्यात्मिकता और अखण्डता का प्रतीक है वंदेमातरमः सांसद



बहराइच। देश के स्वतन्त्रता आन्दोलन की चेतना का प्रतीक राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम बहराइच में सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि शिवम्जायसवाल सहित अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजन, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में वंदेमातरम का सामूहिक गान सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार यादव, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी सुश्री प्राची पंवार, क्रीड़ाधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव, डीएचईआईओ बृजेश सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, महराज सिंह इण्टर कालेज सहित विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के छात्र, शिक्षक-शिक्षिकाएं, खिलाड़ी व खेल प्रेमी, पुलिस कार्मिक सहित बड़ी संख्या में आमजन ने वंदेमातरम के सामूहिक गान में सहभागिता की। वंदेमारत का सामूहिक गायन स्टेडियम में मौजूद लोगों के बीच राष्ट्रीय भावना का संचार करने में सफल रहा। इससे पूर्व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने समारोह में शामिल सभी लोगों का स्वागत करते हुए देश के स्वतन्त्रता संग्राम में राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान की भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला। श्री चन्द्र ने कहा कि राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान ने सम्पूर्ण देशवासियों को एक सूत्र में पिरो कर दमनकारी अंग्रेजों के विरूद्ध सीसा पिलाई दीवार बन कर खड़े होने का हौंसला प्रदान किया, जिससे अंग्रेज शासकों के दांत खट्टे हो गये। सीडीओ ने कहा कि आजादी की प्रेरणा देने वाले इन्ही गीतों के गाने पर आजादी के जाने अनजाने कितने मतवालों को मुकदमों का सामना करना पड़ा। आज उन्ही के बलिदान का नतीजा है कि हम खुले मैदान में चैड़ी छाती के साथ राष्ट्रगान के कार्यक्रम में शामिल हैं।

# विशाल गुप्ता बने उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग संघ के प्रदेश अध्यक्ष

अयोध्या। अयोध्या में चल रही राज्य स्तरीय बाक्सिग प्रतियोगिता के दौरान रविवार को उत्तर प्रदेश बाक्सिग संघ विशेष आम सभा की बैठक (स्पेशल जनरल बॉडी मीटिंग) सम्पन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से अयोध्या के विशाल गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। विशाल गुप्ता एम.आर. जयपुरिया स्कूल, अयोध्या के निदेशक और विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के ज्येष्ठ पुत्र हैं। अभी तक वे संघ में प्रदेश उपाध्यक्ष दायित्व निर्वहन कर रहे थे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय बाक्सिग संघ के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि ह्लउत्तर प्रदेश में बॉक्सिग की अपार संभावनाएं हैं। अब नए नेतृत्व से खेल को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। संघ युवाओं को प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं और आधुनिक संसाधनों से जोड़ने का काम तेज करेगा।ह्व विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि अयोध्या केवल आध्यात्मिक नगरी नहीं, बल्कि खेल की भूमि भी बन रही है। मेरे पुत्र को जो जिम्मेदारी दी गई है, वह समर्पण और मेहनत से खेल जगत का गौरव बढ़ाने का कार्य करेंगे।

नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष विशाल गुप्ता ने कहा कि ह्लमुझे जो दायित्व मिला है, वह सम्मान के साथ जिम्मेदारी भी है। प्रदेश के हर जिले में बॉक्सिग को बढ़ावा देने, खिलाड़ियों को सुविधाएं दिलाने और पारदर्शी चयन प्रणाली लागू करने के लिए प्रयास किया जाएगा। चुनाव में अन्य पदाधिकारियों में अभिषेक पाल (सिद्धार्थनगर) उपाध्यक्ष, उपेंद्र पांडेय (कानपुर) महासचिव, रमाकांत पांडेय (बस्ती), अभिषेक अग्रवाल (अयोध्या), आशुतोष ओझा (वाराणसी) संयुक्त सचिव तथा देवेन्द्र कुमार (लखनऊ) कोषाध्यक्ष चुनें गए। कार्यकारिणी सदस्यों में अमित गिरी (मेरठ), सत्यम शुक्ला (प्रयागराज), संजीव राय (गोरखपुर) और मनीष जायसवाल (प्रयागराज) शामिल हैं।

# डीएम और एसपी ने किया पारले चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ

जिला संवाददाता



बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह व अन्य अधिकारियों, क्षेत्रीय गणमान्य व संभ्रान्तजनों तथा प्रगतिशील गन्ना कृषकों के साथ वैदिक मंत्रोचार के बीच पारले चीनी मिल, परसेण्डी के डोंगा में गन्ना डालकर पेराई सत्र 2025-2026 का शुभारम्भ किया। पेराई सत्र के शुभारम्भ अवसर पर मिल गेट पर पहुंची प्रथम बैलगाड़ी के बैलों की पूजा कर गुड़ खिलाया गया तथा बैल गाड़ी के साथ गन्ना लेकर आये गन्ना कृषकों को माला पहनाकर स्वागत किया व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने गन्ना किसानों और मिल प्रबन्धन को सफल पेराई सत्र के लिए शुभकामनाएं भी दी।

डीएम श्री त्रिपाठी ने कहा कि पारले चीनी मिल की स्थापना से क्षेत्रीय कृषकों विशेषकर गन्ना कृषकों की आर्थिक उन्नति होने से इस क्षेत्र का विकास हुआ है। डीएम ने मिल अधिकारियों व गन्ना कृषकों का आहवान किया कि एक दूसरे के हितों को सर्वोपरि रखते हुए मिल का संचालन कर पेराई सत्र में नये आयाम स्थापित करें। इस अवसर पर डीएम श्री त्रिपाठी ने कृषकों से अपील की कि फसल अवशेषों व पराली को खेत में न जलाये बल्कि उसका वैज्ञानिक विधि से निस्तारण करें ताकि भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहे। डीएम ने कृषकों से अपील की कि अपने आस-पास स्थापित गो संरक्षण केन्द्रों को पराली व फसल अवशेष दानकर गौ संरक्षण जैसे पुनीत कार्य में भागीदार बने। उन्होंने मिल अधिकारियों को निर्देश दिया कि कृषकों को गन्ना मूल्य का भुगतान समय से व सुगमतापूर्वक कराया जाय। चीनी मिले के महाप्रबन्धक अनिल सखूजा ने बताया कि सत्र 2025-26 के लिए मिल द्वारा 80 लाख कुण्टल गन्ना पेराई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कृषकों को गेहूँ की बुवाई में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए में मिल के पेराई सत्र का श्रीगणेश कर दिया गया है। श्री सखूजा ने किसानों को सुझाव दिया कि मिल को साफ-सुथरा गन्ना की आपूर्ति करें तथा शरदकालीन बुवाई में अधिक से अधिक क्षेत्रफल में उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की बुवाई करें जिससे जहां एक ओर कृषकों को उनकी उपज का अधिक मूल्य प्राप्त होगा वहीं दूसरी ओर चीनी मिल भी निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप गन्ने की पेराई करने में सफल होगी।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर, कारखाना प्रबंधक अनिल यादव, राजन सिंह, वहाजुद्दीन, संजीव राठी, जगतार सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में गन्ना कृषक व मिल के कर्मचारी मौजूद रहे।

## बाइक की भिड़ंत में दोनों सवार हुए घायल



.सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के लखौरी फ्लाई ओवर के पश्चिम हाइवे के उत्तरी सब लेन पर आमने-सामने से आ रहे दो बाइक सवार आपस में भिड़ गए। सोमवार की सुबह हुई इस सड़क दुर्घटना में शेखपुर जाफर गांव निवासी मोहम्मद आसिफ उम्र लगभग 20 वर्ष और कांटा गांव निवासी अंबुज उम्र लगभग 22 वर्ष घायल हो गये। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों के साथ पीआरबी पुलिस के जवानों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल भेजा। वहां हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। कार्य वाहक थाना प्रभारी आलोक कुमार ने बताया कि अभी किसी तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। घायलों को इलाज के लिए एडमिट कराया गया है। मामले की जाँच पड़ताल करायी जा रही है।

संक्षेप

## युवक ने छात्रा से मांगी एक लाख की रंगदारी

रायबरेली। सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिशन षक्ति अभियान को ठेंगा दिखाते हुए एक छात्रा से रंगदारी मांगने के साथ फर्जी विवाहनामा बनाकर ब्लैकमेल किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी से परेषान होकर पीडित छात्रा ने कोतवाली पुलिस को मामले की तहरीर देते हुए कार्रवाई किये जाने की गुहार लगाई है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के कुण्डवल गांव निवासिनी एक छात्रा ने बताया कि हरचंदपुर थाना क्षेत्र के बरगदहा गांव निवासी रामू के साथ पूर्व में कुछ फोटो बनवाई थी जिसके बाद से आरोपी लगातार उसे परेशान कर रहा है। पीड़िता के अनुसार आरोपी एआई के माध्यम से उसकी अश्लील फोटो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी दे रहा है। इसी दबाव में आकर उसने कुछ सादे स्टॉम्प पेपरो में हस्ताक्षर भी बनवा लिये थे। जिसमें बाद में आरोपी ने फर्जी तरीके से विवाह का इकरारनामा भी बनवा लिया जो पूरी तरह से फर्जी है। पीडिता की माने तो आरोपी अब उससे एक लाख रुपए देने या फिर शादी करने का दबाव बना रहा है। ऐसा न करने पर उसे बदनाम करने के लिये कुचक्र रच रहा है। जिससे उसका घर से निकलना दूभर हो गया है साथ ही उसकी पढ़ाई भी बाधित हो रही है। आरोपी आयेदिन फोन के माध्यम से उसे लगातार धमकियां दे रहा है। जिसके चलते पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई किये जाने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जायेगी।

## चोरों ने पार किए नकदी समेत 10 लाख के जेवर

रायबरेली। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के उतरागौरी गांव में बीती रात अज्ञात चोरो ने एक घर में धावा बोल दिया। बक्सों व अलमारी का लाकर तोड़कर उसमें रखी नकदी समेंत लाखों के जेवर पार कर दिये। पीड़ित की षिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच षुरू कर दी है। पीड़ित मृत्युजंय ने पुलिस से चोरों को खोजने की गुहार लगाई है। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## उचक्कों ने पार किये महिला के झुमके

रायबरेली। जेवर साफ करने के बहाने उचक्को ने महिला के जेवर लेकर फरार हो गये। जिसके बाद मामले की सूचना डायल 112 को दी गई। खोजबीन के बाद भी उचक्को का पता न चलने पर पीड़ित ने मामले की षिकायत कोतवाली पुलिस से की है। जांच पड़ताल के बाद मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई। कोतवाली पुलिस ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की मदद से आरोपियों की पहचान की जा रही है।

## श्री बालाजी मंदिर का 17वां वार्षिकोत्सव संपन्न

लालगंज रायबरेली। श्री बालाजी सरकार सेवा समिति सब्जी मंडी लालगंज के अध्यक्ष अशोक गुप्ता और महामंत्री अशोक शुक्ला ने बताया कि गत वर्षो की तरह श्री बालाजी मंदिर का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े ही भव्यता के साथ मनाया गया। हवन पूजन के बाद बालाजी सरकार को 56 तरह के मिष्ठान का भोग लगाया गया। लोगों ने श्री बालाजी सरकार के दरबार में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

# पेयजलापूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश

## सदर विधायक ने की विकास और निर्माण कार्यों की समीक्षा



जिला संवाददाता

रायबरेली। दर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में विधायक ने विभिन्न विभागों द्वारा चल रही योजनाओं, निर्माणाधीन परियोजनाओं एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण किए जाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने कहा कि शासन की मंशा है कि विकास कार्यों का लाभ समय से जनता तक पहुँचे, इसलिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें।

बैठक के दौरान विधायक ने डूडा, विद्युत व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सिंचाई, नगर पालिका आदि से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने पर बल दिया। पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग प्रवीण सिंह, परियोजना अधिकारी डूडा शशि कुमार मल्होत्रा, अधिशासी अभियंता सिंचाई (द०) सुशील यादव, अधिशासी अभियंता जल निगम (शहरी) अफजल खान सहित अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# यातायात जागरूकता पाठशाला का आयोजन

- विद्यार्थियों व वाहन चालकों को दी गयी यातायात नियमों की जानकारी

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में यातायात पुलिस विभाग के सहयोग से यातायात जागरूकता पाठशाला का आयोजन किया गया। यातायात सुरक्षा और स्कूल के वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, मोबाईल फोन के प्रयोग से बचाव तथा यातायात नियमों के अनुपालन से होने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी, उन्होंने सभी को सुरक्षित परिवहन चालन की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य शिवलखन



माह के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं वाहन चालकों में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रश्नोत्तरी सत्र में छात्र देवेश, अविरल, अनुष्का और गरिमा ने यातायात से जुड़े सवाल पूछे।

इस अवसर पर टीएसआई अरिमर्दन सिंह, रमेश सिंह तथा हेड कांस्टेबल साहब सिंह ने विद्यार्थियों प्रजापति ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि हमारे जीवन की सुरक्षा का वचन है, हम सभी को अपने जीवन में यातायात नियमों का पालन करना चाहिए।

कार्यक्रम में संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, अजय सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डिजिटल हस्ताक्षर युक्त डोंगल व चेकबुक चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज

- तीन साल पहले ग्राम प्रधान के खाते से चालीस लाख रुपए का फर्जी फर्मों व सहयोगियों के नाम निकाले जाने का है आरोप

महराजगंज रायबरेली। तीन साल पहले ग्राम प्रधान के खाते से जालसाजी व उनके डिजिटल हस्ताक्षर युक्त डोंगल व चेकबुक चोरी के उपयोग से चालीस लाख रुपए का फर्जी फर्मों व सहयोगियों के नाम निकाले जाने के आरोप में पांच के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुट गई है।

मामला क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोन का है। यहां के बखतखेर मजरे मोन निवासी कंधईलाल की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मोन गांव निवासी श्याम चंद्र सिंह, दिलीप सिंह, प्रदीप सिंह, अरिदमन सिंह व देवेन्द्र प्रताप सिंह सहित पांच लोगों के खिलाफ जालसाजी व कूटरचित अभिलेखों में हेरफेर आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। शिकायतकर्ता कंधईलाल ने न्यायालय में दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि मोन गांव प्रधान श्यामकला के डिजिटल हस्ताक्षर युक्त डोंगल व चेकबुक चुराकर फर्जी हस्ताक्षर बनाकर उपरोक्त लोगों द्वारा 30 जुलाई 2021 से 4 जनवरी 2022 तक बैंक खाते से करीब चालीस लाख रुपए निकाल लिए गए। ग्राम प्रधान को फर्जी तरीके से भुगतान की जानकारी हुई तो उन्होंने 13 दिसम्बर 2021 को बैंक में शिकायत कर खाला लाक करवा दिया। जिसके बाद ग्राम प्रधान श्यामकला को डोंगल वापस कर दिया गया। उसके बाद भी दिलीप सिंह द्वारा 13 - 14 दिसम्बर 2021को 3 लाख 92 हजार 3 सौ दस हजार अपने सहयोगियों व फर्जी फर्मों में लगा दिए गए। फर्जी भुगतान की चर्चा जब उसने गांव में की तो 6 अगस्त 2025 को मोन चैराहे पर आरोपियों ने उसे मारा-पीटा जिसकी शिकायत उसने स्थानीय थाना व पुलिस अधीक्षक से भी की है।

# पुलिस ने किया 880 वाहनों का चालान

## सीज की चार मोटरसाइकिलें

रायबरेली। यातायात माह 2025 के तहत जिले में यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर बड़ा अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, क्षेत्राधिकारी यातायात अमित सिंह और प्रभारी यातायात निरीक्षक इंदरपाल सिंह सेंगर की देखरेख में 9 नवंबर को पूरे दिन कड़ी कार्रवाई की गई। स्पीड रडार गन से लेकर शहर के प्रमुख चैराहों पर प्रवर्तन दल ने ओवरस्पीडिंग से लेकर बिना हेलमेट तक हर उल्लंघन पर चालान काटा। लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर त्रिपुला चैराहे के पास लखनऊ की ओर से आने वाले भारी कमर्शियल वाहनों और अन्य वाहनों की स्पीड चेकिंग की गई। रडार गन से 75 वाहनों का चालान किया गया। इसके साथ ही 4 मोटरसाइकिलों को सीज कर थाने भेजा गया। पुलिस का कहना है कि हाईवे पर ओवरस्पीडिंग दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण है, इसलिए इस पर सख्ती बरती जा रही है।



यातायात जागरूकता के तहत पुलिस ने आम जनता को भी जोड़ा। रोडवेज की करीब 35 बसों के चालक-परिचालकों को बस चलाते समय ध्यान रखने वाले नियम, सड़क संकेत और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। सिविल लाइन चैराहा पर लगभग 250 ई-रिक्शा, ऑटो और मैजिक चालकों को निर्धारित रूट, यातायात नियम, लेन ड्राइविंग और सड़क चिन्हों के बारे में विस्तार से समझाया गया। सभी से आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की गई। सिविल लाइन चैराहा, रतापुर चैराहा, लालगंज तिराहा, पुलिस लाइन चैराहा, बरगद चैराहा समेत सभी मुख्य जगहों पर विशेष टीमें तैनात की गईं। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत तुरंत चालान किया गया। सोमवार को काली फिल्म लगी गाड़ियां के 15, फॉल्टी व गलत नंबर प्लेट के 32 चालान, गलत दिशा में वाहन चलाना के 53 चालान, बिना सीट बेल्ट के 115 चालान, दोपहिया पर तीन सवारी के 98 चालान, नो पार्किंग में खड़े वाहनों के 92 चालान व बिना हेलमेट के 475 चालान किए गये। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने सभी नागरिकों से अपील की है कि यातायात माह के दौरान सड़क सुरक्षा के प्रति पूरी तरह सजग रहें। नियमों का पालन न केवल खुद की जान बचाएगा बल्कि दूसरों की भी रक्षा करेगा।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में किया गया कार्य देश की मजबूती का आधार : कमलेश

- 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ हेतु भूमि पूजन सम्पन्न
- वीएस गुरुकुल का लोकार्पण
- केंद्रीय राज्य मंत्री ने सांसद निधि से पांच लाख के मदद की किया घोषणा



गोरखपुर। महिला सशक्तिकरण की दिशा में किया गया कार्य देश की मजबूती का आधार है। महिलाओं की आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा का कार्य हम सबकी जिम्मेदारी है।

सोमवार को बड़हलगंज स्थित राष्ट्रीय कन्या इण्टर कालेज के प्रांगण में आयोजित 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए भूमि पूजन और वीएस गुरुकुल की स्थापना के अवसर पर बतौर मुख्यअतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने उक्त उदगार व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार को पांच लाख के मदद की घोषणा किया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में राष्ट्रीय कन्या इण्टर कालेज और वी एस गुरुकुल सफलता के आयाम स्थापित करेगा, यह पूर्ण विश्वास है। समारोह के विशिष्ट अतिथि और चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने इस अवसर पर कहा कि राष्ट्रजागरण,और नारी सशक्तिकरण को बल देने के लिये आयोजित होने जा रहे 108 कुण्डीय महायज्ञ के भूमिपूजन समारोह के साथ वीएस गुरुकुल की स्थापना देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिला सशक्तिकरण और उनको अपने पैरों पर खड़ा होने की राह बनाने के सपने को साकार करने की दिशा में उठाया गया सशक्त कदम है।

इसके पूर्व कालेज परिसर में 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम गायत्री परिवार के सैकड़ों साधकों ने यज्ञ विधि-विधान के साथ चेयरमैन श्रीमती प्रीति उमर एवं चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर द्वारा कराया गया। समारोह में मौजूद राष्ट्रपति भवन में कार्यरत आईएएस स्वाति शाही ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला और महिला शिक्षा एवं संस्कारयुक्त समाज के निर्माण में गुरुकुल की भूमिका पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर विशाल मणि मिश्र, विधायक प्रतिनिधि आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख राम आशीष राय, गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य लक्ष्मीनारायण गुप्त, आलोक सिंह, पुरुषोत्तम जायसवाल, महेंद्र जायसवाल, अतरवासी देवी, पवन यादव, डॉ. बी.बी. मिश्र, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुर्गेश मिश्र, बृजेश वर्मा, जिप सदस्य माया शंकर शुक्ल, अष्टभुजा सिंह, ज्योतिनारायण सिंह, प्रशांत शाही, रंजन श्रीवास्तव, सभासद दीपक शर्मा, सूरज सोनकर, संजय सोनकर, दीपक गौड़, राकेश राय, प्रधानाचार्य विभा यादव, व्यापारी नेता श्रीकांत सोनी एवं रघुराज सिंह सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# जनमानस के लिए स्मरणीय हैं महंत महेंद्रनाथ जी महाराज के कार्य : सीएम

## मठ ने ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए ही कार्य प्रारंभ किएः गोरक्षपीठाधीश्वर

जिला संवाददाता

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महंत महेंद्रनाथ जी महाराज ने लंबे समय तक शक्तिपीठ देवीपाटन की सेवा की। गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ के सानिध्य व निर्देशन में वे मंदिर और इस क्षेत्र के विकास के लिए योगदान देते रहे। संत व योगी के रूप में उनके द्वारा किए गए कार्य 25 वर्ष के बाद भी जनमानस के लिए स्मरणीय बने हुए हैं। उन्होंने 25 वर्ष पहले जिन कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया था, वे मूर्त रूप लेते हुए बढ़ रहे हैं। मंदिर के भौतिक विकास, मंदिर परिसर के अंदर जनसुविधाओं के विकास और मंदिर द्वारा संचालित होने वाले सेवा के विभिन्न प्रकल्प तेजी के साथ आगे बढ़े हैं। मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ बलरामपुर में सोमवार को ब्रह्मलीन महंत योगी महेंद्रनाथ महाराज की 25वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। इस अवसर पर यहां श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है। सीएम योगी ने व्यास पीठ को नमन किया और कथा व्यास संत बालकदास जी महाराज का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत ज्ञान, भक्ति और वैराग्य की भी कथा है। वैराग्य का आशय स्वार्थ से ऊपर उठकर ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करना है। राष्ट्र, समाज, देश व धर्म के लिए समर्पण का भाव श्रीमद्भागवत कथा हमें सदैव प्रेरणा देती रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्मस्थल का प्राथमिक दायित्व होता है कि वह समाज की आस्था का प्रतीक बने और अपनी सेवा के माध्यम से लोककल्याण,



जनकल्याण का मजबूत केंद्र बनकर उभरे। देवीपाटन मंदिर 35-40 वर्ष पहले केवल मंदिर तक सीमित था। धर्मशाला भी टूटी हुई थी। अन्य जनसुविधाएं भी नहीं थीं। श्रद्धालुओं को अनेक कठिनाई होती थी। जिस मंदिर के पास स्वयं की सुविधा न हो, वह अन्य कार्यक्रम क्या आगे बढ़ाता। आज यहां श्रद्धालु व आगंतुक निःशुल्क प्रसाद ग्रहण कर सकता है। मंदिर परिसर में धर्मशाला, यात्री विश्रामालय व गोसेवा के कार्यक्रम चल रहे हैं। मंदिर परिसर में थारू जनजाति से जुड़े छात्रों के लिए उत्तम छात्रावास का निर्माण और उनके पठन-पाठन की व्यवस्था मंदिर द्वारा संचालित सीबीएसई बोर्ड के विद्यालय में की जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि थारू जनजाति के लिए बनाए गए छात्रावास को 1994 में प्रारंभ किया गया था। पिछले 31 वर्षों से इस छात्रावास से निकले छात्र समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। भारत और नेपाल की सीमा की संवेदनशीलता सर्वविदित है। इन क्षेत्रों में थारू बाहुल्य गांव हैं। यह उपेक्षित पड़े हुए थे। वहां कनेक्टिविटी, जनसुविधा, स्कूल नहीं थे। 1994 में उन बच्चों को लाकर मठ-मंदिर परिसर में लाकर व्यवस्था की गई और अति उत्तम छात्रावास के माध्यम से इन बच्चों के लिए उत्तम शिक्षा की व्यवस्था की गई। सीएम योगी ने कहा कि धार्मिक संस्था केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्रीयता की प्रेरणा के केंद्रबिंदु बन सकते हैं। संस्था द्वारा यह कार्य किया गया। यहां पर मां पाटेश्वरी के नाम पर सीबीएसई बोर्ड का विद्यालय संचालित हो रहा है। यहां कस्बे और अगल-बगल के गांव के बच्चे भी आकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में धर्मस्थल जागरूक बनकर अपने उत्तरादायित्वों का निर्वहन करे तो इससे बढ़कर कोई कार्य नहीं हो सकता। हमें याद रखना होगा कि धर्म का मतलब केवल उपासना विधि, पूजा पाठ, आस्था नहीं होती। भारतीय दर्शन के अनुसार इसकी परिभाषा को जानने का प्रयास करेंगे तो पता चलेगा कि इस लोक में जो भौतिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विकास का मार्ग प्रशस्त करे तथा परलोक के लिए मुक्ति का मार्ग प्रशस्त कर सके, वह व्यवस्था ही धर्म है। भौतिक विकास का मार्ग बिना कर्तव्य निर्वहन के नहीं हो सकता। जब प्रत्येक व्यक्ति कर्तव्यों का निर्वहन करे तो वही दायित्व बनता है। उसी दायित्व का निर्वहन करते हुए हम आगे बढ़ते हैं तो देश मजबूत होता है। सीएम योगी ने कहा कि यह वर्ष देश के लिए अत्यंत सौभाग्यशाली है, क्योंकि भारत की अखंडता के प्रतीक लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के 150 वर्ष पूर्ण हुए हैं। भारत का राष्ट्रगीत वंदे मातरम भी 150वें वर्ष में पहुंच गया है। यह धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का 150वां वर्ष है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबडेकर द्वारा जिस संविधान की ड्रॉफ्टिंग की गई थी, उसके 75 वर्ष पूर्ण हुए हैं। यह उसके अमृत महोत्सव का भी वर्ष है। उन्होंने कहा कि जिस देश का युवा जागृत और राष्ट्रीय चेतना से ओतप्रोत होता है, उस राष्ट्र को दुनिया की कोई ताकत गुलाम नहीं बना सकती।

## पिकअप वैन पुल से गिरी, दो की मौत, 18 घायल

नोएडा। जनपद गौतमबुद्धनगर के थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के हिंडन पुल और एफएनजी एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाले फ्लाईओवर पर रविवार शाम को एक पिकअप वैन रेलिंग से टकरा गयी, जिसके चलते इसमें बैठे छह लोग पुल से नीचे गिर गए जबकि कई लोग वाहन के नीचे दब गए। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और 18 लोग घायल हो गए। तीन की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। घायलों का इलाज अलग-अलग अस्पतालों में जारी है। सहायक पुलिस आयुक्त ट्विंकल जैन ने बताया कि पिकअप वैन पर सवार सभी लोग मूलरूप से पश्चिम बंगाल के निवासी हैं। ये लोग मूर्ति का विसर्जन कर लौट रहे थे, तभी एफएनजी एक्सप्रेसवे पर यह हादसा हुआ। पुलिस ने घायलों को बिसरख, नोएडा व आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया है।

## नव विवाहिता से अश्लील हरकत करने के नौ आरोपितों पर केस दर्ज

भदोही। जिले में घर के शौचालय और स्नानगृह के सामने सीसीटीवी कैमरा लगाने का विरोध करने पर एक नव विवाहिता से अश्लील हरकत करने और धमकी देने के आरोपी नौ लोगों के खिलाफ अदालत के आदेश के बाद मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से बताया कि जिले की ज्ञानपुर सदर कोतवाली के भिदिउरा गांव में इसी साल 12 मार्च को मुन्नी देवी नामक महिला के घर के ठीक सामने कुछ लोग सीसीटीवी कैमरा लगा रहे थे। उस कैमरे का रुख उसके घर में बने शौचालय और स्नानगृह की तरफ था। अधिकारी ने बताया कि मुन्नी देवी ने कैमरे लगाने का विरोध किया इसके बाद सुमीत, वरुण, संदीप, सुमित दुबे, अमन, अंकित, सौरभ, अनुज और संजय नामक व्यक्तियों ने उसकी नव विवाहिता बहू को जमीन पर लिटाकर उससे अश्लील हरकत की। उन्हें रोकने की कोशिश पर आरोपियों ने उसे भी धक्का देकर गिरा दिया। उन्होंने बताया कि वादी मुन्नी देवी ने रिपोर्ट में कहा है कि जब उसने दबंग की हरकत को देखकर चिल्लाना शुरू किया तो ग्रामीण इकट्ठा होने लगे जिन्हें देखकर आरोपी उसकी बहू को बेइज्जत करने की धमकी देकर भाग गए। इस मामले में मुन्नी देवी (42) ने एक याचिका अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह की अदालत में गत 20 मार्च को दायर की थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने गत आठ नवंबर को नौ युवकों के खिलाफ ज्ञानपुर कोतवाली में मामला दर्ज करने का आदेश दिया था। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि अदालत के आदेश पर सभी नौ आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 (किसी महिला की लज्जा भंग करने के इरादे से उस पर हमला करना या आपराधिक बल प्रयोग करना), 324-4 (शरारतपूर्ण कृत्य) और 351-3 (किसी को मृत्यु या गंभीर चोट पहुंचाने की धमकी देना) के तहत रविवार को मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## पूर्व मंत्री डीपी यादव समेत नौ पर नोएडा में जमीन कब्जाने का केस दर्ज

नोएडा। पूर्व मंत्री डी.पी. यादव, उनकी पत्नी और बेटे समेत नौ लोगों के खिलाफ नोएडा के सलारपुर गांव में जमीन कब्जाने और धमकी देने के आरोप में एक मुकदमा दर्ज किया गया है। संपत्ति मालिक अशोक वाडिया की शिकायत पर अदालत के आदेश के बाद सेक्टर-126 थाने में रविवार को यह मामला दर्ज हुआ। वाडिया ने आरोप लगाया है कि पूर्व मंत्री डी. पी. यादव और उनके सहयोगियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर उनकी जमीन पर अवैध कब्जे की कोशिश की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के अनुसार, सलारपुर गांव में 14,000 वर्ग मीटर की जमीन 1989 में गोरखपुर के पवन जिंदल के स्वामित्व में थी। जिंदल ने उस समय अपना हिस्सा अशोक वाडिया को बेच दिया था, जबकि वाडिया ने बाद में अन्य सह-स्वामियों से भी शेष हिस्सा खरीद लिया। 2001 से यह जमीन उनके नाम पर दर्ज है। अशोक वाडिया का आरोप है कि अगस्त 2025 में पवन जिंदल ने पूर्व मंत्री डी. पी. यादव, सुरेश गोल्य, देवेश यादव, रामफल शर्मा, उमलेश यादव, कुनाल यादव, रविंद्र सिंह, अभय उपाध्याय और कुछ अन्य के साथ मिलकर फर्जीवाड़ा किया और विक्रय पत्र को आरोपियों के पक्ष में दिखाया। इसके बाद वे जमीन पर कब्जा लेने पहुंचे और विरोध करने वालों को धमकाया। पुलिस उपायुक्त यमुना प्रसाद ने बताया कि अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि इससे पहले भी इसी संपत्ति विवाद को लेकर गोरखपुर निवासी पवन जिंदल ने 29 अक्टूबर को सेक्टर-49 थाने में वाडिया बंधुओं समेत 30 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

## घर में रखे पटाखों में विस्फोट, एक व्यक्ति की मौत

फिरोजाबाद। जिले में घर में रखे पटाखों में सोमवार को हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) अनुज चौधरी ने बताया कि मृतक की पहचान नसीरपुर थाना क्षेत्र के हैबतपुर कर्खा निवासी पप्पू उर्फ जलालुद्दीन (55) के रूप में हुई है। वह शादियों में पटाखे उपलब्ध कराता था। उसने अपने घर में भी पटाखे रखे हुए थे और सोमवार सुबह अज्ञात कारण से पटाखों में विस्फोट हो गया। चौधरी ने बताया कि विस्फोट इतना जोरदार था कि मकान की छत ढह गई और उसके मलबे में दबकर पप्पू की मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## शोहरतगढ़ में मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को किया जागरूक

सिद्धार्थनगर- शोहरतगढ़ के चिल्हिया थाना क्षेत्र के ग्राम चिल्हिया में सोमवार को मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को आत्मनिर्भरता और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी के निर्देशन में एक जनचौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में उन महिलाओं को जानकारी दी गई जो विभिन्न कारणों से थाने तक नहीं पहुंच पाती हैं। टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और अपराध से बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दौरान महिला उत्पीड़न, दहेज प्रथा और पॉक्सो एक्ट जैसे महिला संबंधी मुकदमों में पीड़िताओं की काउंसलिंग भी की गई। मिशन शक्ति 5.0 के तहत टीम ने गांव में स्टीकर चस्पा कर अभियान का प्रचार-प्रसार किया। एसआई लालचंद यादव ने जानकारी दी कि प्रदेश सरकार ने सभी थानों पर मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए हैं, जहां महिलाएं अपनी समस्या दर्ज करा सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मिशन शक्ति फेज 5.0 का मुख्य उद्देश्य महिला सुरक्षा को लेकर जन जागरूकता बढ़ाना और अपराधों पर अंकुश लगाना है। एसआई लालचंद यादव ने उपस्थित महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें 1090 (वुमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 112 (पुलिस हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड केयर लाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 101 (अग्निशमन हेल्पलाइन), 14567 (एल्डर हेल्पलाइन) और 1930 (साइबर हेल्पलाइन) शामिल हैं। इन नंबरों के माध्यम से महिलाएं किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इस जागरूकता कार्यक्रम में एसआई शारदा प्रसाद यादव, आरक्षी सुनील कुमार, सलमान, महिला आरक्षी सीमा यादव, कंचन यादव और महिला होमगार्ड सुषमा पांडेय उपस्थित रहे। टीम ने सभी महिलाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत संबंधित हेल्पलाइन नंबरों या नजदीकी थाने से संपर्क करें।

## केएनआई में 150वीं वर्षगांठ पर हुआ भव्य वंदेमातरम सामूहिक गायन

सुलतानपुर (वीओएल)। कमला नेहरू स्वायत्तशासी संस्थान में सोमवार को राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ पर गौरवपूर्ण वातावरण में सामूहिक गायन का आयोजन किया गया। संस्थान के प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों विद्यार्थी, प्राध्यापक एवं गैरशैक्षणिक कर्मचारी एकत्र हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य ने वंदेमातरम् के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए किया। उन्होंने बताया कि इस अमरगीत की रचना वर्ष 1875 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने की थी तथा 1950 में इसे संवैधानिक रूप से राष्ट्रीय गीत का दर्जा प्राप्त हुआ। प्रो. सिंह ने कहा कि वंदेमातरम् स्वतंत्रता आंदोलन में क्रांतिकारियों के लिए ऊर्जा, साहस और राष्ट्रभक्ति का स्रोत रहा। यह गीत भारतीयों में राष्ट्र के प्रति अटूट प्रेम और एकजुटता की भावना जागृत करता है। इसके बाद विशाल जनसमूह ने प्राचार्य के नेतृत्व में मधुर स्वरों में वंदेमातरम् सुजलाम् सुफलाम का सामूहिक गायन किया, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के माहौल से गूंज उठा। उप प्राचार्य डॉ. शक्ति सिंह ने कहा कि यह गीत भारत की आत्मा और आत्मविश्वास का प्रतीक है। मुख्य अनुशासक डॉ. सुधांशु प्रताप सिंह ने इसे स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान जन-जन को एक सूत्र में बांधने वाला सशक्त मंत्र बताया।

संक्षेप

## डंपर ने छात्र को कुचला, मौत, लोगों ने लगाया जाम

बांदा। तिंदवारी कस्बे में तेज रफ्तार डंपर ने साइकिल सवार छात्र को कुचल दिया जिससे छात्र की मौत हो गई। घटना तिंदवारी थाना से कुछ ही दूरी पर हुई। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने बांदा-फतेहपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया। कुंज बिहारी पुत्र संतोष 15 स्थानीय सत्यनारायण इंटर कालेज में कक्षा 10 का छात्र था और वह स्कूल जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि छात्र साइकिल से तिंदवारी थाना के पास से गुजर रहा था इसी दौरान गिट्टी से लदा तेज रफ्तार डम्पर ट्रक अनियंत्रित हो गया और उसने छात्र को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि छात्र डंपर के नीचे आ गया और उसकी वहीं मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग, स्कूल के छात्र व मृतक के परिजन जमा हो गये। लोगों में डंपर चालक की लापरवाही व पुलिस प्रशासन की लचर व्यवस्था पर भारी गुस्सा था। आक्रोशित लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया जिससे राजमार्ग पर एक घंटे यातायात ठप रहा। लोगों ने मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता की मांग की। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि थाना तिंदवारी कस्बे में साइकिल से जाते समय छात्र को ट्रक ने टक्कर मार दी लेकिन जिला अस्पताल ले जाते समय दुखद मृत्यु हो गयी ट्रक चालक को हिरासत में लिया गया है। शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# हत्या के दो आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार



**मथुरा।** महावन थाना क्षेत्र में पुलिस और वांछित अभियुक्तों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान हत्या के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मुठभेड़ में एक आरोपी गोली लगने से घायल हो गया, जबकि दूसरे को मौके से दबोच लिया गया।

पुलिस ने उनके पास से अवैध हथियार, कारतूस, मृतक का मोबाइल और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। यह मुठभेड़ रविवार बीतीरात यमुना एक्सप्रेसवे पर मदनपुर जाने वाली सर्विस रोड पर हुई। पुलिस को सूचना मिली थी कि मुअसं 316/2025 (धारा 103(1)/238 बीएनएस) में वांछित अभियुक्त इस इलाके में मौजूद हैं। पुलिस ने घेराबंदी की, जिसके बाद बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में उजाला पुत्र रामबाबू (23, निवासी कौली पाड़ा, महावन) गोली लगने से घायल हो गया। उसे तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी छौली बलदेव भेजा गया।मुठभेड़ स्थल से उजाला के पास से एक .315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस और तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद हुए। वहीं, गिरफ्तार किए गए दूसरे आरोपी लखन पुत्र रामवीर (22, निवासी प्रेमनगर, महावन) के पास से एक .315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस मिला। घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और दो खोखा कारतूस भी बरामद किए गए। क्षेत्राधिकारी महावन संजीव राय ने बताया घायल आरोपी उजाला का लंबा आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ थाना महावन में चोरी, मारपीट और आर्म्स एक्ट सहित पांच मुकदमे दर्ज हैं। महावन थाना प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार की सुबह मीना पाड़ा, महावन निवासी गौरव का शव गोकुल यमुना किनारे बल्लभघाट पर मिला था। परिजनों ने गौरव की हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि गौरव की हत्या रुपये के लेन-देन को लेकर की गई थी।

**● महावन क्षेत्र में गोली लगने से एक घायल, मृतक का मोबाइल और बाइक बरामद**

## संत प्रेमानंद ने किए राधारानी और नंदबाबा मंदिर के दर्शन, सेवायतों ने आत्मीयता से लगाया गले

**मथुरा।** बरसाना और नंदगांव में सोमवार को संत प्रेमानंद महाराज का आगमन भक्ति और उत्साह से परिपूर्ण रहा। यहां संत प्रेमानंद महाराज ने भक्ति भाव से पूजा अर्चना की और नंदबाबा मंदिर में गोस्वामी द्वारा सुनाई गई भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को सुना। संत प्रेमानंद महाराज जी ने सोमवार को मथुरा के प्रमुख तीर्थ स्थल नंदगांव और बरसाना का दौरा किया। सबसे पहले संत प्रेमानंद महाराज नंदगांव के नंद बाबा मंदिर में पहुंचे। यहां पर मंदिर के सेवायत कान्हा गोस्वामियों ने उन्हें विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई। इस दौरान भक्तों और संतों ने नंद बाबा और भगवान कृष्ण के बाल चरित्र का गुणगान किया। इससे महाराज प्रेमानंद भावविभोर हो गए। इसके बाद प्रेमानंद महाराज जी बरसाना स्थित लाडली जी मंदिर (श्री राधा रानी मंदिर) पहुंचे। यहां पर उन्होंने राधा-रानी का दर्शन-पूजन किया। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं महाराज जी के आगमन की सूचना पर दोनों धामों में हजारों की संख्या में भक्तगण और श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़ पड़े। भक्त महाराज जी की एक झलक पाने के लिए बेताब दिखे। इस दौरान पूरा वातावरण ह्यराधे-राधेह्व के जयकारों से गूंज उठा। सेवायत गोस्वामी कान्हा ने भगवान कृष्ण के बाल चरित्र का सुनाया कथा नंद बाबा मंदिर के सेवायत कान्हा गोस्वामी ने उन्हें भगवान श्रीकृष्ण के बाल चरित्र की कथा सुनाई। इस दौरान संत प्रेमानंद महाराज ने किसी भक्त की तरह जमीन पर बैठकर विनम्रता से कथा सुनी।



## बाइक सवार युवकों को ट्रक ने रौंदा, मौत

**फिरोजाबाद।** आगरा से बाइक द्वारा फिरोजाबाद जा रहे युवकों की बाइक में अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर बैठे दोनों युवक गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए हाईवे स्थित एफएच मेडिकल भेजा है। जहां, उपचार के दौरान एक चिकित?सकों ने एक युवक मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस?टमार्टम के लिए फिरोजाबाद भेजा है। साथ ही पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी।फिरोजाबाद के थाना रसूलपुर अंतर्गत एलनी नगर निवासी अनिल कुमार (27) व कौशल कुमार (23) रविवार 11 बजे आगरा से फिरोजाबाद अपने घर लौट रहे थे। तभी हाईवे स्थित सीएचसी के सामने पीछे से तेजगति ट्रक ने उनकी बाइक में टक?कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए एफएच मेडिकल भेज दिया। जहां, उपचार के दौरान अनिल की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस?टमार्टम के लिए फिरोजाबाद जिलाअस?पताल भेजा है। कौशल का उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतक व घायल के परिजनों को सूचना दे दी है। इंस?पेक?टर अंजीश कुमार का कहना है कि ट्रक अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गया था। जिसमें एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। ट्रक को कब्जे में लिया है।

## राम सिंह कॉलेज में छात्र छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक



**टूंडला।** राम सिंह महविद्यालय नगला सिकन्दर टूण्डला एटा रोड फिरोजाबाद में 6 यू०पी० वाहिनी फिरोजाबाद के कमानडेन्ट ऑफीसर कर्नल के.के सिंह के निर्देशन में व थाना राजावली थाना प्रभारी वृज किशोर सिंह की अध्यक्षता में सभी कैडिटों को व राम सिंह कॉलेज के छात्र छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी तथा बाइक पर चलते समय हेलमेट व गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट पहनने के लिए जागरूक किया। व यातायात नियमों का पालन न करने पर उनसे होने वाले दुर्घटनाओ के बारे में अवगत कराया, इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक डीपी सिंह प्राचार्य डॉ.बी०पी० सिंह से अवगत कराया। कार्यक्रम के इस प्रबन्धक डा० डी० पी० सिंह व प्राचार्य एन सीसी सीटीओ प्रो०सी० पी०सिंह राजावत, भारती सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## गोवंश ने ली एक और युवक की जान

**बहराइच।** रोड पर आवारा घूम रहे गोवंश ने एक बाइक सवार की जान ले लीं। गोवंश के लगातार रोड पर आने से हादसे में आए दिन लोग अपनी जान गवा रहे हैं। लेकिन प्रशासन रोड पर घूमते गोवंश को हटाने में नाकाम सिद्ध हो रहे है। अगर मार्ग में गोवंश नहीं आया होता तो युवक की जान नहीं जाती। स्थानीय लोगों ने कहा कि दिन भर गोवंश रोड पर आते जाते रहते हैं जिसके कारण हादसे होते हैं। हादसे में अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं।

## मकान में हुआ ब्लास्ट गिरा लिंटर, मकान स्वामी की मौत



**फिरोजाबाद।** थाना नसीरपुर के गांव हैवतपुर कर्खा मैं उस समय हड़कंप मच गया जब एक मकान में जोरदार धमाका हुआ धमाके की आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर निकल आए जब लोगों ने घर के बाहर निकाल कर देखा तो एक मकान पूरा धुस्त हो गया था। मकान में आग लगी हुई थी ब्लास्ट होने के चलते मकान के लेंटर गिरने से मकान स्वामी की नीचे दबकर मौत हो गई घटना के बाद गांव में अफरा तफरी माहौल हो गया। घटना की सूचना मिलते हैं मौके पर एसएसपी और एसपी ग्रामीण सहित पुलिस फोर्स पहुंच गया। वहीं घटना की बात से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। हेवतपुर कार्खा थाना नसीरपुर निवासी जलालुद्दीन 55 उर्फ पप्पू पुत्र शहाबुद्दीन अपने परिवार के साथ घर पर मौजूद था। की तभी अचानक मकान में जोरदार धमाका हुआ धमाके की आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर निकल आए तो लोगों ने देखा मकान में आग लगी हुई थी और जलालुद्दीन का मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका था घटना के बाद गांव में अफरा तफरी का माहौल बन गया। ब्लास्ट होने के चलते लेंटर गिरने से जलालुद्दीन की नीचे दबकरमौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना नसीरपुर पुलिस पहुंच गई कुछ ही देर बाद एसएसपी सौरभ दीक्षित और एसपी ग्रामीण अनुज चौधरी भी घटनास्थल पर पहुंच गए। मृतक के बेटे इंसाफ ने बताया कि घर में रखी अचानक फ्रिज में आग लग गई इस दौरान सिलेंडर लीकेज हो रहा था जिसके चलते घर में आग लगी और ब्लास्ट हो गया। पुलिस ने मृतक जलालुद्दीन के शव को पोस्टमार्टम हाउस के लिए फिरोजाबाद भेज दिया। घटना के बाद से उनकी पत्नी सावरा और बेटों का रो-रो कर बुरा हाल था। गांव के लोगों ने बताया कि मृतक जलालुद्दीन शादी समारोह में आतिशबाजी चलाने का कार्य किया करता था वही देखा जाए तो घर में कुछ उनके आतिशबाजी भी रखी हुई थी जिसके चलते यह ब्लास्ट हुआ है। फिलहाल पुलिस अभी पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। एसपी ग्रामीण अनुज चौधरी ने बताया कि मकान में ब्लास्ट होने के चलते एक की मौत हुई है घटना में कोई घायल नहीं हुआ है प्रथम दृष्टा से मामला आतिशबाजी का निकल के सामने आया है। मृतक शादियों में आतिशबाजी चलाने का कार्य किया करता था। मकान में कई सारे पटाखे और अनार मिले हैं।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

**जैसे बेटे की हुई मौत, 2004 में पिता जलालुद्दीन की हुई थीं मौत**

शिकोहाबाद। परिजनों ने बताया कि 2004 में जलालुद्दीन के पिता शहाबुद्दीन की 2004 मैं ऐसे ही मृत्यु हो चुकी है बताया कि घर में अचानक ब्लास्ट हुआ जिससे कि लेंटर गिर गया था लेटर में दबने से शहाबुद्दीन की मृत्यु हो गई थी। और अब बेटे की भी मौत हो गई।

# प्रधानाचार्यों के लिए एक्सपोजर कार्यशाला आयोजित



**मथुरा।** एफडीडीआई , फुरसतगंज, रायबरेली द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा के सहयोग से जनपद के राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयो के प्रधानाचार्यों का ह्यएक्सपोजर कार्यशालाह्व का आयोजन किशोरी रमण इंटर कॉलेज, मथुरा में किया गया। यह कार्यशाला स्कूल के प्रधानाचार्यों को नई शिक्षा नीति-2020 के तहत ऐसे संस्थानो से संबधित जानकारी के लिए था जो स्किल शिक्षा के क्षेत्र मे महत्वपूर्ण काम कर रहे है।

इस कार्यक्रम में मुरलीधर शर्मा, प्रधानाचार्य, किशोरी रमन इंटर कॉलेज व सुश्री कविता सक्सेना, नोडल ऑफिसर विशिष्ट अतिथि रहे।

इस सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एफ डी डी आई के कार्यकारी निदेशक सुनील द्विवेदी ने कहा कि नई शिक्षा नीति वोकेशनल शिक्षा स्कूली शिक्षा एवं उच्च शिक्षा का महत्वपूर्ण स्तम्भ है। जैसा कि शिक्षा नीति कहती है कक्षा 6 से आगे स्कूल मे स्किल शिक्षा अनिवार्य है। इसी को ध्यान मे रखते हुए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिससे स्कूल प्रधानाचार्य यह जान सके कि उनके आस पास के संस्थान किस स्किल की शिक्षा दे रहे है एवं वे अपने स्कूल के लिए इन संस्थानो से किस प्रकार की सहभागिता कर सकते है। इस कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयो से आए प्रधानाचार्यों को फुटवियर एवं फैशन के क्षेत्र मे हो रहे नए प्रयोग एवं तकनीकी से रूबरू कराया गया। जिसे वे अपने छात्रो के साथ साझा करेंगे और छात्रो को सेवा रोजगार तथा व्यासयपरक शिक्षा के नए आयामों से अवगत कराएंगे।

इस विजिट के माध्यम से एफडीडीआई द्वारा स्कूल नेतृत्व तथा छात्रो को नवीनतम कौशलपरक पाठ्यक्रमो के लिए प्रेरित किया गया ताकि उनके सुनहरे भविष्य की आधारशिला रखी जा सके। इसी अनुक्रम में उन्होंने यह भी बताया की एफडीडीआई अपने 4 वर्षीय बीडिजाइन फैशन डिजाइन ,बी.डिजाइन फुटवियर डिजाइन, बी.डिजाइन लेदर लाइफस्टाइल एंड प्रोडक्ट डिजाइन एवं एमबीए रीटेल कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आगामी माह से शुरू करेगा। विद्यार्थी इस हेतू संस्थान में मोबाइल नंबर 7310108020 पर वरुण गुप्ता से संपर्क कर सकते हैं। कार्यकारी निदेशक ने आगे की कार्ययोजना पर प्रकाश डालते हुए बताया की एफडीडीआई फुरसतगंज केंपस के साथ साथ इसके सैटेलाइट केंपस बंथर, उन्नाव में भी 1 साल की अवधि के कुल तीन डिप्लोमा प्रोग्राम भी शुरू करने जा रहा हैं। यह कोर्स फुटवियर टेक्नोलॉजी, फैशन डिजाइन वह रिटेल फैशन मैनेजमेंट के अत्यंत रोजगार उन्मुख क्षेत्रो में होंगे। इन कोर्सेज की दो खास बातें हैं। प्रथम यह है की छात्र कोर्स से 6 माह या एक सेमेस्टर करने के बाद सर्टिफिकेट लेकर एक्जिट भी कर सकते है तथा अगला सेमेस्टर बाद में कभी भी पूरा कर सकते हैं, हालांकि दो सेमेस्टर पूरा करने पर ही डिप्लोमा दिया जाएगा। दोनों सेमेस्टर पूरा करने वाले छात्रों को एफडीडीआई द्वारा प्लेसमेंट भी कराया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया की एफडीडीआई को आईआईआरएफ रैंकिंग-2025 में डिजाइन कैटेगरी के सरकारी संस्थानो में प्रदेश में द्वितीय स्थान एवं देश मे पंद्रहवा स्थान प्राप्त हुआ है, जो गौरव का विषय है।

## होटल कर्मचारी ने श्रद्धालु पर्यटक संग मारपीट की



**मथुरा।** वृंदावन केशव धाम क्षेत्र स्थित एक होटल के कर्मचारियों द्वारा मुंबई के श्रद्धालुओं से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। कर्मचारियों ने श्रद्धालु का लाठी से सिर फोड़ दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस दर्ज शिकायत के आधार पर जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक रविवार को मुंबई सेंट्रल निवासी दीपक बघेला अपने परिजनों सहित धार्मिक यात्रा पर परिवार सहित तीर्थनगरी पहुंचे। जहां केशव धाम क्षेत्र स्थित गोविंद राधेश्याम होटल में उन्होंने 7800 रुपए में दो कमरे बुक किए। आरोप है कि कमरों के किराए को होटल प्रबंधन द्वारा बढ़ाकर अचानक 9500 रुपए कर दिया गया। इसे लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि होटल कर्मचारी श्रद्धालुओं से अभद्रता करने के बाद मारपीट पर उतारू हो गए। कर्मचारियों ने दीपक बघेला को सिर में लाठी मारकर घायल कर दिया। इस घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। श्रद्धालुओं ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना ने तीर्थनगरी की पर्यटक हितैषी छवि को धूमिल किया है।

# गोवंश से टकराकर एक जीजा की मौत, साला, भतीजा घायल

**फिरोजाबाद।** थाना नसीरपुर क्षेत्र के गांव सियारमऊ के पास बटेश्वर से दर्शन कर लौट रहे बाइक सवार युवकों की बाइक एक गोवंश से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि बालक सहित दो लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

शिवकुमार उर्फ भोले पुत्र कालीचरण निवासी ग्राम रैना फिरोजाबाद, अपने साले सचिन पुत्र वीरेंद्र निवासी कुरीकूपा थाना लाइनपार फिरोजाबाद, साले के बेटे प्रांशु पुत्र प्रेमपाल के साथ बाइक से बटेश्वर में दर्शन करने के लिए सोमवार को गया था। तीनों बाबा बटेश्वर के दर्शन कर वापस बाइक से लौटकर अपने घर आ रहे थे तभी श्यारमऊ के पास अचानक से एक गोवंश बाइक के सामने आ गई जिससे बाइक सवार तेजी से गोवंश से टकरा गए। हादसा इतना भीषण था कि बाइक की टक्कर लगने से मौके पर ही गोवंश के साथ ही मौके पर भोले की मौत हो गई।

हादसा होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को इलाज के लिए सयुक्त जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद भोले को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। इस बारे में थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र कुमार सोलंकी का कहना है कि बाइक गोवंश से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौत हुई है। दो लोग घायल हुए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**5 वर्ष पूर्व हुई थी मृतक की शादी**

घायलों ने बताया कि मृतक की शादी 5 वर्ष पूर्व हुई थी। मृतक के दो मासूम बच्चे चिंटू, काव्या हैं। घटना से मृतक की पत्नी का रो रोकर बुरा हाल हो रहा था।

## दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए करें आवेदन: सीएमओ

ललितपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि जिलाधिकारी के सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिव्यागंता परीक्षण करते हुये दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये जाते हैं।

दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने कि प्रक्रिया के लिए बेवसाइड पर आवेदन किया जा सकता है। इसके उपरांत आवेदन कर्ता को किसी भी कार्य दिवस में जिला चिकित्सालय सम्बद्ध स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में जा कर चिकित्सकीय परीक्षण कराना होता है। तद्उपरांत ऑनलाइन आवेदन दिव्यांगता रिपोर्ट एवं आधार कार्ड के साथ सीएमओ कार्यालय में जमा करना होता है जिसके उपरांत दिव्यांग प्रमाण पत्र ऑनलाइन निर्गत कर दिया जाता है।

## पुलिस ने किया यातामाह को लेकर छात्र-छात्राओं को जागरूक




**मथुरा।** सोमवार को यातायात माह का कार्यक्रम यातायात पुलिस द्वारा श्रीराधा माधव इंटर कॉलेज गोवर्धन रोड मथुरा में आयोजित किया गया जिसमें टीएसआई हरि मोहन त्रिपाठी द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को यातायात संकेत, यातायात चिन्ह, यातायात नियमों का पालन ,एमबी एक्ट की महत्वपूर्ण धाराओं के बारे में जानकारी दी गई तथा टीएसआई देव सिंह पाल द्वारा सभी छात्रों को दुर्घटना के समय घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाना एवं गोल्डन हावर, वाहन चलाते समय चालक के कर्तव्य, एवं यातायात नियमों को पालन करने के लिए सभी छात्रों को जानकारी दी गई तथा स्टोर प्रभारी हेड कांस्टेबल आदेश कुमार द्वारा शहर में लगे विभिन्न कैमरों के माध्यम से होने वाले चालान एवं यातायात उल्लंघन तथा यातायात नियम का पालन करने के लिए जागरूक किया गया कार्यक्रम की समाप्ति के बाद टीएसआई हरिमोहन त्रिपाठी द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों को पालन करने के लिए शपथ दिलाई गई।

स्कूल के प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र पचोरी एवं अध्यापक राकेश कुमार पचैरी एवं अन्य अध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रति जागरूक होकर यातायात पुलिस की प्रशंसा की गई तथा उन्हें ऐसे कार्यक्रमों को स्कूल में पुनः करने के लिए अनुरोध किया गया।

## पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय, मथुरा में राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ




**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान, मथुरा में आज से सात दिवसीय ह्यपशु जन्म नियंत्रण (श्वान कल्याण एवं जनस्वास्थ्य जागरूकता)ह्व विषय पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अभिजित मित्र के मार्गदर्शन में 10 से 16 नवम्बर, 2025 तक आयोजित किया जा रहा है।इस कार्यक्रम में देश के 13 राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, छत्तीसगढ़, बिहार, दिल्ली, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना एवं कर्नाटक से आए 25 पशुचिकित्सक भाग ले रहे हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पशु कल्याण बोर्ड, भारत सरकार, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य पशुचिकित्सकों को श्वानो की जनसंख्या नियंत्रण, पशु कल्याण एवं जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में अद्यतन ज्ञान एवं व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है। सात दिनों के इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को 21 व्याख्यान एवं 7 व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिनमें शामिल हैं। उद्घाटन सत्र में कुलपति डॉ. अभिजित मित्र ने वैज्ञानिक एवं मानवीय दृष्टिकोण से आवारा श्वान की जनसंख्या नियंत्रण की आवश्यकता पर बल दिया तथा समुदाय के स्वास्थ्य एवं पशुओं के प्रति करुणा के महत्व को रेखांकित किया। सप्ताह भर चलने वाला यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्यों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करेगा तथा पशुचिकित्सकों को देशभर में वैज्ञानिक एवं नैतिक पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्षम बनाएगा।

# डीएम ने प्रस्तावित कार्यों के संबंध में की समीक्षा



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में 15वें वित्त आयोग की टाइड एवं अनटाइड ग्रांट एवं दो प्रतिशत अतिरिक्त स्टांप शुल्क में प्राप्त एवं अवशेष धनराशि से कराए जाने वाले प्रस्तावित कार्यों के संबंध में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई, बैठक में 15वें वित्त आयोग के टाइट ग्रांट की प्रथम एवं द्वितीय किस्त में अवशेष धनराशि से प्रस्तावित नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद के कार्यों की सर्वप्रथम समीक्षा की गई।

, जिसमें जिलाधिकारी ने वार्ड संख्या तीन में शिवाजी इंग्लिश क्लासेस से राधे आई केयर सेंटर तक के 170 मीटर लंबे और 1 मीटर चौड़े आरसीसी कवर्ड नाला निर्माण के कार्य को स्वीकृति दी, जिसकी कुल अनुमानित लागत 37 लाख 14 हजार 747 थी, इसी तरह ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत जिलाधिकारी के समक्ष टाइड ग्रांट से 12 कार्य प्रस्तावित किए गए, जिससे जिलाधिकारी ने 6 कार्यों की स्वीकृति प्रदान की जबकि 6 कार्यों को स्वीकृति प्रदान नहीं की, जबकि एक कार्य ट्रैक्टर माउंटेड लोडर की आपूर्ति हेतु पुनः टेंडर प्रक्रिया को चेक करने की बात कही, इसी तरह पेयजल आपूर्ति हेतु मरम्मत कार्यों में प्रयुक्त होने वाली विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति को जिलाधिकारी ने वार्ड-वार प्रस्ताव भेजने के बारे में कार्यों की स्वीकृति नहीं प्रदान की, जबकि पेयजल आपूर्ति के अंतर्गत नगर पालिका शिकोहाबाद के सीमातर्गत 11 स्थानो पर नए हेड पंपों के अधिष्ठापन कार्य को समरसेबल पंप सेट के कार्य को और 5 हजार लीटर स्टील के पानी के टैंकर की खरीद हेतु स्वीकृति प्रदान की।

इसी तरह नगर पालिका परिषद सिरसागंज द्वारा 15वे वित्त आयोग की टाइट ग्रांट से अपशिष्ट जल प्रबंधन के अंतर्गत एक कार्य वार्ड नंबर 9 से 8.22 लाख की लागत से आरसीसी कवर्ड स्लैब नाले के निर्माण के कार्य को जिलाधिकारी ने स्वीकृति प्रदान की, इसी तरह नगर पंचायत जसराना द्वारा 15वें वित्त आयोग की प्रथम एवं द्वितीय किस्त में प्राप्त धनराशि से जल निकासी हेतु दो कार्य प्रस्तावित किए गए, जिसमें जिलाधिकारी ने एक कार्य नगर पंचायत जसराना में 11 लाख 99 हजार की लागत से बाल्मीकि शमशान घाट से तालाब की तरफ आरसीसी नाले के निर्माण के कार्य को स्वीकृति प्रदान की, इसी तरह नगर पंचायत एका द्वारा 15वें वित्त आयोग की टाइट ग्रांट की प्रथम एवं द्वितीय किस्त में प्राप्त धनराशि से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत पांच कार्य प्रस्तावित किए गए, जिसमें जिलाधिकारी ने दो कार्य कोस्वीकृति प्रदान की, जिसमें वार्ड नंबर 4 में 12 लाख 47000 की लागत से आरसीसी निर्माण के कार्य जबकि वार्ड संख्या 10 उमेदपुर में 2 लाख 91 हजार 800 की लागत से 2000 लीटर टी टी एस पी की स्थापना के कार्य को स्वीकृति प्रदान की।

## रबी फसलों की बुआई को कृषि विभाग के दिशा निर्देश

बांदा। जिले में दलहनी, तिलहनी फसलों एवं रबी की मुख्य फसल गेहूँ की बुआई का समय शुरू हो गया है। अत्यधिक वर्षा होने के कारण खेतों में नमी की मात्रा अत्यधिक है, जिससे सभी बीजों में फंगस लगने की सम्भावना अधिक है। इसलिए बीजों की बुआई करते समय पहले भूगिशोधन करें उसके पश्चात बीजों को शोधित करके ही बोएं जिससे बीजों का जमाव सही हो सके एवं बीजों को शुरूआती कीट रोग से बचाया जा सके और अधिक उत्पादन लिया जा सके। उप कृषि निदेशक, कृषि रक्षा डॉ0 अभय कुमार सिंह यादव ने किसानों से अपील की है कि बीजशोधन के लिए ट्राइकोडरमा 5 ग्राम प्रति किलो बीज में या के लिए जैविक रसायन को एक किग्रा, 25 किग्रा० कम्पोस्ट की सड़ी खाद में मिलाकर हल्का पानी का छिड़काव करके एक सप्ताह तक छायादार स्थान पर रखकर प्रति एकड की दर से बुआई के पहले मिट्टी में मिला दें अथवा क्लोरपाइरीफॉस 20 प्रतिशत ई०सी० 2 से 3 लीटर प्रति हे० पानी के साथ अच्छी तरह मिलाकर मिट्टी में या तो सीधे डालें या सिचाई जल के साथ प्रयोग करें।




# मुंबई ने हिमाचल को 120 रन से हराया

## रणजी ट्रॉफी : पहली पारी में 446 रन बनाने के बाद मुंबई ने दो दिन में दो बार हिमाचल को आउट कर सत्र की दूसरी जीत दर्ज की

एजेंसी



मुंबई। बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी के पांच विकेट की बदौलत मुंबई ने सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच के तीसरे दिन हिमाचल प्रदेश को पारी और 120 रन से हरा दिया। पहली पारी में 446 रन बनाने के बाद मुंबई ने दो दिन में दो बार हिमाचल को आउट करके सत्र की दूसरी जीत दर्ज की। मैच के तीसरे दिन हिमाचल की टीम सपाट पिच पर पहली पारी में 187 रन पर सिमट गई। दूसरी पारी में भी टीम अपने प्रदर्शन में सुधार नहीं कर सकी और पुखराज मान की 109 गेंद में नौ चौकों से 65 रन की पारी के बावजूद 139 रन पर ढेर हो गई।

हिमाचल ने दिन की शुरुआत पहली पारी में सात विकेट पर 94 रन के स्कोर से की। दसवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे वैभव अरोड़ा ने 61 गेंद में छह चौकों और चार छक्कों से 51 रन की पारी खेली। अरोड़ा ने निखिल गंगटा (नाबाद 64) के साथ नौवें विकेट के लिए 77 रन जोड़े लेकिन इसके बावजूद टीम को फॉलोआन से नहीं बचा पाए। मुंबई ने पहली पारी के आधार पर 259 रन की बढ़त हासिल की। फॉलोआन खेलते हुए हिमाचल की टीम ने मुलानी (37 रन पर पांच विकेट) और मुशीर खान (23 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और पूरी टीम 49.1 ओवर में 139 रन पर सिमट गई। मुंबई को इस जीत से सात अंक मिले। नयी दिल्ली में दिल्ली के खिलाफ 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जम्मू-कश्मीर ने दो विकेट पर 55 रन बना लिए हैं। दिल्ली की टीम दूसरी पारी में 277 रन पर ढेर हो गई। एक समय तीन विकेट पर 244 रन बनाकर अच्छी स्थिति में दिख रही मेजबान टीम ने अपने अंतिम सात विकेट सिर्फ 33 रन पर गंवा दिए। जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी के आधार पर 99 रन की बढ़त हासिल की थी। दिल्ली की ओर कप्तान आयुष बडोनी (72) और आयुष दोसेजा (62) ने अर्धशतक जड़े। जम्मू-कश्मीर की ओर से वंशज शर्मा ने 68 रन देकर छह विकेट चटकाए। दिन का खेल खत्म होने पर कामरान इकबाल 32 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि वंशज ने अभी खाता नहीं खोला है। जम्मू-कश्मीर को अंतिम दिन जीत के लिए 124 रन जबकि दिल्ली को आठ विकेट की दरकार है। हैदराबाद में मेजबान हैदराबाद ने राजस्थान को पहली पारी में 269 रन पर आउट करके 95 रन की बढ़त हासिल करने के बाद दूसरी पारी में सात विकेट पर 198 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त को 293 रन तक पहुंचाया। हैदरबाद की ओर से दूसरी पारी में कप्तान राहुल सिंह गहलोत ने 59 रन की पारी खेली। रायपुर में छत्तीसगढ़ ने पुडुचेरी को 10 विकेट से हराकर बोनस अंक सहित सात अंक हासिल किए। पहली पारी में 172 रन से पिछड़ने के बाद पुडुचेरी की टीम दूसरी पारी में भी 175 रन ही बना सकी। मेजबान टीम को चार रन का लक्ष्य मिला और आयुष पांडे ने पहली गेंद पर चौके के साथ टीम को जीत दिला दी।

## महाराष्ट्र ने राष्ट्रीय बधिर टी20 चैम्पियनशिप जीती

नयी दिल्ली। महाराष्ट्र ने जम्मू-कश्मीर को आठ रन से हराकर यहां नौवीं राष्ट्रीय टी20 बधिर क्रिकेट चैम्पियनशिप जीत ली। इस प्रतियोगिता का आयोजन बधिर क्रिकेट सोसाइटी ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से किया था जिसमें देश भर की 20 टीमों ने भाग लिया था। एक सप्ताह तक चली प्रतियोगिता में केरल, छत्तीसगढ़, चंडीगढ़, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, हरियाणा, तेलंगाना, मुंबई, महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, पंजाब, ओडिशा, दिल्ली और बंगाल के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। पश्चिमी दिल्ली के सांसद कमलजीत सहरावत और एमसीडी के डिप्टी मेयर जय भगवान यादव ने महाराष्ट्र के कप्तान प्रणिल मोरे को ट्रॉफी सौंपी।

## खेल मंत्रालय ने 25 खेलों में 320 सहायक कोच की नियुक्ति को मंजूरी दी

नयी दिल्ली। खेल मंत्रालय ने ओलंपिक और एशियाई खेलों के लिए अपनी पदक रणनीति के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्रों में 25 खेलों के लिए 320 सहायक कोचों की भर्ती को मंजूरी दे दी है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि जल क्रीड़ा, साइकिलिंग और टेनिस जैसे खेल सहित उन खेलों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनमें भारतीय खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन उनमें पदक जीतने की अपार संभावनाएं हैं। मांडविया ने कहा इसमें साई केंद्रों के प्रमुख खेलों को शामिल किया जाएगा। चयन प्रक्रिया योज्ञता आधारित और पारदर्शी होगी और इसमें केवल वे ही शामिल होंगे जो अपने-अपने क्षेत्र में अव्वल या लाइसेंस धारक हैं। उन्होंने कहा, हम खेलों को महत्व देने का प्रयास कर रहे हैं जिससे देश में समग्र खेल संस्कृति में सुधार होगा। टेनिस, कयाकिंग और कैनोइंग जैसे खेल कभी-कभी उतना ध्यान आकर्षित नहीं कर पाते हैं, लेकिन इनमें अपार संभावनाएं हैं। मांडविया ने कहा कि राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम के वादे के अनुसार, सुरक्षित खेल वातावरण के निर्माण और लैंगिक गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए 50 प्रतिशत भर्तियां महिलाओं की होंगी।

## विश्व कप : अर्जुन का सामना लेको व प्रज्ञाननंदा का डबोव से

पणजी। भारत के शीर्ष ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी, आर प्रज्ञाननंदा और पी हरिकृष्णा यहां चल रहे फिडे विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के पहले विश्राम दिवस के बाद चौथे दौर में भी अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे। भारत के सर्वोच्च रेटिंग प्राप्त खिलाड़ी अर्जुन चौथे दौर में हंगरी के अनुभवी पीटर लेको के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे, जबकि प्रज्ञाननंदा का सामना फिडे के ध्वज तले खेल रहे डेनियल डुबोव से होगा।

तीनों भारतीय खिलाड़ियों में सबसे अनुभवी हरिकृष्णा अगले दौर में स्वीडन



के निल्स ग्रैंडेलियस से भिड़ेंगे। लेको पिछले 20 वर्ष से शतरंज की दुनिया में जाना पहचाना नाम है। उनके लिए हालांकि अर्जुन का सामना करना आसान नहीं होगा। हंगरी के इस 46 वर्षीय खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के बॉबी चेंग और ऑस्ट्रिया के किरील अलेक्सेन्को को बिना किसी टाईब्रेक गेम के हराया, जिससे उनकी फॉर्म का पता चलता है। अर्जुन ने भी अपने दोनों मैच बिना किसी टाईब्रेकर के जीते



जिससे लेको के खिलाफ उनका मुकाबला रोमांचक होने की संभावना है। इस भारतीय खिलाड़ी ने अब तक क्लासिकल टाइम कंट्रोल के तहत अपने चार में से तीन गेम जीते हैं।

उन्होंने इस दौरान बुल्गारिया के मार्टिन पेट्रोव और उज्बेकिस्तान के शमसिद्दीन वोखिदोव को बाहर का रास्ता दिखाया। इस बीच दर्शकों के पसंदीदा प्रज्ञाननंदा का सामना डुबोव से होगा, जो रणनीतिक चाल चलने में माहिर माने जाते हैं। रूस के खिलाड़ी ने चीन के बाई जिंशी और उरुग्वे के जॉर्ज मायर के खिलाफ दो टाईब्रेक गेम में जीत दर्ज करके अपने कौशल का अच्छा परिचय दिया है। प्रज्ञाननंदा दूसरे राउंड में ही बाहर होने के करीब थे, लेकिन किसी तरह ऑस्ट्रेलिया के तैमूर कुयबोकारोव के खिलाफ टाईब्रेकर में बच गए। उन्होंने तीसरे राउंड के अपने प्रतिद्वंद्वी अर्मेनिया के रॉबर्ट होवहानिस्यान पर जीत हासिल की। हरिकृष्णा ने रूस के आर्सेनी नेस्टरोव और बेल्जियम के डेनियल दर्धा पर आसान जीत के साथ यहां तक का सफर तय किया।

## संक्षेप

### न्यूजीलैंड व वेस्टइंडीज का चौथा मैच रद्द

नेल्सन (न्यूजीलैंड)। न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच सोमवार को यहां चौथा टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। न्यूजीलैंड की टीम पांच मैच की श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे है। श्रृंखला का पांचवा और आखिरी मैच गुरुवार को डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल में खेला जाएगा। वेस्टइंडीज ने पहला मैच सात रन से जीता था। न्यूजीलैंड ने दूसरा मैच तीन रन से और रविवार को तीसरा मैच नौ रन से जीता था। न्यूज़ीलैंड ने सोमवार को सैक्सटन ओवल में टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी का फ़ैसला किया। लेकिन केवल 6.3 ओवर का खेल ही संभव हो पाया जिसमें वेस्टइंडीज ने एक विकेट खोकर 38 रन बनाए।

### पिकलबॉल चैंपियनशिप 13 से, बेंगलुरु में

बेंगलुरु। भारत की पहली राष्ट्रीय पिकलबॉल चैंपियनशिप 13 से 16 नवंबर तक बेंगलुरु के द स्पोर्ट्स स्कूल में आयोजित की जाएगी। आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। कर्नाटक पिकलबॉल एसोसिएशन (केपीए) इस प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा, जिसमें भाग लेने के लिए 20 से अधिक राज्यों से 1,200 से अधिक आवेदन मिले हैं। यह प्रतियोगिता पुरुष, महिला और मिश्रित प्रारूपों में अंडर-12 से लेकर 70 साल की उम्र से अधिक के विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित की जाएगी। कर्नाटक पिकलबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री हर्ष ने कहा, पिकलबॉल ने दुनिया भर में काफी प्रगति की है और भारत सरकार द्वारा इस खेल को मान्यता दिए जाने से इसे एक नई पहचान और दिशा मिली है।

### विश्व कबड्डी लीग ने रवींद्र शेट्टी को तकनीकी निदेशक किया नियुक्त

नयी दिल्ली। विश्व सुपर कबड्डी लीग (डब्ल्यूएसकेएल) ने अगले साल की शुरुआत में होने वाले टूर्नामेंट से पहले अंतरराष्ट्रीय कोच रवींद्र शेट्टी को अपना तकनीकी निदेशक नियुक्त किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के कबड्डी कोच शेट्टी लीग की तकनीकी और प्रतिस्पर्धा रूपरेखा तैयार करेंगे। इसके साथ ही वह खेल संरचना, रेफरी और कोच विकास तथा खेल प्रारूपों में नवाचार से संबंधित काम भी देखेंगे। उन्होंने कहा मैं तकनीकी रूप से मजबूत, प्रतिस्पर्धी और समावेशी लीग के निर्माण में योगदान देने के लिए उत्साहित हूं। यह लीग दुनिया को कबड्डी की वास्तविक क्षमता दिखाएगी। फ्रेंचाइजी आधारित इस लीग का आयोजन अगले साल फरवरी-मार्च में दुबई में किया जाएगा।

## महिला जूनियर विश्व कप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी ज्योति



एजेंसी

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने चिली के सैंटियागो में 25 नवंबर से 13 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच महिला जूनियर विश्व कप के लिए ज्योति सिंह की अगुवाई में 20 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तुषार खांडेकर की कोचिंग वाली 20 सदस्यीय टीम में 18 मुख्य खिलाड़ी और दो वैकल्पिक खिलाड़ी शामिल हैं। मुख्य कोच खांडेकर ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा," मैं टीम और उसके मौजूदा प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। मेरा मुख्य सिद्धांत अनुशासन है और इस टीम को बनाते समय मैंने इसे ध्यान में रखा है। हमने कड़ी मेहनत की है तथा पिछले कुछ महीनो में हमारे खिलाड़ियों ने अपने खेल में काफी सुधार किया है। भारत को पूल सी में रखा गया है और वह अपने अभियान की शुरुआत एक दिसंबर को नामीबिया के खिलाफ करेगा। इसके बाद वह तीन दिसंबर को जर्मनी और फिर पांच दिसंबर को आयरलैंड का सामना करेगा। प्रत्येक पूल से शीर्ष टीमें नॉकआउट चरण में पहुंचेंगी, जो सात से 13 दिसंबर तक खेला जाएगा। खांडेकर ने कहा हम सभी चिली की यात्रा के लिए तैयार और उत्साहित हैं। लड़कियां विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह से प्रेरित हैं। भारतीय जूनियर महिला टीमः

गोलकीपर - निधि, एंगिल हर्षा रानी मिंज

डिफेंडर - मनीषा, लालथनलुआलांगी, साक्षी शुक्ला, पूजा साहू, नंदिनी।

मिडफील्डर - साक्षी राणा, इशिका, सुनेलिता टोप्पो, ज्योति सिंह, खैदेम शिलेमा चानू, बिनिमा धान

फॉरवर्ड सोनम, पूर्णिमा यादव, कनिका सिवाच, हिना बानो और सुखवीर कौर।

# लेवांडाव्स्की की हैट्रिक से बार्सिलोना जीता



एजेंसी

मैड्रिड। रॉबर्ट लेवांडोव्स्की की हैट्रिक की मदद से बार्सिलोना शानदार जीत हासिल करके स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में शीर्ष पर काबिज रियाल मैड्रिड के करीब पहुंच गया है। रियाल मैड्रिड की अपनी बढ़त मजबूत करने की उम्मीद को तब करारा झटका लगा जब रायो वेलेकानो ने उसे गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया।

इसके बाद लेवांडोव्स्की और लेमिन यामल ने बार्सिलोना को सेल्टा विगो पर 4-2 से जीत दिलाई। इससे बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड के बीच केवल तीन अंक का अंतर रह गया है। बार्सिलोना से हार झेलने के कारण सेल्टा की सभी टूर्नामेंटों में लगातार पांच मैचों की जीत का सिलसिला रुक गया। विलारियल ने एस्पेनयोल को 2-0 से हराकर लीग में लगातार तीसरी जीत हासिल की। वह रियाल मैड्रिड से पांच अंक पीछे तीसरे स्थान पर जबकि एटलेटिको मैड्रिड छह अंक पीछे चौथे स्थान पर है। एटलेटिको ने शनिवार को घरेलू मैदान पर लेवांते को 3-1 से हराया था। वहीं दूसरी ओर

भारत को अगले साल थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप फाइनल के कड़े ग्रुप सी में जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताइपे के साथ रखा गया है। ड्रॉ बैंकॉक में आयोजित किया गया। बीस साल बाद महाद्वीपीय महिला अंडर-20 टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत जापान के खिलाफ करेगी, उसके बाद ऑस्ट्रेलिया और फिर चीनी ताइपे से भिड़ेगी। गत उपविजेता जापान इस टूर्नामेंट का रिकॉर्ड छह बार का चैंपियन है और 2018 में फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप चैंपियन और 2024 का उप विजेता भी है। ऑस्ट्रेलिया 2024 में तीसरे स्थान पर रहा जबकि चीनी ताइपे ग्रुप चरण में ही बाहर हो गया था। तीनों ग्रुप में से प्रत्येक से शीर्ष दो टीम और तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली चार टीम पोलैंड में होने वाले 2026 फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। ग्रुप ए में मेजबान थाईलैंड को चीन, वियतनाम और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में वर्तमान अंडर-20 विश्व चैंपियन उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया, उज्बेकिस्तान और जोर्डन शामिल हैं। यह टूर्नामेंट तीन स्थानों पर खेला जाएगा जिसमें बैंकॉक का राजमंगला राष्ट्रीय स्टेडियम, पथुम थानी का थम्मासैट स्टेडियम और पथुम थानी स्टेडियम शामिल हैं। ग्रुप एः थाईलैंड, चीन, वियतनाम, बांग्लादेश। ग्रुप बीः उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया, उज्बेकिस्तान, जोर्डन।

## जापान ओपन में लक्ष्य प्रणय की निगाहें लय हासिल करने पर

कुमामोटो (जापान)। भारतीय शटलर एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 475,000 डॉलर इनामी कुमामोटो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपनी लय फिर से हासिल करने की कोशिश करेंगे। लक्ष्य मौजूदा सत्र में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्हें यहां सातवीं वरीयता दी गई है। अल्मोड़ा के इस 24 वर्षीय खिलाड़ी को पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय को ओलंपिक से पहले चिकनगुनिया होने के बाद से संघर्ष करना पड़ रहा है। वह एक महीने से ज़्यादा समय के ब्रेक के बाद वापसी करेंगे। वह मलेशिया के जुन हाओ लियोंग के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगे। अमेरिकी ओपन विजेता आयुष शेट्टी पहले दौर में थाईलैंड के शीर्ष वरीयता प्राप्त कुनलावुत विटिडसार्न से भिड़ेंगे। मकाऊ ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनलिस्ट थारुण मन्नेपल्ली का मुकाबला कोरिया के जियोन ह्योक जिन से होगा, जबकि किरण जॉर्ज का मुकाबला क्वालीफायर से होगा। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रूथविका शिवानी गादे का मुकाबला प्रेस्ली स्मिथ और जेनी गाई की अमेरिकी जोड़ी से होगा।

# विश्व कप की तैयारी को अभी काफी समय




एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के मामले में अभी उस स्थिति में नहीं है जहां वह पहुंचना चाहती है लेकिन उन्होंने इसके साथ ही कहा कि इस मुकाम पर पहुंचने के लिए टीम के पास अभी पर्याप्त समय है। गंभीर ने बीसीसीआई टीवी से बातचीत में फिटनेस के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने 46 सेकंड की क्लिप में कहा, यह एक ऐसा ड्रेसिंग रूम है जहां बहुत अधिक पारदर्शिता और ईमानदारी है तथा हम चाहते हैं कि यह ड्रेसिंग रूम आगे भी ऐसा ही बना रहे। मुझे लगता है कि हम अभी भी उस स्थिति में नहीं हैं जहां हम टी20 विश्व कप तक पहुंचना चाहते हैं। इस क्लिप के बाद पूरा साक्षात्कार बाद में प्रसारित किया जाएगा। उन्होंने कहा उम्मीद है कि खिलाड़ियों को फिट रहने का महत्व पता चल जाएगा। हमारे पास उस स्तर पर पहुंचने के लिए अभी भी तीन महीने हैं, जहां हम पहुंचना चाहते हैं। टी20 विश्व कप अगले साल फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। भारत इस प्रतियोगिता का मौजूदा चैंपियन है। गंभीर ने इसके साथ ही खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का अच्छी तरह से अहसास कराने और उन्हें समझने के लिए उनके सामने मुश्किल चुनौतियों को रखने की बात भी दोहराई। उन्होंने कहा हम खिलाड़ियों



के सामने जितना संभव हो सके उतनी कड़ी चुनौती रखते हैं। हमने शुभमन (गिल) के साथ भी यही किया था, जब उन्हें टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया था। गिल ने कप्तान के रूप में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला में शानदार बल्लेबाज़ी की। उनकी अगुवाई में भारतीय टीम ने श्रृंखला 2-2 से बराबर की। इस श्रृंखला के सभी मैच रोमांचक रहे और प्रत्येक मैच पांचवें दिन तक खिंचा। वहीं दूसरी ओर

भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के मामले में अभी उस स्थिति में नहीं है जहां वह पहुंचना चाहती है लेकिन उन्होंने इसके साथ ही कहा कि इस मुकाम पर पहुंचने के लिए टीम के पास अभी पर्याप्त समय है। गंभीर ने बीसीसीआई डॉट टीवी से बातचीत में फिटनेस के महत्व पर भी जोर देते हुए कहा कि खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस को अगले स्तर पर ले जाने की ज़रूरत है क्योंकि खिताब बचाने की तैयारी भारत घरेलू मैदान पर कर रहा है। उन्होंने कहा यह एक ऐसा ड्रेसिंग रूम है जहां बहुत अधिक पारदर्शिता और ईमानदारी है। हम चाहते हैं कि यह ड्रेसिंग रूम आगे भी ऐसा ही बना रहे। उन्होंने कहा फिटनेस के नजरिए से मुझे लगता है कि टी20 विश्व कप से पहले हम अभी उस मुकाम पर नहीं पहुंचे हैं जहां पहुंचना चाहते हैं। यही बात हमने खिलाड़ियों से भी की है। हम पूरी तरह से चुस्त-दुरुस्त रहना चाहते हैं। हम फिट रहना चाहते हैं। हम तेजी से आगे बढ़ना चाहते हैं। भारतीय कोच ने कहा, हम जितने ज्यादा फिट होंगे, मानसिक रूप से उतने ही मजबूत होंगे।

## अजिंक्य नाईक फिर एमसीए अध्यक्ष चुने गये, अन्य पदों के लिए होंगे चुनाव

मुंबई। अजिंक्य नाईक ने सोमवार को मुंबई क्रिकेट संघ के अध्यक्ष का पद अपने पास बरकरार रखा क्योंकि चुनाव मैदान में उतरे सात अन्य उम्मीदवारों ने अपने नामांकन वापस ले लिए। शीर्ष परिषद और पदाधिकारियों के अन्य पदों के लिए एमसीए चुनाव बुधवार को होंगे। सोमवार को नामांकन वापस लेने का आखिरी दिन था। नाईक ने नामांकन दाखिल किया था जबकि उन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड और उसके सदस्य संघों के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त लोढ़ा समिति द्वारा पेश किए गए सुधारों के अनुसार एमसीए शीर्ष परिषद में लगातार छह साल पूरे करने के बाद तीन साल के अनिवार्य ब्रेक पर जाना था। जिन उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिया उनमें भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी प्रसाद लाड, शिवसेना एमएलसी मिलिंद नार्वेकर और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायक जितेंद्र आव्हाड शामिल हैं। आव्हाड और नार्वेकर दोनों एमसीए की निवर्तमान शीर्ष परिषद के सदस्य थे और उन्होंने अन्य पदों के लिए भी नामांकन दाखिल किया है। नाम वापस लेने वाले अन्य उम्मीदवारों में पूर्व भारतीय महिला कप्तान डायना इडुल्जी, टी20 मुंबई लीग के निवर्तमान अध्यक्ष विहांग सरनाइक, सूरज समत और पूर्व संयुक्त सचिव शाहआलम शेख शामिल हैं।

# दक्षिण अफ्रीका टीम कोलकाता पहुंची



एजेंसी

कोलकाता। विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका की टीम भारत के खिलाफ शुक्रवार से ईडन गार्डंस में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए यहां पहुंच गई है। बेंगलुरु में भारत ए के खिलाफ मैच खेलने के बाद कप्तान तेम्बा बावुमा भी टीम से जुड़ गए हैं। दक्षिण अफ्रीका की टीम का पहला बैच रविवार को यहां पहुंच गया था जिसमें मुख्य कोच शुकरी कोनराड, तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा और मार्को यानसन तथा पाकिस्तान में सीमित ओवरों की श्रृंखला में खेलने वाले खिलाड़ी शामिल थे।

दक्षिण अफ्रीका टीम के स्थानीय मैनेजर ने पीटीआई को बताया, बावुमा एक अन्य खिलाड़ी और कुछ अधिकारियों के साथ आज सुबह बेंगलुरु से यहां पहुंचे। मुख्य कोच सहित टीम के अधिकतर सदस्य रविवार को ही पहुंच गए थे। संभावना है कि दोनों टीम मंगलवार से अभ्यास शुरू करेंगी। बावुमा पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पाकिस्तान में दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने मैच अभ्यास के लिए भारत ए के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में हिस्सा लिया था। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान बावुमा पहली पारी में शून्य पर आउट हो गए थे, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने 101 गेंदों में 59 रन की पारी खेली, जिससे उनकी टीम रविवार को समाप्त हुए इस मैच में जीत हासिल करने में सफल रही थी। मध्यक्रम के बल्लेबाज जुबैर हमजा भी बेंगलुरु में दोनों मैच खेलने के बाद यहां मुख्य टीम में शामिल हो गए।

जहां तक भारतीय टीम की बात है तो आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला से लौटने वाला दल रविवार को देर रात यहां पहुंच गया। इनमें मुख्य कोच गौतम गंभीर, कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल शामिल हैं। बाकी खिलाड़ियों के अलग-अलग बैच में यहां पहुंचने की संभावना है। भारत ने 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अभियान की शुरुआत गिल के नेतृत्व में की। भारत ने उनकी कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ की थी। इसके बाद भारतीय टीम ने घरेलू श्रृंखला में वेस्टइंडीज़ का 2-0 से सफाया किया। यह भारत की इस वर्ष की अंतिम टेस्ट श्रृंखला होगी। इसके बाद अगले वर्ष जून में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच तक भारत को लाल गेंद से कोई भी मैच नहीं खेलना है।

# नकदी रहित अर्थव्यवस्था पर जोर

## अमित शाह ने शहरी सहकारी बैंकों के लिए डिजिटल ऐप पेश किये

नयी दिल्ली। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को शहरी सहकारी बैंकों के लिए दो मोबाइल एप्लिकेशन - सहकार डिजी पे और सहकार डिजी लोन - पेश किए।

उन्होंने डिजिटल भुगतान को तेजी से बढ़ती नकदी रहित अर्थव्यवस्था में इन बैंकों के अस्तित्व के लिए जरूरी बताया। शहरी सहकारी ऋण क्षेत्र पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) और सहकारी ऋण समितियों को पेशेवर बनाने के लिए सरकार के प्रयासों के बारे में बताया। उन्होंने इस क्षेत्र की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार की ओर इशारा किया, जहां पिछले दो वर्षों में गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां 2.8 प्रतिशत से घटकर 0.6 प्रतिशत रह गई हैं। शाह ने कहा, एनपीए में अच्छा सुधार हुआ है। उनके संचालन और वित्तीय अनुशासन में सुधार हुआ है। उन्होंने नेशनल फेडरेशन ऑफ अर्बन कोऑपरेटिव बैंक्स एंड क्रेडिट सोसायटीज लिमिटेड (एनएएफसीयूबी) से आगे विस्तार करने का आग्रह किया। मंत्री ने एनएएफसीयूबी के लिए एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया कि पांच साल के भीतर दो लाख से अधिक आबादी वाले प्रत्येक शहर में कम से कम एक अतिरिक्त शहरी सहकारी बैंक स्थापित किया जाए। उन्होंने फेडरेशन से कहा कि सफल सहकारी ऋण समितियों को शहरी सहकारी बैंकों में बदलना चाहिए। शाह ने कहा, डिजिटल भुगतान समय की मांग है। हम जानते हैं कि भुगतान के तरीके बदल गए हैं। डिजिटल भुगतान का चलन बढ़ रहा है, और अगर शहरी सहकारी बैंक इसके साथ तालमेल नहीं बिठा पाते हैं, तो वे इस दौड़ से बाहर हो जाएंगे। उन्होंने दो साल के भीतर 1,500 बैंकों को इस मंच से जोड़ने का लक्ष्य रखा। मंत्री ने जोर देकर कहा कि केवल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि ही राष्ट्रीय प्रगति का मापदंड नहीं हो सकती। उन्होंने कहा, जीडीपी में वृद्धि होनी चाहिए, लेकिन इसके साथ ही आजीविका के विकल्प भी पैदा होने चाहिए, जो सहकारी बैंक कर सकते हैं। उन्होंने शहरी सहकारी बैंकों से युवा उद्यमियों और आर्थिक रूप से वंचितों पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया।



# रूस के कब्जे से मुक्ति के तीन साल बाद अलग तरह की चुनौती का सामना कर रहा यूक्रेन का खेरसॉन शहर

खेरसॉन (यूक्रेन)। यूक्रेन के खेरसॉन शहर की ज्यादातर सड़कें अब सुनसान हैं। नौ महीने तक चले रूसी कब्जे के अंत और आजादी के तीन साल बाद, कभी खुशी से झूम उठने वाले शहर में फिलहाल खामोशी पसरी हुई है।

11 नवंबर 2022 को, दक्षिण यूक्रेन के इस बंदरगाह शहर के मुख्य चौक पर भीड़ उमड़ पड़ी थी लोग नीले और पीले झंडे लहरा रहे थे, उन सैनिकों को गले लगा रहे थे जिन्होंने महीनों के रूसी कब्जे के बाद उन्हें आज़ाद कराया था। उन्हें लगा था कि अब सबसे बुरा दौर खत्म हो गया है। लेकिन युद्ध ने अपना रूप बदल लिया। द्नीप्रो नदी के उस पार से रूसी सैनिक लगातार हमले करते रहते हैं। अब ड्रोन शहरों पर मंडराते रहते हैं। फिर भी, जो लोग यहां टिके हुए हैं, वे कहते हैं कि सुनसान शहर में जीना भी रूस के कब्जे में रहने से बेहतर है। हाल ही में हॉलीवुड अभिनेत्री एंजेलिना जोली की यात्रा ने शहर के निवासियों के मनोबल को बढ़ाया। तस्वीरों में अमेरिकी अभिनेत्री को बेसमेंट में और संकरी जालियों से ढकी सड़कों पर चलते देखा गया ये जाल लोगों को ड्रोन से बचाने के लिए लगाए गए हैं। कभी लगभग 2,80,000 की आबादी वाला खेरसॉन अब पहले की तरह खुशहाल नहीं है। यहां हर दिन धमाकों की आवाजें गूंजती हैं। ओल्हा कोमानित्स्का (55) का छोटा फूलों का स्टॉल खेरसॉन के बमों से तबाह हो चुके इलाके में अलग सा नजर आता है। कभी लोगों की भीड़ से गुलजार रहने वाले स्टॉल पर अब मुश्किल से कुछ ही ग्राहक आते हैं। वह कहती हैं, अब शायद ही कोई फूल खरीदता है। हम बस किसी तरह गुजारा कर रहे हैं। करीब 30 साल तक कोमानित्स्का और उनके पति ने खेरसॉन के ग्रामीण इलाके में फूल उगाए। अब उनके ग्रीनहाउस नष्ट हो चुके हैं, और वह छोटा-सा स्टॉल ही उनकी मेहनत की आखिरी निशानी बचा है।



## संक्षेप

### लालू, अन्य के खिलाफ आरोप तय करने पर चार को सुनाया जायेगा फैसला

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनके परिवार के सदस्यों और कई अन्य लोगों से जुड़े कथित जमीन के बदले नौकरी मामले में आरोप तय करने पर अपना आदेश चार दिसंबर तक के लिए टाल दिया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने राजद प्रमुख लालू प्रसाद और अन्य के खिलाफ मामले में उनकी कथित संलिप्तता को लेकर एजेंसी द्वारा दायर मामले की सुनवाई कर रहे थे। अब इस मामले पर सुनवाई चार दिसंबर को होगी, जब अदालत इस बारे में अपना निर्णय सुना सकती है कि आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं या नहीं। सीबीआई ने कथित घोटाले के सिलसिले में लालू यादव, उनकी पत्नी एवं बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनके बेटे तेजस्वी यादव और अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया है कि मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित रेलवे के पश्चिम मध्य क्षेत्र के ग्रुप-डी श्रेणी में नियुक्तियां लालू यादव के 2004 से 2009 तक रेल मंत्री के कार्यकाल के दौरान की गईं, जिसके बदले में नियुक्तियों के लिए राजद सुप्रीमो के परिवार या सहयोगियों के नाम पर भूखंड उपहार में दिए गए या हस्तांतरित किए गए।

# परीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाले बच्चों की तरह बहाने बना रहे राजग नेता : कांग्रेस सांसद

पटना। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य सैयद नासिर हुसैन ने सोमवार को आरोप लगाया कि बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेता ऐसे बहाने बना रहे थे जैसे परीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाले बच्चे बनाते हैं, जबकि उन्हें अपने 20 साल के शासन का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखना चाहिए था।

हुसैन ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने चुनावी सभाओं में अनुचित भाषा का इस्तेमाल कर राजनीतिक संवाद के स्तर को गिराया है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान राजग को बिहार में अपने 20 साल के शासन का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखना चाहिए था, लेकिन उन्होंने लगातार वही बहाने बनाए, जैसे परीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाले बच्चे बनाते हैं। कर्नाटक से राज्यसभा सांसद हुसैन ने दावा किया कि बिहार के प्रवासी मजदूर देशभर में कठिन और अपमानजनक परिस्थितियों में काम करने को मजबूर हैं।

# जानबूझकर व्यवधान उत्पन्न करना लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं होता: बिरला

कोहिमा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले, सोमवार को कहा कि सदन की कार्यवाही में जानबूझकर व्यवधान डालना लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर को शुरू होकर 19 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें 15 बैठकें होंगी।

विपक्ष ने सत्र की संक्षिप्त अवधि को लेकर सरकार पर हमला बोला है। संसद के मॉनसून सत्र के दौरान विपक्ष ने विशेष रूप से बिहार में मतदाता सूची के संशोधन का मुद्दा उठाया था, और हंगामे के कारण कार्यवाही बार बार बाधित होने की वजह से ज्यादा कामकाज नहीं हो पाया था। सत्र की छोटी अवधि के बारे में पूछे गए सवाल पर बिरला ने कहा कि संसद सत्र बुलाना सरकार का विशेषाधिकार है और इसकी अवधि आधिकारिक एजेंडे पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा, सत्र की अवधि पर निर्णय सरकार लेती है। हमारा प्रयास होगा कि हम सभी राजनीतिक दलों के साथ चर्चा करके सदन की कार्यवाही को सुचारू बनाएं। लोकसभा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि संसद जनता के मुद्दों को उठाने का मंच है और राजनीतिक दलों को इस मंच का सही ढंग से उपयोग करना चाहिए और व्यवधान पैदा नहीं करना चाहिए।



# प्रियांक खरगे ने आरएसएस के चंदा लेने के तरीके पर उठाये सवाल

बेंगलुरु। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा चंदा प्राप्त करने के तरीके पर सोमवार को सवाल उठाया और उसके वित्तपोषण के तरीकों पर स्पष्टीकरण मांगा।

प्रियांक खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के जरिए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के इस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त की कि संगठन पूरी तरह से अपने स्वयंसेवकों के योगदान से संचालित होता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के पुत्र ने कहा कि भागवत ने कहा है कि आरएसएस अपने स्वयंसेवकों द्वारा दिए गए चंदे के माध्यम से काम करता है। हालांकि, इस दावे को लेकर कई वाजिब सवाल उठते हैं। उन्होंने पूछा कि ये स्वयंसेवक कौन हैं और उनकी पहचान कैसे की जाती है, वे कितना चंदा देते हैं एवं इसकी प्रकृति क्या है और किन माध्यमों से धन एकत्र किया जाता है। मंत्री ने कहा कि अगर आरएसएस पारदर्शी तरीके से काम करता है, तो संगठन को उसकी पंजीकृत पहचान के तहत सीधे चंदा क्यों नहीं दिया जाता? उन्होंने जानना चाहा कि औपचारिक रूप से पंजीकृत संस्था न होते हुए भी आरएसएस ने अपना वित्तीय और संगठनात्मक ढांचा कैसे कायम रखा। मंत्री ने यह भी पूछा कि पूर्णकालिक प्रचारकों को कौन वेतन देता है और संगठन के नियमित संचालन संबंधी खर्चों को कौन पूरा करता है तथा बड़े पैमाने के आयोजनों, अभियानों एवं संपर्क गतिविधियों का वित्तपोषण कैसे होता है। उन्होंने स्वयंसेवकों द्वारा स्थानीय कार्यालयों से गणवेश या सामग्री खरीदे जाने का मुद्दा उठाया और पूछा कि धन का हिसाब कहां रखा जाता है और स्थानीय कार्यालयों एवं अन्य बुनियादी ढांचे के रखरखाव का खर्च कौन उठाता है। मंत्री ने कहा कि ये प्रश्न पारदर्शिता और जवाबदेही के मूलभूत मुद्दे को रेखांकित करते हैं। उन्होंने कहा कि अपनी व्यापक राष्ट्रीय उपस्थिति और प्रभाव के बावजूद आरएसएस अब भी पंजीकृत क्यों नहीं है? उन्होंने कहा कि जब भारत में हर धार्मिक या धर्मार्थ संस्था को वित्तीय पारदर्शिता बनाए रखना जरूरी है, तो आरएसएस के लिए ऐसी जवाबदेही व्यवस्था न होने का क्या औचित्य है?



# कृषि वैज्ञानिकों से बाजरे के उच्च गुणवत्ता वाले बीज विकसित करने का आह्वान

भुवनेश्वर। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बाजरे को लाभकारी फसल बनाने तथा किसानों को उसके प्रति आकर्षित करने के लिए सोमवार को कृषि वैज्ञानिकों से उसके उच्च गुणवत्ता वाले बीज विकसित करने का आह्वान किया।

चौहान ने यहां माड़िया (बाजरा) दिवस के अवसर पर श्री अन्न (बाजरा) और महिला किसान विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि किसान ऐसी फसलों की तलाश में हैं जो उन्हें बेहतर वित्तीय लाभ दे सकें। इसलिए, हमारे सामने बाजरे को एक लाभदायक फसल बनाना चुनौती है ताकि किसान बाजरे की खेती की ओर रुख कर सकें। उन्होंने कहा कि ओडिशा ने बाजरे का उत्पादन छह क्विंटल प्रति हेक्टेयर से बढ़ाकर 12 क्विंटल प्रति हेक्टेयर करके अच्छा काम किया है और राष्ट्रीय औसत को पार कर लिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि फिर भी, हमारे वैज्ञानिकों के सामने बाजरे के बीजों की गुणवत्ता में और सुधार लाने तथा उत्पादन बढ़ाने के लिए खेती की लागत कम करने का एक बड़ा काम है। हम आने वाले दिनों में इस संबंध में अपने प्रयास जारी रखेंगे। उन्होंने फसल के प्रसंस्करण पर भी ज़ोर दिया ताकि किसानों, विशेषकर महिला किसानों को जमीनी स्तर पर फसल का अधिकतम लाभ मिल सके। चौहान ने कहा कि इसके अलावा इस फसल को बढ़ावा देने के लिए राज्यों को किसानों से बाजरा खरीदने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि ओडिशा भारत का एकमात्र राज्य है जो किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर बाजरा खरीद रहा है। कृषि मंत्री ने कहा कि ओडिशा ने मध्याह्न भोजन योजना के तहत स्कूली बच्चों को बाजरा से बने खाद्य पदार्थ को भी परोसा है। उन्होंने कहा कि बच्चों में स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देने के लिए अन्य राज्यों में भी इसका विस्तार किया जाना चाहिए। ओडिशा सरकार द्वारा बाजरे के क्षेत्र में अन्य राज्यों को राह दिखाने में अग्रणी भूमिका निभाने का उल्लेख करते हुए, केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि वह बाजरे पर ओडिशा मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर और अन्य राज्यों में भी ले जायेंगे। इस अवसर पर ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि बाजरे की खेती प्रारंभ में लगभग 30,000 हेक्टेयर में शुरू की गई थी और अब इसे राज्य के सभी 30 जिलों में विस्तारित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बाजरा या माड़िया, जिसे आदिवासी भोजन के रूप में जाना जाता था, अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सुपर फूड के रूप में प्रचारित किया जा रहा है।



## इंटरटेनमेंट...

# बिना ब्रेक 8-10 घंटे शूट करते हैं संजय दत्त

**मुंबई।** सिंगर अमृत मान का गाना फील्स 24 अक्टूबर को रिलीज हुआ है। इस खास मौके पर उन्होंने बातचीत की। इस दौरान उन्होंने संजय दत्त और सनी देओल जैसे बड़े कलाकारों के साथ काम करने का अनुभव शेयर किया। साथ ही उन्होंने इच्छा जाहिर की कि वो पंजाबी म्यूजिक को वर्ल्डवाइड सुना जाए। अमृत मान ने इस बीच सिद्धू मूसेवाला के साथ घंटों होने वाली फोन कॉल्स और पंजाबी म्यूजिक में गन कल्चर को बढ़ावा देने जैसे मुद्दों पर भी बात की है।




गाना फील्स रिलीज हो गया है। आप सबने गाने को बहुत सारा प्यार दिया। ये टी-सीरीज के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुई है। मैं खुद अपने गाने लिखता हूं, म्यूजिक पर्सी का, युग का वीडियो है। सबने गाना बहुत पसंद किया। गाना अच्छा चल रहा है। सवाल- टी सीरीज, संजय दत्त के साथ आपका गाना (पावरहाउस) वर्ल्डवाइड ट्रेंड हुआ, इस रिलेशन को आप कैसे देखते हैं? ये जिंदगी में एक बार मिलने वाला मौका है। संजय दत्त जी के साथ शूट करना, उनके साथ स्क्रीन शेयर करना। ये सपना पूरा होने जैसा है। जैसा उनका ऑरा है, जैसे वो इंसान हैं। ऑरा तो हमेशा उनका था, लेकिन मिलकर पता चला कि वो बहुत अच्छे इंसान हैं। वो काम को लेकर बहुत सीरियस हैं। उन्होंने बहुत सपोर्ट किया। आपके चैनल के जरिए मैं उनका शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। टी-सीरीज ने कॉन्फिडेंट दिखाया, इतना बड़ा प्रोजेक्ट वो लेकर आए। पहले तो हमें कहा गया था, रूमर्स थे कि संजय दत्त दत्त अपनी मर्जी से सारी चीजें करते हैं।

लेकिन वो अफवाहें गलत थीं। मुझे आज भी याद है कि संजू बाबा, जैसा लोग उन्हें कहते हैं, वो वैनिटी से बाहर आए और पूरे 8 घंटे तक हमने शूट किया। फिर 8-10 घंटे तक वो अपनी वैनिटी में वापस नहीं गए। वो सेट पर बैठे थे, वो इनपुट दे रहे थे। वो पूछ रहे थे कि कोई और शॉट करना हो तो कर लो। दोबारा टेक लेना हो तो कर लो, कैमरे में दिक्कत आ रही थी, तो कर लो। एक बार कैमरे में दिक्कत हुई थी तो एक टेक 7-8 बार करना पड़ा, लेकिन वो इतने शांत और रिलैक्स थे। उनके सात वो जो 8 घंटे मैंने बिताए, मैं उसकी फीलिंग बयां नहीं कर सकता। ईमानदारी से कहूं, मैंने कभी सोचा नहीं था। इंजीनियरिंग कर रहा था मैं। मैंने एक बार भी नहीं सोचा था कि सिंगर बनूंगा और उसके बाद सब लोग पसंद करेंगे।

### बिग बॉस : सलमान पर भड़की फरहाना की पीआर टीम

**मुंबई।** टेलीविजन का रियलिटी शो बिग बॉस 19 लगातार सुर्खियों में है। हाल ही में वीकेंड का वार एपिसोड में होस्ट सलमान खान ने फरहाना भट्ट को जमकर फटकार लगाई थी। हालांकि एपिसोड ऑन एयर होने के बाद कई फैंस ने फरहाना का सपोर्ट करते हुए सलमान खान के खिलाफ बयान दिए। अब फरहाना की पीआर टीम ने भी मेकर्स और सलमान के खिलाफ कई बयान पोस्ट करने शुरू कर दिए हैं। फरहान भट्ट के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से एक पोस्ट शेयर की गई है, जिसमें लिखा है, सलमान खान हमने आपके लिए सारा सम्मान खो दिया है, आप हमेशा बीइंग ह्यूमन की बातें करते हो, लेकिन आपकी इंसानियत कहां थी जब अमाल मलिक ने हदें पार कर दीं?

### 21 साल की मॉडल की मौत, दोस्त हिरासत में

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के भैंसाखेड़ी इलाके के एक अस्पताल में सोमवार सुबह 21 वर्षीय मॉडल की मौत हो गई। बैरागढ़ के सहायक पुलिस आयुक्त आदित्य राज सिंह ने बताया कि खुशबू अहिरवार उर्फ खुशी वर्मा को उसका दोस्त और एक बस कंडक्टर अस्पताल में दाखिल कराने के लिए लाए थे। हालांकि औपचारिक रूप से मॉडल को भर्ती किए जाने से पहले वे उसे वहां छोड़कर चले गए। अधिकारी ने बताया, खुशी के दोस्त कासिम को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की जांच चल रही है। हम पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। उसकी मौत के बाद अस्पताल के डॉक्टरों ने पुलिस को सूचना दी।

# एक्टर धर्मेंद्र की हालत नाजुक, 72 घंटे क्रिटिकल

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की तबीयत सोमवार को अचानक बिगड़ गई। उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार उन्हें सांस लेने में तकलीफ के चलते वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी सेहत पर नजर बनाए हुए है। डॉक्टरों के मुताबिक धर्मेंद्र के लिए अगले 72 घंटे बेहद मुश्किल हैं।

हालांकि उनकी स्थिति को लेकर सनी देओल की टीम की तरफ से बयान जारी किया गया है। 'हमेशा की तरह यह सिर्फ अफवाह हैं। सर बेहतर हो रहे हैं। वे ऑब्जर्वेशन में हैं। घबराने की कोई बात नहीं है।' सूत्रों के मुताबिक धर्मेंद्र के परिवार के सदस्य अस्पताल में मौजूद हैं, वहीं उनकी बेटियों को वरअ से बुलाए जाने की खबर है। हेमा मालिनी धर्मेंद्र से मिलने अस्पताल पहुंची हैं। हाल ही में उनकी अपकमिंग फिल्म 'इक्कीस' का ट्रेलर भी रिलीज हुआ था, जिसमें उन्होंने दमदार अभिनय किया है। भारतीय सिनेमा के इतिहास में धर्मेंद्र को सबसे हैंडसम एक्टर माना जाता है। एक बार धर्मेंद्र को देखकर देव आनंद ने कहा था कि ऐसी शक्ल मेरी क्यों नहीं है? उनकी सेहत और चेहरे की चमक देखकर एक बार दिलीप कुमार ने भी कहा था कि वे अगले जन्म में धर्मेंद्र जैसी शख्सियत पाना चाहते हैं। धर्मेंद्र उम्र के इस पड़ाव पर भी खुद को फिट रखे हुए हैं। उनका मानना है कि उम्र महज एक आंकड़ा होता है। वे श्रीदेवी और माधुरी दीक्षित के साथ रोमांटिक फिल्म करना चाहते थे।

धर्मेंद्र इस बात का खुलासा कई बार कर चुके हैं कि फिल्मों में आने की प्रेरणा उन्हें दिलीप कुमार की फिल्में देख कर मिली। धर्मेंद्र जब दसवीं कक्षा में थे तब पहली बार दिलीप कुमार जी की फिल्म 'शहीद' देखी थी। इसके बाद उन्हें दिलीप कुमार की एक्टिंग स्किल्स से प्यार हो गया था। धर्मेंद्र दिलीप कुमार को हमेशा से अपना खुदा, भाई और आदर्श मानते रहे हैं। अक्सर सोशल मीडिया पर दिलीप कुमार के बारे में प्यार भरे संदेश शेयर करते रहते हैं। धर्मेंद्र ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए कहा था- मैं नौकरी करता था और साइकिल पर आता जाता था। जहां भी फिल्मों के पोस्टर्स लगे होते उसमें अपनी झलक देखता था। रातों-रात जागता और अनहोने ख्वाब देखता। सुबह उठकर आईने से ये सवाल किया करता था कि मैं दिलीप कुमार बन सकता हूं क्या? धर्मेंद्र को जब दिलीप कुमार ने लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया, तो वे काफी भावुक हो गए थे।






Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com